आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी 12:25 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 37, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है ब्लैकहोल 16

अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक 15

## एक नजर

### मोदी आज महाराष्ट्र में कई प्रोजेक्ट का करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले का दौरा करेंगे और इस दौरान 22,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन और परम रुद्र सुपरकंप्यूटर्स का लोकार्पण भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री जिला अदालत मेट्रो स्टेशन से पुणे के स्वारगेट तक चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### मालवा एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला, हड़कंप

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में इंदौर के डॉ. आम्बेडकर नगर (महू) से जम्मू-कश्मीर के कटरा के बीच चलने वाली मालवा एक्सप्रेस के पहियों से बुधवार को धुआं निकलता दिखाई दिया जिससे हड़कंप मच गया। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से इस पर काबू पाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के पीआरओ खेमराज मीना ने बताया कि राऊ स्टेशन पर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन के पहियों से धुआं निकलता देखा। एक डिब्बे के पहियों का ब्रेक जाम हो गया था।

### बेटी का यौन शोषण करने पर 20 साल की जेल

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पॉक्सो अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी नौ वर्षीय बेटी का यौन शोषण करने का दोषी ठहराते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस मामले का खुलासा उसके पड़ोसी ने किया था। पॉक्सो के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली अदालत के न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने मंगलवार को अपने आदेश में 35 वर्षीय दोषी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया।

### दिल्ली से अपहृत बच्ची को ट्रेन से किया बरामद

**बक्सर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-मालदा ट्रेन से राष्ट्रीय राजधानी से कुछ दिन पहले अपहृत की गई आठ वर्षीय बच्ची को अपहरणकर्ता के चंगुल से मुक्त कराया। आरपीएफ कर्मियों ने मंगलवार दोपहर करीब दो बजे बच्ची को बरामद किया और इस मामले में बिहार के समस्तीपुर जिले के निवासी रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हुनरमंद उप्र ने किया निहाल

## उप राष्ट्रपति बोले, यूपी के लिए गेम चेंजर साबित हुए योगी आदित्यनाथ

## गली ब्वाय से विदेशों तक की उड़ान ने बदली छोटे उद्यमियों की तकदीर

**इंटरनेशनल ट्रेड-शो**

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा-पहले सरकार मंच देती तो हुनरमंद बदलते देश की तस्वीर

विवेक सक्सेना /धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा में बुधवार को इंटरनेशनल ट्रेड-शो का रंगारंग आगाज हुआ। इंडिया एक्सपो मार्ट में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ट्रेड शो की शुरुआत के साथ हुनरमंद उत्तर प्रदेश की तस्वीर दुनिया के सामने छा गई। अपने बाप-दादे के हुनर को गली-कस्बों, बाजारों और मेलों तक ढो रहे, उनकी नवोदित प्रतिभाओं को देश-विदेश तक खरीदार और प्रशंसकों की कतार देखने को मिली।

मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तरह-तरह के हुनर से सजे छोटे-छोटे उद्यमियों की कलाकृतियों से अभिभूत नजर आए। किसी की चिकन कढ़ाई तो किसी के जरीदोंजी, बांसुरी, खिलौनों, हॉर्न क्राफ्ट से लेकर 80 जीआई टैग हुए हुनर से हर कोई उत्साहित दिखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यहां विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करने के बाद उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा लगा वह दुनिया के सबसे विकसित देश में हैं। यह आयोजन प्रदेश के कारीगरों, शिल्पकारों तथा दुनियाभर के बायर्स को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करता है। इतने विचारशील, दूरदर्शी और व्यावहारिक सोच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कैसे वर्णन किया जाए, देश का सबसे बड़ा राज्य उनके गतिशील शासन में फल-फूल रहा है। योगी इस राज्य के लिए 'गेम चेंजर' साबित हुए हैं और इससे देश को काफी मदद मिल रही है। मैं उनके 24x7 कार्य करने की विशेष शैली से अभिभूत हूं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसे रोजगार का सबसे बड़ा मंच करार दिया।



इंटरनेशनल ट्रेड-शो के उद्घाटन अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राधे-श्रीकृष्ण की मूर्ति देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, उप्र के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

### कृषि के बाद एमएसएमई सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी के साथ ही उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला राज्य भी है। एक सर्वे के अनुसार यूपी के 75 जनपदों में 96 लाख एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद यूपी में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। मुख्यमंत्री बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि सैकड़ों वर्ष से अलग-अलग क्षेत्रों में यूपी के अंदर रोजगार सृजन के लिए हस्तशिल्पियों, कारीगरों ने इन्हें बढ़ाने में योगदान दिया था, लेकिन आजादी के बाद उचित प्रोत्साहन के अभाव व समय पर तकनीक न मिलने से वे बंदी के कगार पर पहुंच चुके थे। 2017 में उप्र में हमारी सरकार आई तो प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया।

## लखनऊ में नवंबर में आयोजित होगा कृषि भारत मेला

- 200 से ज्यादा एक्जीबिटर्स लेंगे हिस्सा, 1 लाख से अधिक किसान भी जुटेंगे

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर नवंबर में कृषि भारत मेले के आयोजन की तैयारी है। 15 से 18 नवंबर के बीच लखनऊ में प्रस्तावित इस मेले के माध्यम से उप्र. के कृषि क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो की तरह ही इस आयोजन में भी पार्टनर कंट्री के रूप में नीदरलैंड्स को शामिल किया गया है।

मेले का आयोजन 20,000 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा। इसमें 200 से ज्यादा प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। एक लाख से अधिक किसान भी इस आयोजन में भाग लेंगे। इस दौरान 10 से अधिक संगोष्ठियां होंगी, जबकि 4000 से अधिक कृषि आधारित बिजनेस से जुड़े लोग इसमें शामिल होंगे। वहीं आठ राज्यों के किसानों को भी इसमें शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। इस आयोजन से कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा एवं किसानों को एक मंच प्रदान किया जाएगा। एग्रीकल्चर टूरिज्म, सस्टेनेबिलिटी जोन, फार्मर वेलनेस जोन और यंग फार्मर्स जोन आदि के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे।

**विधानसभा चुनाव**

# जम्मू-कश्मीर : दूसरे चरण में 56% से अधिक मतदान



कटरा में एक मतदान केंद्र पर लगी मतदाताओं की कतार। ● एजेंसी

श्रीनगर, एजेंसी

- माता वैष्णोदेवी सीट पर सबसे ज्यादा 75 प्रतिशत वोटिंग


जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान बुधवार शाम खत्म हो गया। दूसरे चरण में छह जिलों की कुल 26 सीटों के लिए मतदान कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि 56 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे ज्यादा 75.29 प्रतिशत मतदान माता वैष्णोदेवी सीट पर हुआ। जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने बताया कि दूसरे चरण में 56.05 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि यह प्रतिशत अनुमानित है, क्योंकि हजरतबल और रियासी जैसे कुछ स्थानों पर मतदान अभी जारी है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। बहस होने जैसी कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं, लेकिन कहीं भी पुनर्मतदान की आवश्यकता नहीं है।

### 16 विदेशी राजदूतों ने किया घाटी का दौरा

दूसरे चरण के दौरान विदेशी राजदूतों के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मतदान देखने के लिए घाटी का दौरा किया। आतंकवाद फैलने के बाद से यह शायद पहली बार है कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को जम्मू-कश्मीर में चुनाव के निरीक्षण की अनुमति दी गई। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस कदम की आलोचना की और कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव देश का आंतरिक मामला है। इससे पहले 18 सितंबर को हुए पहले चरण में 61.38 प्रतिशत मतदान हुआ था। सबसे ज्यादा 80.20 % वोटिंग किश्तवाड़ जिले में तो सबसे कम पुलवामा में 46.99 फीसदी दर्ज की गई थी।

# बदलापुर कांड : किसी को गोली मारने को मुठभेड़ नहीं कह सकते : हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी



- बंबई हाईकोर्ट ने कहा-आरोपी की मौत की निष्पक्ष जांच करे पुलिस

बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे को गोली मारने से बचा जा सकता था और उसकी मौत की जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि अगर उसे पता चला कि जांच ठीक से नहीं हो रही है, तो वह उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होगी। अदालत ने कहा कि हम पुलिस की गतिविधियों पर संदेह नहीं कर रहे हैं, लेकिन सभी पहलुओं पर स्पष्टता चाहते हैं। खंडपीठ ने कहा कि इस गोलीबारी को मुठभेड़ नहीं कहा जा सकता क्योंकि उसकी परिभाषा अलग है। खंडपीठ ने सोमवार शाम महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंब्रा बाईपास पर हुई गोलीबारी पर सवाल उठाए और कहा कि अगर पुलिस ने पहले शिंदे को काबू करने की कोशिश की होती तो इसे टाला जा सकता था। पीठ ने पूछा कि आरोपी के हाथ या पैर पर गोली चलाने के बजाय पहले उसके सिर में गोली क्यों मारी गई? अदालत ने कहा कि हालांकि वह इस स्तर पर कोई संदेह नहीं जता रही है, लेकिन यह विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि शिंदे ने एक पुलिस अधिकारी से पिस्तौल छीनकर गोलियां चलाईं।

पीठ ने कहा कि पिस्तौल को खोलना और उससे गोली चलाना बहुत आसान नहीं होता। अदालत ने कहा कि जांच निष्पक्षता से की जानी चाहिए। अगर हमने पाया कि ऐसा नहीं हुआ, तो हम उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होंगे। मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी।

# देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने जजों को दी हिदायत-टिप्पणी करने में सावधानी बरतें
- कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणी मामले में सुनवाई बंद

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अदालतों को ऐसी टिप्पणियां करने के खिलाफ सतर्क रहने को कहा जो स्त्रियों के प्रति द्वेषपूर्ण मानी जाएं या किसी खास लैंगिकता या समुदाय के खिलाफ हों। साथ ही न्यायालय ने कहा कि भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अदालती कार्यवाही के दौरान कर्नाटक हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले की कार्यवाही बंद करते हुए ये कड़ी टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों को सतर्क रहना चाहिए कि न्यायिक प्रक्रियाओं के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाएं। कर्नाटक हाईकोर्ट के महापंजीयक द्वारा सौंपी एक रिपोर्ट के संदर्भ में पीठ ने कहा कि इससे साफ संकेत मिलता है कि सुनवाई के दौरान की गईं टिप्पणियां कार्यवाही से असंबंधित थीं और इनसे बचना ही बेहतर था।

शीर्ष न्यायालय ने एक मामले में अदालत की कार्यवाही के दौरान एक महिला वकील के खिलाफ टिप्पणियों और एक अन्य मामले में बेंगलुरु में मुस्लिम बहुल एक इलाके को पाकिस्तान कहने को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की विवादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर 20 सितंबर को स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय शामिल थे। अदालत कक्ष में पीठ द्वारा आदेश सुनाए जाने के बाद अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी ने टिप्पणियों के बारे में 'एक्स' पर आए कुछ संदेशों का उल्लेख किया। सीजेआई ने कहा कि आपने टिप्पणियों की प्रकृति देखी हैं। हम भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं बुला सकते।

### गलत बात पर परदा डालना समाधान नहीं : सीजेआई

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सोशल मीडिया पर नियंत्रण नहीं रखा जा सकता और इससे जुड़ी गोपनीतया इसे बहुत खतरनाक बनाती है। इस पर प्रधान न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि लेकिन मैं आपको बता दूं कि किसी गलत बात पर परदा डालना कोई समाधान नहीं है बल्कि उसका सामना किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका जवाब कूपमंडूक बने रहना नहीं है। पीठ ने कहा कि सोशल मीडिया की पहुंच में अदालती कार्यवाहियों की व्यापक रिपोर्टिंग शामिल हो गई है तथा देश के ज्यादातर हाईकोर्ट ने अब लाइव स्ट्रीमिंग या वीडियो कांफ्रेंस के लिए नियम अपना लिए हैं। सभी को सतर्क रहना होगा कि अदालत में हो रही सुनवाई की पहुंच महज वहां उपस्थिति लोगों तक सीमित नहीं है बल्कि अन्य दर्शकों तक भी उपलब्ध है।

# वक्फ विधेयक पर आए 1.25 करोड़ फीडबैक, जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा सांसद बोले-आंकड़े चौंकाने वाले आईएसआई-चीन की हो सकती है भूमिका

भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति को मिले करीब 1.25 करोड़ प्रतिवेदनों को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि इनके स्रोत की जांच होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई है कि इतनी अधिक संख्या में आवेदन मिलने के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और चीन की भूमिका हो सकती है।

दुबे ने समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल को लिखे एक पत्र में कहा कि इस जांच के दायरे में कट्टरपंथी संगठनों, जाकिर नाइक जैसे व्यक्तियों और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) व चीन जैसी विदेशी शक्तियों के साथ ही उनके छद्म प्रतिनिधियों की संभावित भूमिका भी शामिल होनी चाहिए। समिति के सदस्य और चार बार के लोकसभा सदस्य दुबे का यह भी कहना है कि इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है कि ये प्रतिवेदन कहां-कहां से आए हैं। उन्होंने दावा किया कि इतने ज्यादा प्रतिवेदनों का अकेले भारत से ही आना सांख्यिकीय रूप से असंभव है। भाजपा नेता ने इतनी बड़ी संख्या में प्रतिवेदन मिलने को अप्रत्याशित बताते हुए कहा कि इन प्रतिवेदनों के स्रोतों की जांच करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति का संकेत देता है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दुबे ने कहा कि मेरे विचार से यह महत्वपूर्ण है कि समिति इन चिंताओं पर ध्यान दे।

# जमीन घोटाला : सिद्धारमैया के खिलाफ होगी लोकायुक्त जांच

बेंगलुरु, एजेंसी

- विशेष अदालत ने मांगी लोकायुक्त पुलिस से तीन महीने में रिपोर्ट

कर्नाटक की एक विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस से जांच कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का रास्ता साफ हो गया।

विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट के इस आदेश से एक दिन पहले कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच कराने की राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी को बरकरार रखा था। इस मामले में एमयूडीए पर सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को 14 भूखंड आवंटित करने में अनियमितताएं बरतने का आरोप है। विशेष अदालत ने लोकायुक्त पुलिस को जांच शुरू करने और 24 दिसंबर तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### मैं जांच का सामना करने को तैयार: सिद्धारमैया

विशेष अदालत के आदेश पर सिद्धारमैया ने कहा कि वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। कहा कि मैंने पहले ही कहा है कि मैं जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं। मैं जांच से नहीं डरता।

## टीएमसी सांसद नुरुल इस्लाम का निधन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद हाजी एसके नुरुल इस्लाम का बुधवार को निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे।

टीएमसी सूत्रों के मुताबिक नुरुल इस्लाम ने राज्य के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नुरुल इस्लाम को सुदूर सुंदरबन क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए उनके कार्यों के लिए याद किया जाएगा। नुरुल इस्लाम पहली बार 2009 में बशीरहाट लोकसभा सीट से चुने गए थे।

# राहुल गांधी की नागरिकता संबंधी शिकायत पर क्या कार्रवाई की

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता के विवाद पर केंद्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी को की गई शिकायत पर कार्रवाई का ब्यौरा मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया है।

जुलाई माह में इसी याची की याचिका को न्यायालय ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि वह चाहे तो सिटिजनशिप एक्ट के तहत सक्षम प्राधिकारी को शिकायत कर सकता है। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। वह लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते।

इसी आधार पर याची ने राहुल गांधी की सांसद पद पर बने रहने के खिलाफ अधिकार पृच्छा रिट जारी करने का आदेश देने की भी मांग की है। याचिका में राहुल गांधी के दोहरी नागरिकता धारण करने को अपराध बताते हुए सीबीआई को केस दर्ज कर जांच करने का आदेश देने की भी मांग की गई है। न्यायालय ने कहा कि केंद्र सरकार के अधिवक्ता निर्देश प्राप्त कर कोर्ट को बताएं कि क्या याची की शिकायतें सक्षम प्राधिकारी को प्राप्त हो गई हैं यदि हां, तो शिकायतों पर क्या कार्रवाई की जा रही है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

# कंगना की टिप्पणी पर मोदी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल ने कहा स्पष्ट करें क्या वापस लाना चाहते हैं तीनों कृषि कानून

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत की एक टिप्पणी को लेकर बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह निरस्त किए जा चुके तीनों 'काले' कृषि कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं या नहीं।

गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री ने उन कानूनों को फिर से लाने जैसा कोई कदम उठाया तो इंडिया गठबंधन उसका पुरजोर विरोध करेगा और उन्हें एक बार फिर माफी मांगनी पड़ेगी। कंगना रनौत ने मंगलवार को 2021 में निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को वापस लाने की मांग की थी। गांधी ने एक वीडियो में कहा कि भाजपा के लोग विचारों को लेकर जांच-परख करते रहते हैं। वे किसी से कहते हैं कि सार्वजनिक रूप से विचार रखिए और फिर देखते हैं कि प्रतिक्रिया क्या होती है। यही हुआ है। इनके एक सांसद ने काले कृषि कानूनों को फिर से लाने की बात की है। उन्होंने कहा कि मोदी जी स्पष्ट कीजिए कि क्या आप उन कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं। आप फिर से बदमाशी तो नहीं करेंगे? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने शहीद किसानों के लिए संसद में दो मिनट का मौन भी नहीं रखने दिया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर कहा कि सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? एक भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री मोदी?

### कंगना ने अपनी टिप्पणी वापस ली

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को दोबारा लागू किए जाने से संबंधित अपनी टिप्पणी पर खेद व्यक्त करते हुए बुधवार को उसे वापस ले लिया है। कंगना ने मंगलवार को मीडिया के साथ बातचीत में 2021 में निरस्त किए गए तीनों कृषि कानूनों को फिर से लागू किए जाने की बात कही थी। कहा था कि तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए। किसानों को खुद मांग करनी चाहिए।

## कई जिलों में बारिश होने की संभावना


**लखनऊ।** मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में गुरुवार से झमाझम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से कई राज्यों समेत उप्र. में भारी बारिश हो सकती है। नए विकसित वेदर सिस्टम के चलते गरज चमक के साथ जोरदार बारिश लखनऊ से नोएडा तक देखने को मिलेगी। ऐसे में अलर्ट जारी करते हुए मौसम विभाग ने पूर्वी उप्र. के बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, वाराणसी सहित अन्य जिलों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। अगले तीन-चार दिन यह बारिश जारी रह सकती है। शुरुआती दो दिन आंधी के साथ बारिश का अनुमान है। इतना ही नहीं, पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है।

# तीन आईआईएम दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में

## एमबीए पाठ्यक्रम के लिए क्यूएस की वैश्चिक रैंकिंग में मिली जगह

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद को बुधवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग में अपने एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान मिला है। तीन आईआईएम हैं- आईआईएम बैंगलोर, आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता। तीनों प्रबंधन संस्थानों को रोजगार मुहैया कराने के लिए शीर्ष 50 में स्थान मिला है। चौदह भारतीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रमों ने 2025 के लिए क्यूएस की वैश्विक सूची में स्थान हासिल किया है, जिसमें तीन नए संस्थान शामिल हैं।



अमेरिका का स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ बिजनेस लगातार पांचवें वर्ष भी प्रबंधन स्थानों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 के तहत 58 देशों और क्षेत्रों के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए पाठ्यक्रम और मास्टर डिग्री का विश्लेषण किया गया है। इनमें प्रबंधन, वित्त, विपणन, बिजनेस एनालिटिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में मास्टर्स डिग्री शामिल हैं। क्यूएस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि ये रैंकिंग वैश्विक व्यावसायिक शिक्षा परिदृश्य में करियर-उन्मुख छात्रों के लिए स्वतंत्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। टर्नर ने कहा कि भारतीय संस्थान आज के जटिल और गतिशील व्यावसायिक वातावरण में काम करने के लिए तैयार प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष रूप से रोजगार और पूर्व छात्रों के प्रभाव के नजरिये से आईआईएम बैंगलोर, अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता का मजबूत प्रदर्शन शीर्ष-स्तरीय वैश्विक प्रतिभा को आकार देने की भारत की क्षमता को दर्शाता है।

### 58 देशों के इंस्टीट्यूट शामिल

क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 में 58 देशों के संस्थानों को शामिल किया गया है। क्यूएस रैंकिंग दुनिया के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए और मैनेजमेंट, फाइनेंस, मार्केटिंग, बिजनेस एनालिटिक्स और सप्लाई चैन मैनेजमेंट में मास्टर्स सहित टॉप बिजनेस स्कूल की रैंकिंग तय करती है।

○ पंचायती राज राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने प्रेसवार्ता में लगाया आरोप ○ बोले- सीसामऊ अजेय नहीं, सपा कन्नौज-रामपुर हारी

# जिनका गुंडों से नाता, उनको एनकाउंटर नहीं भाता

आरोप-प्रत्यारोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्रीय मत्स्य एवं पंचायती राज राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव संविधान की प्रति लेकर बीजेपी का दुष्प्रचार करते रहे। मतदाताओं को भ्रमित करते रहे कि भाजपा आई तो संविधान खत्म हो जायेगा। जबकि जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को लागू करने की राजनीतिक इच्छा शक्ति नहीं दिखाई।

उन्होंने कहा कि जिनका अपराधियों से नाता होता है, वह हर एनकाउंटर को शक की निगाह से देखते हैं। ऐसे लोग पुलिस का मनोबल कम करते हैं और अपराधियों का मनोबल बढ़ाते हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर बुधवार को कानपुर आए बघेल नवीन मार्केट भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। बघेल ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा अजेय नहीं है। सपा वाले कन्नौज हारे हैं, आजमगढ़ हारे हैं, रामपुर हारे हैं और आगे भी हारेंगे। बघेल ने कहा कि सीसामऊ के जिन बूथों पर बीजेपी का खाता नहीं खुलता है उसी बूथ पर हम निशुल्क गेहूं, चावल दे रहे हैं। सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ भी मिल रहा होगा। उन्होंने कहा कि सीसामऊ उपचुनाव का जो टारगेट हमने तय किया है वह पूरा होगा। इस दौरान उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, सांसद रमेश अवस्थी, दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग रहे।


प्रेसवार्ता में पंचायती राज राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, सांसद रमेश अवस्थी।


नेहरू नगर में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कराई सदस्यता।

### मुस्लिम मतदाता भी भाजपा सरकार के दिए चावलों की ही बिरयानी खा रहे

- सीसामऊ के कई बूथों पर भाजपा को जीरो वोट मिलने के सवाल पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हमारी सरकार के द्वारा दिये गये चावल से बनी बिरयानी खाकर मतदाता वोट देने गये होंगे। इसी वजह से बीजेपी के खाते में शून्य आया। उन्होंने कहा कि यदि हम खानदानी हैं तो हमारा मुंह जिसका अन्न खाए, उसके आगे आंखों को झुकना चाहिये। हम मुस्लिम मतदाताओं की आत्मा को भी झकझोरने का काम करेंगे। उनसे कहेंगे कि जो आप बिरयानी खा रहे हैं वह मोदी जी के द्वारा दिये गये चावल से बनी है।

### प्रकाश पाल ने 121 लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

- पत्रकार वार्ता से पूर्व एसपी सिंह बघेल ने फूलबाग स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। केंद्रीय मंत्री ने सीसामऊ विधानसभा के चुन्नीगंज मंडल के बूथ संख्या 12,13 में संपर्क करते हुए सदस्य बनाये। बूथ नंबर 135 नेहरू नगर में सदस्यता बूथ प्रवासी के रूप में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि कर 121 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई जयंती

कानपुर। सीएसजेएमयू के सेनानायक तात्या टोपे सीनेट हाल में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामाशीष (राष्ट्रीय संगठन मंत्री, गंगा समग्र) ने कहा कि दीनदयाल जी का जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित रहा। वे शिक्षा को निशुल्क और सभी के लिए सुलभ बनाना चाहते थे। संचालन डॉ. दिवाकर अवस्थी व धन्यवाद वरिष्ठ आचार्य डॉ श्रवण कुमार द्विवेदी ने किया। समारोह में आचार्य स्वयंप्रकाश अवस्थी, आचार्य संगम बाजपेयी, डॉ ओमशंकर गुप्ता एवं विभिन्न संकाय सदस्यों के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दक्षिण जिले के 1158 बूथों पर मनी जयंती

**कानपुर।** बुधवार को भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में दक्षिण जिले के सभी 1158 बूथों पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर घर-घर जाकर वृहद सदस्यता अभियान चलाया। शिवराम सिंह ने श्याम नगर मंडल के बूथ संख्या 216 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। दक्षिण कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में शिवराम सिंह ने पंडित दीनदयाल के जीवन परिचय, राजनीतिक सक्रियता, राजनैतिक विचारधारा, एकात्म मानववाद, व अन्त्योदय के विषय में कार्यकर्ताओं को बताया। कार्यक्रम में राम बहादुर यादव, प्रबोध मिश्रा, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी, प्रकाश वीर आर्य, राजन चौहान, शिव पूजन, अर्जुन बेरिया, वंदना गुप्ता, संजय कटियार, आदि मौजूद रहे।


झाड़ू लगातीं महापौर प्रमिला पांडेय व नगर आयुक्त सुधीर कुमार। अमृत विचार

## नगर निगम का 251 घंटे का सफाई अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत नगर निगम ने बुधवार शाम 251 घंटे अनवरत चलने वाले सफाई अभियान की शुरुआत की। महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने अपनी टीम के साथ संगीत टाकीज के सामने झाड़ू लगाई।

महापौर ने सफाई योद्धाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफाई अभियान उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप 5 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखते हुए शहर को भी स्वच्छ रखना है।

महापौर एवं नगर आयुक्त ने संगीत सिनेमा के सामने मुख्य मार्ग पर झाड़ू लगाकर अखंड महाअभियान का शुभारंभ किया। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने कहा कि अभियान सभी जोन में पहुंचेगा। जोन के मुख्य मार्गों ऐतिहासिक स्थल, मार्केट एरिया, घाटों एवं उसके आस-पास के क्षेत्र में सफाई होगी। 251 घन्टे की अवधि पूरी कर 05 अक्टूबर को सफाई अभियान मोतीझील नगर निगम में समाप्त होगा। नगर आयुक्त ने कहा कि अभियान की दैनिक रिपोर्ट लेकर औचक निरीक्षण भी किया जायेगा।

## अधिवक्ता पर अभ्रदता मार-पीट का आरोप

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां में एक अधिवक्ता ने महिला अधिवक्ता पर अपने साथियों के साथ घर में घुसकर अभ्रदता कर हाथापाई करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अहिरवां निवासी अधिवक्ता विजय सिंह के अनुसार 15 सितंबर की रात को आरोपी महिला अधिवक्ता का पति उनके पास किसी मामले में राय लेने के लिए आया था। जिसके बाद वह चला गया था। आरोप है कि देर रात आरोपी महिला अधिवक्ता अपने आधा दर्जन साथियों के साथ उनके घर आ धमकी और गाली गलौज करने लगी। जिस पर उनकी मां और पत्नी ने विरोध किया तो वे लोग हाथा पाई करने लगे। साथ ही पीड़ित के समझाने पर भी उन्हें लाठी डंडों से पीटा। किसी तरह से उन्होंने अपनी जान बचाई। जिसके बाद आरोपी धमकाते हुए चली गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## बेटे को हाफिज के साथ जज भी बनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ मदरसा फरीदुल उलूम नमक वाली मस्जिद ट्रांसपोर्ट नगर में तीन छात्र बने हाफिज

▸▸ बच्चों को डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर के साथ हाफिज-ए-कुरआन भी बनाएं

**अमृत विचार।** अपने बच्चों को डॉक्टर,जज, प्रोफेसर, इंजीनियर के साथ साथ कुरान का हाफिज भी बनाएं और दीनी तालीम से आरास्ता कराएं। जब आपका बच्चा जज के साथ साथ आलिम ए दीन होगा तो हिन्दुस्तान में हर जगह इन्साफ का बोल बाला होगा। यही तरीका हमारे बुजुर्गों का भी रहा है। शहरकाजी मुफ्ती यूनुस रजा ओवैसी ने ये बात जलसे में कही।

बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मदरसा फरीदुल उलूम नमक वाली मस्जिद के तीन छात्र हाफिज मोहम्मद साकिब ,हाफिज मोहम्मद अयान ,हाफिज मोहम्मद आमिर ने पूरा कुरआन याद कर हाफिज बन गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरकाजी ने की। मुफ्ती कासिम अमजदी ने कुरान की अजमत बयान करने के साथ ही नमाज की पाबंदी करने को कहा। मदरसा प्रमुख हाफिज व कारी हफीजउल्लाह अजहरी ने कहा कि बच्चों को दीनी तालीम जरूर दिलायें। नमक वाली मस्जिद के इमाम मौलाना शारिक रजा नूरी ने भी विचार रखे। हाफिज सगीर, मौलाना आसिफ इकबाल, मुफ्ती इरफान मिस्बाही मुफ्ती अनवारूल हक, मौलाना तनवीर बिलाल मौलाना, फारुक कारी मोहम्मद शोएब अजहरी, हाफिज जियाउल, हक हाफिज, इदरिस सूफी लाल, मोहम्मद कादरी, हाफिज जाहिर आदि मौजूद रहे।


ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मदरसे में हाफिज बने बच्चों का सम्मान करते उलेमा। अमृत विचार

## जेल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जिला जज, सब ठीक मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिला कारागार में आकस्मिक निरीक्षण करने जिला जज के साथ आलाधिकारी पहुंचे तो वहां पर हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने बंदियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली और बंदियों से पूछताछ की। अधिकारी कारागार की व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे।

बुधवार सुबह 9.30 बजे जिला जज प्रदीप कुमार सिंह, जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार सिंह, डीसीपी अपराध आशीष श्रीवास्तव, एडीजे शुभी गुप्ता, सीएमएम सूरज मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीषा गुप्ता, अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर डॉ राजेश कुमार तथा अन्य अधिकारियों ने जिला कारागार का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने कारागार चिकित्सालय, पाकशाला, वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम, लीगल एड क्लीनिक, बंदियों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए चलाए जा रहे रोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि को देखा। अधिकारियों ने बैरकों का निरीक्षण किया। बंदियों से बातचीत की। कारागार चिकित्सालय, पाकशाला का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय, कारागार चिकित्साधिकारी डॉ प्रभाकर त्रिपाठी, जेलर अनिल कुमार पांडेय, मनीष कुमार, डिप्टी जेलर अरुण कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, रंजीत यादव, कमल चन्द्र, मौसमी राय व प्रेम नारायण उपस्थित रहे।


जिला कारागार का निरीक्षण करते जिला जज प्रदीप कुमार सिंह।

● व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे अधिकारी

## गंगा में कूदे क्लर्क का शव जाजमऊ में मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पत्नी ने साथी कर्मियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया

● गोल्फ कोर्स में करता था संविदा पर नौकरी, जांच शुरू

**अमृत विचार।** छावनी थानाक्षेत्र में शुक्लागंज पुल से युवक ने गंगा में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। बुधवार को उसका शव जाजमऊ सिद्धनाथ घाट किनारे मिला। उसकी पत्नी ने आरोप लगाया कि पति गोल्फ कोर्स में संविदा पर नौकरी करते थे। साथी कर्मियों द्वारा उत्पीड़न करने पर पति ने आत्महत्या की है। इस मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है।


अंकुर यादव।

छावनी के फेथफुलगंज निवासी 35 वर्षीय अंकुर यादव गोल्फकोर्स में संविदा पर नौकरी करता था। परिवार में पत्नी कोमल यादव और दो बेटी हैं।

पत्नी ने बताया कि उनके साथ काम करने वाले दंपति समेत तीन कर्मचारी अक्सर छुट्टी के बाद भी उनसे काम कराते थे। कहते थे कि या तो काम करो नहीं तो गंगा में कूद जाओ। पति आरोपियों की प्रताड़ना से परेशान रहते थे। कोमल ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें 23 सितंबर को भी काम के लिए बुलाया। अंकुर घर से स्कूटी लेकर निकले। लेकिन करीब साढ़े ग्यारह बजे छावनी पुलिस का फोन आया कि उनके पति की स्कूटी शुक्लागंज के पुल पर खड़ी है और अंकुर गंगा में कूद गया है। सिद्धनाथ घाट पर उनका शव गंगा में उतराता मिला। छावनी एसीपी श्वेता कुमारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दोस्त के मोबाइल से धोखे से एप लोड कर लिया 13 लाख लोन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● मॉलकर्मी के साथ हुई घटना, तीन पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र में रहने वाले एक मॉल कर्मी के मोबाइल से एप डाउनलोड करके दोस्त ने 13 लाख का लोन ले लिया। इसके बाद उसके चार क्रेडिट कार्ड से भी पैसा अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। पीड़िता ने आरोपी समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रामबाग निवासिनी रूही ने दर्ज एफआईआर में बताया कि पति पंकज कुछ वर्ष पहले जेड स्क्वायर मॉल में काम करते थे। पीडी नगर उन्नाव निवासी अंकुश मौर्या भी काम करता था। पंकज से जान पहचान हो गई और उनके घर आना-जाना शुरू हो गया। बताया कि इसके बाद पति गोविन्द नगर में विशाल मेगा मार्ट में काम करने लगे। पीड़िता के अनुसार उनकी गर्भावस्था के दौरान तबियत खराब होने के कारण अंकुश मौर्या 25 फरवरी 2023 से बराबर घर में आकर घरेलू काम करने लगा। इस दौरान वह उनका और पति का मोबाइल उपयोग करने लगा और गेम खेलना शुरू कर दिया। अंकुश ने उन्हें क्रेडिट कार्ड बनाकर देने के लिए कहा और सेल्फी फोटो ले ली। पीड़िता के अनुसार 9 मई 2023 को लोन की ईएमआई रिकवरी कॉल आने के बाद जानकारी हुई। पता चला कि आरोपी अंकुश ने पति के मोबाइल में एप के माध्यम से लगभग 13 लाख रुपये का लोन ले लिया। साथ ही पति के 4 क्रेडिट कार्ड का पैसा भी अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। जब उन दोनों ने आरोपी अंकुश मौर्या ने इसका विरोध किया तो उसकी पत्नी आकांक्षा,मां मंजू मौर्या ने गालीगलौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में बजरिया अजय कुमार सिंह ने बताया कि अंकुश मौर्या, आकांक्षा, मंजू मौर्या के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज, आईटीएक्ट में एफआईआर दर्ज की है।

विकास की बात | दो किमी . की सड़क होगी चौड़ी, फैला अंधेरा होगा दूर, विधायक सुरेंद्र मैथानी ने अफसरों के साथ किया निरीक्षण

## पांडु नगर पुलिया पर बनेगा मॉडल चौराहा, सड़क होगी चौड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव नीर क्षीर चौराहे से शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क जाने वाली सड़क चौड़ी होगी। वहीं, पांडु नगर पुलिया चौराहा मॉडल चौराहे के रूप में विकसित किया जायेगा।

मेट्रो कार्य से हुये डॉयवर्जन की वजह से सड़क पर ट्रैफिक लोड बढ़ गया है। इससे जाम लग रहा है। जिसको देखते हुये बुधवार को क्षेत्रीय भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार व चीफ इंजीनियर नगर निगम के साथ मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान मैथानी ने डबल पुलिया से लेकर लोहारन भट्टा तक अंधेरे की वजह से होने वाले एक्सीडेंट का मुद्दा भी नगर आयुक्त के सामने रखा। इसपर नगर आयुक्त ने पूरे मार्ग पर लाइट लगवाने के निर्देश दिये हैं।

गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी पंडित श्याम बिहारी मिश्रा मार्ग (डबल पुलिया से लोहारन भट्टा तक निर्मित सड़क) का निरीक्षण किया। पांडु नगर पुलिया चौराहा को एक मॉडल चौराहा बनाने के लिए कार्य योजना तैयारी को अंतिम स्वरूप दिया। विधायक ने नीरछीर चौराहा काकादेव से लेकर पांडु नगर पुलिया और शास्त्री नगर सेंटर पार्क तक पूरी सड़क का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण करने को कहा। चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट, स्पीड ब्रेकर, 10-10 मीटर दोनों तरफ बाउंड्री को तोड़कर रेलिंग लगाकर चौराहे को मॉडल चौराहा बनाया जाये। चौराहे के बीच में एक स्तंभ भी बनाया जाये। विधायक ने केस्को के ट्रांसफार्मर को 10 मीटर शिफ्ट करने को कहा जिसपर नगर आयुक्त ने भुगतान करने में असमर्थता जताई। इस पर विधायक ने कहा कि मैं अपनी निधि से 7 लाख रुपये केस्को को भुगतान करवा दूंगा। इस दौरान कार्यदायी संस्था यूपीएसआईसी के टेक्निकल कर्मचारी और अधिकारियों ने चौराहे के संभावित स्वरूप की डिजाइन भी दिखाई। विधायक ने नगर आयुक्त से कहा कि मैं अपनी विधायक निधि से इस चौराहे का सुंदरीकरण और चौड़ीकरण करा रहा हूं। विधायक मैथानी ने कहा कि श्याम बिहारी मिश्र मार्ग की बस्ती का सीवेज को अलग जोड़ा जाये जिससे पानी सड़क पर न भरे और सड़क खराब न हो सके। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने चौराहे पर एक हाई मास्क भी लगवाने के निर्देश दिए। इस दौरान दीपक सिंह, आनंद दुबे, गुड्डन, राघवेंद्र दुबे, रवि, अमित वर्मा, विपिन दुबे आदि मौजूद रहे।


विधायक सुरेंद्र मैथानी ने नगर आयुक्त व चीफ इंजीनियर के साथ क्षेत्र का किया निरीक्षण। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD ASHRAF JAHANGIR TAMINI था। अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD ASHRAF JAHANGIR TAMINI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHAMMAD SALEEM TAMINI R/O-431/253/6, NEWATI TOLA MOMIN NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा पुत्र अमरजीत अपने परिवार के सदस्यों से लडाई–झगडा व अभ्रद व्यवहार करता है तथा धमकियां देता है जिससे क्षुब्ध होकर पुत्र अमरजीत तथा उसक पत्नी व बच्चों से सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार न होगा। अपने कृत्यों के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगें। **राजेन्द्र प्रसाद पुत्र बेचा लाल, नि0– अलीनगर सुनहरा, पोस्ट मानस नगर, थाना – कृष्णा नगर, लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **राघवेन्द्र सिंह सुत रविशंकर सिंह, निवासी– ग्राम व पोस्ट भीमी, जनपद– अमेठी,** यहकि मेरी पुत्री आरोही सिंह, स्टेला मेरिस कान्वेंट सेकेन्डरी स्कूल नरायनपुर सुलतानपुर में कक्षा 9 की छात्रा है। विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश RAGHVENDER SINGH लिखा है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य कागजात में मेरा नाम Raghvendra singh जो सही एवं वास्तविक है। यह कि मेरी पुत्री आरोही सिंह के आधार कार्ड में उसका नाम AAROHI SINGH अंकित है, लेकिन विद्यालय अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम आरोही सिंह AROHI SINGH हो गया है जबकि वास्तविक नाम आरोही सिंह AAROHI SINGH यह कि RAGHVENDER SINGH और RAGHVENDRA SINGH दोनों एक ही व्यक्ति के नाम अर्थात मेरे है। यह कि AAROHI SINGH और AROHI SINGH दोनों एक ही व्यक्ति यानी पुत्री आरोही सिंह का ही नाम है। यह कि मेरा नाम RAGHVENDRA SINGH व मेरी पुत्री का नाम A AROHI SINGH जो कि सही है विद्यालय अभिलेखों में दर्ज किया जाय।

**सूचना**
मेरे बड़े पुत्र अभिषेक की आदत व चाल – चलन खराब है। बीते तीन वर्षो से वह मेरे कहने –सुनने में नहीं है और लड़ाई करता है। अभिषेक के खराब व्यवहार और क्रिया–कलाप से तंग आकर मैंने उसे अपनी समस्त चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कार्य के प्रति मेरी जिम्मेदारी नहीं है। **शेषराम वर्मा पुत्र जैसराम वर्मा, निवासी– ग्राम व पोस्ट सुरहुरपुर, थाना– दोस्तपुर, जिला– सुलतानपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अंकुर शुक्ला पुत्र रमाकान्त शुक्ला, निवासी– म0नं0 153 ग्राम मऊपुर, डाकखाना, बेहटा, रामपुर, ब्लाक व थाना हरपालपुर, तहसील–सवायजपुर जिला हरदोई,** मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम अंग्रेजी LALITA DEVI हो गया है। जो कि गलत है जबकि उनके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरी माताजी का वास्तविक नाम अंग्रेजों में LALITA DEVI ही है जो सही व शुद्ध है। मेरी माता जी ललिता देवी LALITA DEVI पत्नी रमाकान्त शुक्ला के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का सही नाम अंकित किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने बड़े लड़के अशरफ को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करता हूं। इनके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **असलम पुत्र मुन्ने मोहल्ला अली जान पुरवा कोतवाली नगर बलरामपुर जिला बलरामपुर**

**आज का मौसम**

तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं

33.4° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:59 | सूर्यास्त 06:02

# हैदराबाद के लिए 186 सीटर विमान कल से

## सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, रविवार को उड़ेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सुबह 11 बजे कानपुर एयरपोर्ट के रनवे पर लैंड करेगा, 11.30 बजे टेकआफ होगा



**अमृत विचार।** शहरवासियों के लिए खुशखबरी है। हैदराबाद की कोई फ्लाइट नहीं होने के कारण लोग 30-30 घंटे ट्रेन में बैठकर हैदराबाद जाते थे लेकिन अब 27 सितंबर से हैदराबाद के लिए इंडिगो एयरलाइंस की 186 सीटर फ्लाइट कानपुर से उड़ान भरने लगेगी।

कानपुर से हैदराबाद के लिए सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को फ्लाइट उड़ान भरेगी। ये फ्लाइट सुबह 8.40 बजे हैदराबाद से चलेगी और सुबह 11 बजे कानपुर के रनवे पर लैंड करेगी। ये फ्लाइट कानपुर में 30 मिनट रुकेगी और फिर यहां से सुबह 11.30 बजे उड़ान भरकर दोपहर 1.40 बजे हैदराबाद पहुंचेगी। हैदराबाद के लिए पहले दिन 27 सितंबर को उड़ान भरने वाली फ्लाइट का किराया बुधवार को 5900 रुपये रहा। इस संबंध में इंडिगो एयरलाइंस के मैनेजर सैयद ने बताया कि बुधवार तक कानपुर से हैदराबाद जाने वाले 83 यात्रियों ने अपना टिकट बुक कराया है। कानपुर से अभी तक दिल्ली, मुंबई और सप्ताह में तीन दिन बेंगलुरु की फ्लाइट उड़ान भरती है।

### छात्रों के लिए वरदान समान

- शहर के सैकड़ों छात्र हैदराबाद में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जबकि हैदराबाद कारोबारी लिहाज से भी शहर के लिए काफी महत्वपूर्ण है। आईआईटी के छात्र भी हैदराबाद से काफी जुड़े हुए हैं। अभी हैदराबाद जाने के लिए लोगों को चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट लखनऊ जाना पड़ता था लेकिन अब कानपुर से ही फ्लाइट मिलने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

### पांच घंटे का समय बचेगा

- अमौसी से फ्लाइट पकड़ने के लिए कानपुर के लोगों को पांच घंटे पहले निकलना पड़ता था क्योंकि लखनऊ हाईवे ज्यादातर जाम रहता है। जाम में फंस गए तो फ्लाइट छूटने का खतरा बना रहता है। ऐसे में लोग पांच घंटे पहले घरों से निकलते हैं।

## एक नजर

### 30 सितंबर तक भरें हज का फार्म

**कानपुर।** 2025 में हज पर जाने वालों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति ने 23 सितंबर अंतिम तिथि निर्धारित की थी जिसे बढ़ा दिया गया है। अब हज का फार्म भरने की आखिरी तारीख 30 सितंबर है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि जिनके पासपोर्ट की वैधता 15 जनवरी 2026 तक है, वे 30 सितंबर तक हज कमेटी की वेबसाइट पर फार्म भर सकते हैं।

### आरटीओ का सर्वर ठप

**कानपुर।** आरटीओ आफिस का सर्वर कई घंटे ठप रहा जिससे कार्य प्रभावित हुआ। सर्वर डाउन होने से पंजीयन, फीस जमा करने से लेकर सारे काम रुके रहे। दो घंटे बाद सर्वर आया।

## लिमिट बढ़ाने के नाम पर उड़ाए 65 हजार रुपये

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने युवक को फोन कर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया। इसके बाद क्रेडिट और डेबिट कार्ड से 65 हजार रुपये उड़ा दिये। जानकारी होने पर पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है।

चकेरी के रामगली निवासी सौरभ महाजन के अनुसार 16 सितंबर की सुबह उनके पास एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक कर्मी बताकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया। सौरभ आरोपी की बातों में आ गये। फिर आरोपी ने उनके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। लिंक को क्लिक करते ही उनका मोबइल हैंग हो गया। कुछ देर बात मोबाइल चालू करने पर उन्हें जानकारी हुई कि उनके क्रेडिट और डेबिट कार्ड से कई बार में कुल 65 हजार रुपये उड़ गये। जिसके बाद उन्होंने साइबर सेल और चकेरी पुलिस से शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज आरोपी की तलाश की जा रही है।

# यूपी के धर्मस्थलों को जोड़ेगा रोडवेज

**सुविधा**

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- परिवहन विभाग 100 से अधिक नई बसों को कानपुर से चलाएगा
- गंगा एक्सप्रेस-वे, आगरा एक्सप्रेस-वे समेत तैयार हो रहे कई हाईवे से मिलेगी राहत



**अमृत विचार।** योगी सरकार ने महाकुंभ के पूर्व सभी धर्मस्थलों अयोध्या, वृंदावन, वाराणसी, चित्रकूट, प्रयागराज, बिठूर को एक धागे में पिरोने का काम शुरु कर दिया है। इस कार्य में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ ही उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम भी भूमिका निभाएगा।

प्रयागराज में 2025 में महाकुंभ होना है। सरकार की कोशिश है कि सभी धर्मस्थलों तक सड़कों का ऐसा जाल बिछाया जाये कि यदि कोई महाकुंभ से अयोध्या जाना चाहे तो एक्सप्रेस -वे से कुछ ही घंटों में पहुंच जाए।

यदि कोई लव-कुश की नगरी कानपुर की बिठूर पर आना चाहे तो एक्सप्रेस वे से होते हुए कुछ घंटों में ही सफर तय कर ले। इसके लिए परिवहन विभाग सौ से अधिक नई बसों को कानपुर से चलाएगा। ये बसें यूपी के सभी धर्मस्थलों तक तीर्थ यात्रियों को पहुंचायेंगी।

### अयोध्या से प्रयागराज रूट सबसे व्यस्त

- अयोध्या से प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज की दूरी मात्र 170 किमी है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में दर्शन करने के उपरांत लाखों भक्त प्रयागराज महाकुंभ में जाने का प्लान बनाते हैं। ऐसे में प्रतापगढ़ होते हुए हाईवे तैयार हो रहा है जिससे होते हुए कुछ घंटों में ही अयोध्या से प्रयागराज की दूरी तय की जा सकेगी। इसी प्रकार आगरा एक्सप्रेस-वे और यमुना एक्सप्रेस-वे होते हुए वृंदावन मथुरा पहुंचने में भी ज्यादा समय नहीं लगेगा।

### एसी लग्जरी बसों को अनुबंधित करने का ऑफर

- निगम ने प्राइवेट बस मालिकों से कहा है कि वे अपनी लग्जरी बसों को रोडवेज में अटैच करा सकते हैं। अधिकारी मानते हैं कि प्राइवेट लग्जरी एसी, नान एसी स्लीपर बसों के लगने से यात्रियों का झुकाव परिवहन बसों की ओर अधिक होगा। लखनऊ परिक्षेत्र ने कई लग्जरी बसों को अनुबंधित कर रखा है। अनुबंधित बसों में चालक वाहन मालिक का होता है जबकि कंडक्टर परिवहन का होता है और बस मालिक को प्रति किमी के हिसाब से पेमेंट मिलता है।

"महाकुंभ के लिए सौ बसों की दरकार है। कानपुर से सभी धर्मस्थलों के लिए बसों का संचालन कराया जायेगा। प्रयास है कि अनुबंधित प्राइवेट बसों को भी अटैच किया जाए ताकि स्लीपर और एसी बसों का भी संचालन किया जा सके।"

**अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, कानपुर परिक्षेत्र**

# ई बसों का यातायात निरीक्षक बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्टेशन इंचार्ज समेत कई कर्मियों का फजलगंज सिटी बस डिपो तबादला
- ई बसों में बेटिकट ढोने वाले परिचालकों को संरक्षण देने वालों पर नजर



**अमृत विचार।** कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सविर्सेज लिमिटेड के जरिये संचालित हो रहीं ई बसों के मुख्य संचालन अधिकारी डीवी सिंह के बाद अब यातायात निरीक्षक (टीआई) वीके विश्वकर्मा समेत संचालन से जुड़े कई कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है। ई बसों में घोटाले पर कई अधिकारी व संचालन से जुड़े कर्मियों की जांच शुरु हो गयी है। उन पर भी बर्खास्तगी की तलवार लटक गई है।

बुधवार को कानपुर स्टेशन इंचार्ज राजीव कुमार और प्रबंधक केके तिवारी का तबादला फजलगंज सिटी बस डिपो कर दिया गया है। कई अन्य अधिकारी व कर्मियों का तबादला किया गया है जिसमें फजलगंज डिपो में सीएनजी बसों की जिम्मेदारी देख रहे अभिनव निगम को ई बसों का इंचार्ज बनाया गया है। कई अन्य यातायात निरीक्षक व परिचालकों की भी जांच शुरु हो गयी है जिन्हें चेकिंग दस्ते ने बेटिकट सवारी ढोते पकड़ा लेकिन उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया था। मंगलवार को बर्खास्त किये गये मुख्य संचालन अधिकारी डीवी सिंह ने कई माह पूर्व 13 परिचालकों को बेटिकट सवारी ढोने में बर्खास्त कर दिया था।

"ई बसों के यातायात निरीक्षक को बर्खास्त कर दिया गया है। प्रबंधक, स्टेशन इंचार्ज का तबादला फजलगंज सिटी बस डिपो कर दिया गया है। कई पहलुओं पर जांच चल रही है, जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी दोषी मिलेगा, उसपर कार्रवाई की जाएगी।"

**अनिल कुमार, प्रबंध निदेशक, कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सविर्सेज लिमिटेड**

### शत-प्रतिशत जांच हुई तो बड़ा भंडाफोड़ होगा

- ई बसों के संचालन को लेकर मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी सख्त हो गये हैं, अधिकारियों का निर्देश है कि शत प्रतिशत वीडियो बनाकर जांच की जाए। विशेष टीम गठित करके ई बसों की रूट पर चेकिंग की गई तो बड़ा खुलासा होगा क्योंकि बताते हैं कि शहर के अलावा रनियां, जहानाबाद, बिंदकी, अकबरपुर तक दौड़ रही ई बसों में बेटिकट यात्रियों को ढोया जा रहा है। जांच में पता चला है कि सब्जी, दूध आदि के कारोबारी भी परिचालकों को सेट किये हैं और कम किराये में इन सभी को पहुंचाते हैं।

## लेन-देन के विवाद में नकदी-स्कूटी लूटने का आरोप

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में लेन-देन के विवाद में युवक ने आरोपियों पर उन्हें रास्ते में रोक कर नकदी समेत स्कूटी लूटने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

माल रोड निवासी लेदर कारोबारी राजा ने बताया कि उन्होंने चमनगंज के एक कारोबारी से माल लिया था। जिसका 80 हजार रुपये उन्हें देना है।

आरोप है कि जाजमऊ तीन खंभा टेनरी गेट पर बुधवार दोपहर कारोबारी अपने बेटे और तीन साथियों के साथ पहुंचे। इस पर उसने 50 हजार देते हुए शेष रुपये दो दिन बाद देने को कहा। इस पर उन्होंने उसे मारापीटा और उसकी स्कूटी व मोबाइल के साथ ही जेब में पड़े 17 हजार रुपये छीने लिए। पीड़ित ने जाजमऊ थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी अजय मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।





मर्चेंट चैंबर आफ उत्तर प्रदेश की नई कार्यकारिणी चुनी गई। अमृत विचार

# अभिषेक सिंघानिया अध्यक्ष, मयंक उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की वार्षिक आम सभा में सर्वसम्मति से फैसला
- 15 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्यों को भी चुना गया

**अमृत विचार।** मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की 92वीं वार्षिक आम सभा बुधवार को हुई। डॉ गौर हरि सिंघानिया सभागार में हुई सभा में सर्वसम्मत्ति से वर्ष 2024-25 के लिए अभिषेक सिंघानिया को अध्यक्ष व मयंक खन्ना को उपाध्यक्ष चुना गया। आम सभा के दौरान15 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्यों को भी चुना गया।

आमसभा में चुने जाने के बाद नव नियुक्त अध्यक्ष अभिषेक सिंघानिया ने चैम्बर को और ऊंचाई पर ले जाने का आश्वासन दिया। कहा कि पिछले कार्यकाल के दौरान जो काम शुरू किए गए थे उन्हें और तेजी से आगे बढ़ाना है। जो काम पूरे हो गए हैं उनसे आगे उन्हें नए आयाम तक पहुंचाना है। इसी तरह उपाध्यक्ष मयंक खन्ना ने कहा की वह अपने दायित्व को निभाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। आम सभा में15 सदस्यीय कार्यकारिणी के सदस्यों के रूप में अजय कुमार सराओगी, आकाश गोयनका, अनिल कुमार अग्रवाल, अनुराग लोहिया, आशीष सिंह चौहान, डॉ जे एन गुप्ता, नीरज गुप्ता, प्रेम मनोहर गुप्ता, आर के अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, संदीप गुप्ता, शशांक अग्रवाल, सुधींद्र जैन, तरुण गर्ग, विजय कुमार पांडे को शामिल किया गया है। नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं गवर्निंग कौंसिल को डॉ. महेंद्र मोहन गुप्ता ने अपना आशीष दिया। आम-सभा का संचालन सचिव महेंद्र मोदी द्वारा किया गया एवं धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. जेएन गुप्ता ने दिया। इस मौके पर मुकुल टंडन, अतुल कानोडिया, सुधींद्र जैन, विजय पांडे, अनिल अग्रवाल, सुशील शर्मा, संतोष कुमार गुप्ता, शरद शाह, मनु अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## जियत रहे बेटवा हमार...



पुत्रों की लंबी उम्र के लिए रखा जाने वाला जितिया व्रत त्योहार शहर में भी धूमधाम से मनाया गया। हर साल अश्विन मास की अष्टमी को यह त्योहार मनाया जाता है। इसमें महिलाओं अपने पुत्रों की लंबी उम्र की कामना करते हुए व्रत रहती हैं और शाम को पूजा-पाठ किया जाता है, मंगल गीत गाए जाते हैं। अमृत विचार

# कार बैक करते समय बच्ची को कुचला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाजमऊ थानाक्षेत्र के सरैयां इलाके में हादसा
- परिजनों ने पुलिस को कार्रवाई करने से मना किया

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र के सरैयां इलाके में कार बैक करते समय घर के बाहर खेल रही बच्ची पर कार चढ़ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजन बच्ची का शव लेकर जाजमऊ थाने पहुंचे। पुलिस ने कार जब्त कर ली।

जाजमऊ के सरैयां निवासी आफताब बिहार के दरभंगा में मिठाई बनाने का कारखाना चलाते हैं। यहां पर उनकी पत्नी समेत चार बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य रहते हैं। आफताब के भाई शमशेर आलम ने बताया कि बुधवार की शाम को उनकी 5 वर्षीय भतीजी सादिया घर के बाहर खेल रही थी। इलाके का युवक अपनी कार बैक कर रहा था। युवक ने बच्ची पर कार चढ़ा दी। लोगों के शोर मचाने पर युवक ने कार को रोका। इसके बाद परिजन उसी कार से बच्ची को अस्पताल लेकर गए। फिर हैलट लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन बच्ची के शव को जाजमऊ थाना लेकर पहुंचे। जहां बातचीत के बाद बच्ची के परिजनों ने किसी प्रकार की कार्रवाई करने से मना कर दिया। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि बच्ची के परिजन कोई कार्रवाई करने से मना कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# कुशाग्र हत्याकांड में रचिता को जमानत





कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हाईकोर्ट ने कहा कि संभव हो तो एक साल में मुकदमें में निर्णय दें



रचिता वत्स। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के चर्चित कुशाग्र कनोडिया अपहरण-हत्याकांड की आरोपी उसकी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। हाईकोर्ट ने आदेश दिए कि संभव हो तो मुकदमे का निर्णय साल भर के भीतर करें। साथ ही सेशन कोर्ट को मुकदमे की सुनवाई की प्रगति रिपोर्ट जिला जल को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के 16 वर्षीय बेटे कुशाग्र की बीते 30 अक्टूबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, उसके प्रेमी प्रभात शुक्ला व दोस्त शिवा गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले की सुनवाई एडीजे-17 त्रिपुरारी मिश्रा की कोर्ट चल रही है। रचिता वत्स ने जमानत याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की थी। बचाव पक्ष की ओर से बताया कि रचिता 31 अक्टूबर 2023 से जेल में है और 9 अप्रैल 2024 को सेशन कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अजय भनोट ने जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए आरोपी की जमानत याचिका मंजूर कर ली। हाईकोर्ट ने निर्देश दिए कि सेशन कोर्ट मुकदमे की प्रगति रिपोर्ट जिला जज को दे। साथ ही कहा कि संभव हो तो एक साल के भीतर मुकदमे में निर्णय दिया जाए। न्यायमूर्ति ने आदेश दिए कि मुकदमें से जुड़े गवाह निर्धारित समय पर कोर्ट पहुंचे, वरना कार्रवाई की जाए। गवाहों के वारंट व तामीला के संबंध में डीसीपी कोर्ट में शपथपत्र दाखिल करेंगे। उधर, जमानत मिलने पर कुशाग्र के पिता मनीष कनोडिया व चाचा सुमित कनोडिया ने कहा कि आरोपी को जमानत नहीं मिलनी चाहिए थी। जमानत से गवाह प्रभावित हो सकते हैं। रचिता को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

# जीटी रोड पर चार किमी. में पैचवर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोल चौराहे से गुरुदेव चौराहे तक किया गया गड्ढे भरने का काम
- आईआईटी तक सात किमी लंबी सड़क खस्ताहाल हालत में

**अमृत विचार।** जर्जर हो चुकी जीटी रोड पर बुधवार को मरम्मत का काम शुरू हो गया। गोल चौराहे से गुरुदेव मार्ग पर एनएच पीडब्ल्यूडी ने गड्ढों के पैचवर्क कराया।

बारिश में शहर की अधिकांश सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिनमें जीटी रोड भी शामिल है। आईआईटी से लेकर रामादेवी तक जीटी रोड की हालत बदतर हो गई है। जीटी रोड पर बजरी रोड पर फैली हुई है। सीएम ने प्रदेश भर की बदहाल सड़कों को 10 अक्टूबर तक मरम्मत करने के निर्देश दिए थे। सीएम के निर्देश के बाद बुधवार को पीडब्ल्यूडी एनएच डिवीजन जागा और मरम्मत का कार्य शुरू कराया। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी एनएच मुकेश ठाकुर ने बताया कि बुधवार को गोल चौराहे से गुरुदेव तक करीब चार किलोमीटर मार्ग पर पैच का काम किया गया। गुरुवार को गुरुदेव से आईआईटी तक गड्ढों को भरने का काम शुरू किया जाएगा। 10 अक्टूबर से पूर्व गड्ढे भर दिये जाएंगे।



जीटी रोड के गड्ढे भरे गए। अमृत विचार

## सूचना न देने पर बीएसए पर लगाया 25 हजार जुर्माना

**कानपुर।** अधिवक्ता मोहित त्रिपाठी की ओर से राज्य सूचना आयुक्त के यहां से बेसिक शिक्षा विभाग से सूचना के अधिकार के तहत बेसिक शिक्षा अधिकारी से कई जानकारियां मांगी थीं। जवाब न मिल पाने और सुनवाई में उपस्थित न रहने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही उक्त धनराशि उनके वेतन से कटाने के निर्देश दिए गए। इसी आदेश के क्रम में वाद को वसूली के साथ निस्तारित करन किया जायेगा। सूचना आयोग के संयुक्त रजिस्ट्रार ने मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) को पत्र लिख कर बीएसए कानपुर से धनराशि वसूल कर सम्बंधित खाते में जमा करने के निर्देश दिए हैं।

**कारोबार** मिलेट्स से बने बिस्कुट इटली और मैक्सिको को लुभाए, ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

# वियतनाम के खरीदारों को पसंद आए उत्पाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



चर्म उत्पाद देखते विदेशी कारोबारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो में शहर के निर्यातकों के उत्पाद पहले ही दिन पसंद किए गए। खासतौर पर लेदर और मिलेट्स विदोशी खरीदारों को लुभाए। विदेशी खरीदारों के साथ बैठक कर यहां के कारोबारियों ने अपने उत्पादों की खासियतें गिनाईं। पसंद आने पर विदेशी खरीदारों ने स्टॉल तक आकर सैंपल सर्वे भी किया।

शहर के लेदर और मिलेट्स से जुड़े उत्पादों को लेकर निर्यातक मान रहे हैं इस बार बेहतर रुझान मिल रहा है। चमड़े से बने उत्पादों को खासतौर वियतनाम के खरीदारों से पसंद किया। निर्यातक डॉ. जफर नफीस ने बताया कि वियतनाम से आए खरीदारों ने बेल्ट और लेदर ज्वैलरी के सैंपल लिए। इसके अलावा निर्यात संबंधी अन्य जानकारियां भी हासिल की। खास बात यह है कि पिछले वर्ष लगे ट्रेड शो से भी वियतनाम के खरीदारों ने शहर के कारोबारियों को चमड़े के कई ऑर्डर दिए थे। उधर ट्रेड शो में मिलेट्स से बने उत्पादों को भी इटली, मैक्सिको और जापान के खरीदारों ने पसंद किया। निर्यातक संगीता सिंह ने बताया कि मिलेट्स के उत्पाद विदेशी खरीदारों को इतने पसंद आए कि उन्होंने उनके साथ बाकायदा बैठक उत्पादों के बारे में जानकारी हासिल की है। खासतौर पर इटली और मैक्सिको से इस बार ऑर्डर आने की उम्मीद है।

### पसंद किए जा रहे उत्पाद

- ट्रेड शो के पहले ही दिन शहर के निर्यातकों के उत्पादों को देश के अन्य राज्यों से आए खरीदार भी पसंद कर रहे हैं। खासतौर पर दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात से आए कारोबारियों ने स्टॉल पर आकर उत्पादों के बारे में जानकारी हासिल की है। इनमें दिल्ली के कारोबारियों ने लेदर के उत्पादों के सैंपल भी लिए। इनमें जैकेट, बेल्ट और पर्स के ऑर्डर मिलने की उम्मीद कारोबारी जता रहे हैं।

# दीक्षांत समारोह में दिए जाएंगे 48 पदक

## एचबीटीयू में 27 को राज्यपाल होंगी शामिल, 899 को मिलेगी डिग्री,चार को कुलाधिपति पदक दिए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) का दीक्षांत समारोह 27 सितंबर को आयोजित होगा। एचबीटीयू वेस्ट कैंपस में होने वाले इस समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। चार कुलाधिपति पदक और 44 कुलपति पदक दिए जाएंगे। यह जानकारी बुधवार को विवि के कुलपति प्रो समशेर ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल शामिल होंगे। गेस्ट ऑफ ऑनर प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल होंगे।

संस्थान में प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि इस बार समारोह का विषय पर्यावरण संरक्षण होगा। कार्यक्रम की शुरुआत कुलाधिपति वृक्षारोपण से करेंगी। दीक्षांत समारोह में अंडर ग्रेजुएट पोस्ट



कुलपति प्रो. समशेर। अमृत विचार

ग्रेजुएट और डॉक्टोरल (बीटेक एमटेक, एमबीए, एमएससी, एमसीए और पीएचडी) पाठ्यक्रम के 899 छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसमें अंडरग्रेजुएट के 752 छात्र, पोस्ट ग्रेजुएट के 130 छात्र और डॉक्टोरल कोर्स के 17 छात्र शामिल हैं। दीक्षांत समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को कुल 48 पदक दिए जायेंगे, जिनमें से चार कुलाधिपति पदक और 44 कुलपति पदक शामिल हैं। 48 पदक पाने वाले मेधावियों में इस बार 27 छात्र व 21 छात्राएं हैं।

### सौम्या खंडेलवाल को चांसलर गोल्ड

- समारोह के दौरान बीटेक. पेंट टेक्नोलॉजी की छात्रा सौम्या खंडेलवाल को चांसलर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। बीटेक केमिकल इंजीनियरिंग के छात्र शिवांशु कुशवाहा और बीटेक प्लास्टिक टेक की छात्रा मुस्कान सिंह को संयुक्त रूप से चांसलर सिल्वर और बीटेक आईटी के छात्र अमर्तृय यादव को चांसलर कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। कुलपति पदक में 15 स्वर्ण, 14 रजत और 15 कांस्य शामिल हैं।

### विवि में दो सेंटर ऑफ एक्सिलेंस

- विवि की ओर से बताया गया कि पिछले सत्र में विश्वविद्यालय ने 500 से अधिक शोधपत्र, 54 पेटेन्ट, 64 अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की पुस्तकें तथा बुक चैप्टर्स प्रकाशित किये है। इनके अलावा विश्वविद्यालय के दो विभागों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फूड टेक्नोलॉजी तथा पेन्ट टेक्नोलॉजी विभाग में स्थापित किये गये हैं। विश्वविद्यालय के छह शिक्षक एल्स्वेयर तथा स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से प्रकाशित शीर्ष दो प्रतिशत शोधकर्ताओं की सूची में शामिल किये गये हैं।

### आम लोगों को मिल सकेगी ब्रेड

संस्थान से जल्द ही आम लोगों को ताजी ब्रेड और बेकरी संबंधी उत्पाद भी मिल सकेंगे। यह उत्पाद संस्थान के हॉस्टल में रह रहे छात्र-छात्राओं के उपयोग मे भी आएंगे। बताया गया कि जेबीएस फूड की ओर से संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाया जाएगा। इसके तहत संस्थान के छात्र बेकरी संबंधी उत्पाद बनाना सीख सकेंगे। इस सेंटर में बनने वाले उत्पाद छात्र और आम लोग भी खरीद सकेंगे।

### स्कॉलर रोड की शुरुआत

दीक्षांत समारोह के दौरान कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल विश्वविद्यालय के पूर्वी परिसर में केमिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभागों के नवनिर्मित भवनों के साथ-साथ पश्चिमी परिसर में नवनिर्मित स्कॉलर रोड की भी शुरुआत करेंगी। यूनिवर्सिटी समर्थ पोर्टल का भी उद्घाटन करेंगी। यह सुविधा कार्यालयों को पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस बनाने के तहत है।

### हो सकेगी पेंट की जांच

संस्थान में जल्द ही आम लोगों और पेंट कारोबारी के पेंट संबंधी जांच की सुविधा भी शुरू हो सकेगी। इसके लिए पैक्ट एसोसिएशन के सहयोग से लगभग दो करोड़ रुपये में संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाया जा रहा है। यह सेंटर तीन महीने में शुरू हो जाएगा।

# बैंक लॉकर से जेवर पार, शाखा प्रबंधक समेत पांच पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्वरूप नगर थानाक्षेत्र का है मामला



**अमृत विचार।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न करने पर महिला ने ससुरालीजनों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसके जेवर बैंक लॉकर में थे। बैंक अधिकारियों से मिलकर ससुरालीजनों ने गहने निकाल लिए। पीड़िता ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट कराई है।

युसुफपुर भगवान मकरंद नगर कन्नौज निवासिनी प्रिया ने दर्ज एफआईआर में बताया कि उसकी शादी राजीव मोहन तिवारी निवासी पत्रकारपुरम ज्यौरा से हुई थी। पीड़िता ने बताया कि शादी में माता पिता ने ससुरालीजनों को करीब 40 लाख रुपये कीमत के जेवरात दिए थे।आरोप है, कि 26 अप्रैल 2018 को उसने और सास रेखा शुक्ला के नाम से एक लॉकर इलाहाबाद बैंक स्वरूप नगर में खुलवाया था। आरोप लगाया कि शादी के बाद से दहेज की पूर्ति न होने के कारण उसे मारते पीटते और प्रताड़ित करने लगे। आरोप है, कि उसको घर से निकाल दिया। जिस पर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। पीड़िता के अनुसार 4 अक्टूबर 2019 को तत्कालीन इलाहाबाद बैंक के प्रबंधक को एक प्रार्थना पत्र दिया कि उसका सारा स्त्रीधन वर्णित लॉकर में रखा हुआ है। जिसकी चाबी सास के पास है और इस कारण लॉकर का संचालन बन्द कर दिया जाए। जिसपर उन्होंने बंद कर दिया। वर्ष2020 में इलाहाबाद बैंक को इंडियन बैंक में समाहित कर दिया गया था, जिसके कारण इलाहाबाद बैंक का संपूर्ण संचालन इंडियन बैंक द्वारा किया जा रहा है। पीड़िता के अनुसार उसके बिना सहमति के बैंक लॉकर का संचालन उसकी सास रेखा शुक्ला द्वारा न कराया जाए। आरोप है, कि इसके बावजूद बैंक अधिकारी कौशलेन्द्र पांडेय और शाखा प्रबंधक विनय पांडेय से मिलकर षडयंत्र कर बगैर सूचना दिए उसे निकाल कर ले गई। इसकी शिकायत उप डिवीजनल कार्यालय तथा आरबीआई को भेजी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में स्वरूप नगर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सास रेखा शुक्ला, ससुर भानू प्रताप शुक्ला, पति हिमांशु शुक्ला, इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक विनय पांडेय, संबंधित अधिकारी कौशलेंद्र पांडेय के खिलाफ षडयंत्र करने, आपराधिक विश्ववासघात करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# उर्सला में पहली बार मुंह के कैंसर का ऑपरेशन

**कानपुर।** एक 37 वर्षीय युवक को मुंह का कैंसर हो गया, जिसके बाद में मुंह खुलना भी बंद हो गया। उर्सला में उसका ऑपरेशन हुआ। डॉक्टर के मुताबिक उर्सला में मुंह के कैंसर का पहली बार ऑपरेशन हुआ है।

युवक के मुताबिक उसने करीब 17 साल की उम्र से तंबाकू और फिर गुटका का सेवन किया। दो साल से धीरे धीरे मुंह खुलना कम हो गया। वर्तमान में उसका जीवन सिर्फ पानी, दाल के पानी और दलिया समेत लिक्यूड के चीजों पर निर्भर था। वह 10 सितंबर को उर्सला अस्पताल पहुंचा, यहां पर वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. प्रवीन सक्सेना ने देखा और ऑपरेशन की सलाह दी। बुधवार को युवक के मुंह का ऑपरेशन किया। वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. प्रवीन सक्सेना ने बताया कि युवक का मुंह पूरा खुलना बंद हो गया था। ऑपरेशन के दौरान गाल की खाल को युवक के मुहं के अंदर लगाया गया और मुहं के अंदर कैंसर के सेल को जलाकर नष्ट किया गया।



ज्ञापन देते टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्य। अमृत विचार

# एसजीएसटी मामलों में न हो हस्तक्षेप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** टैक्स बार एसोसिएशन की ओर से बुधवार को एसजीएसटी मामलों की सुनवाई में प्रशासनिक दबाव पर नाराजगी जताते हुए ज्ञापन दिया गया। कहा गया कि प्रशासनिक हस्तक्षेप की वजह से मामलों की सुनवाई पर असर पड़ रहा है। सुनवाई भी धीमी हो रही है।

ज्ञापन देने आए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसजीएसटी अपील के तीनों अपर आयुक्त ग्रेड टू को ज्ञापन दिया। एसोसिएशन की ओर से कहा गया कि अपील में अपर आयुक्त का पद न्यायिक पद है। इसके बावजूद विभागीय सचिवों की ओर से आयोजित प्रशासनिक बैठकों में भाग ले रहे हैं। अपने कार्यों के संचालन में निर्देश भी ले रहे हैं। मांग की गई कि कार्यपालिका से किसी भी तरह का निर्देश लेना बंद करें, न्यायिक कर्तव्यों का निर्वाह ईमानदारी से हो। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महामंत्री जगदीश केसवानी, संतोष कुमार गुप्ता, हरिओम गुप्ता, राजेंद्र राजपाल, आशीष पांडेय व डॉ. एस मनु आदि मौजूद रहे।

# वांछित रोशन लारी को गिरफ्तार किया

**कानपुर।** जाजमऊ पुलिस ने गवाह को धमकाने, रंगदारी मांगने और हत्या के प्रयास आदि मुकदमों के आरोपी रोशन लारी को जाजमऊ पुरानी चुंगी के पास से गिरफ्तार कर लिया। रोशन लारी को पुलिस ने रिजवान सोलंकी के एक जमीन के कब्जा करने के मामले में गवाह विष्णु सैनी को धमकाने, पांच लाख की रंगदारी मांगने और फायर करने के मामले में गिरफ्तार किया है।



आरोपी रोशन लारी।

कल्याणपुर गूबा गार्डन निवासी गवाह विष्णु सैनी को पिछले साल रिजवान सोलंकी और शौकत अली ने धमकाया था। आरोपियों ने विष्णु से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुए उसे जाजमऊ अकील कंपाउंड के पास बुलाया था। जहां आशिफ जहां, मेराजुल हसन, मोबिन अहमद, अब्दुल माजिद, मो. दिलशाद अंसारी आदि ने उसे मारपीटा और तमंचे से फायर झोंक दिया था।

# अवनीश व सहयोगियों के 25 बैंक खाते सीज



जमीन का जुर्म

- हरेंद्र मसीह की पत्नी के खाते में मिले 4.40 करोड़ से ज्यादा
- मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की जमीन पर कब्जे के प्रयास का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस स्थित मैरी एंड मैरीमैन की 1000 हजार करोड़ की जमीन पर कब्जा करने के प्रयास के मामले में प्रेसक्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित और सहयोगियों की बैंक खाते की जांच में जुटी पुलिस को मुख्य आरोपी इनामी हरेंद्र मसीह की पत्नी के खाते में 4.40 करोड़ रुपये से अधिक की रकम की जानकारी मिली है। विवेचक ने झांसी स्थित बैंक खाता सीज करा दिया।

पुलिस ने अवनीश दीक्षित और उसके सहयोगियों के करीब 25 बैंक खाते सीज करा दिए हैं। इसमें आनंदेश्वर एसोसिएट्स के साझीदारों, अवनीश दीक्षित के चार, उसकी पत्नी प्रतिमा दीक्षित के चार, जमीन कब्जाने में सभी 11 नामजद आरोपियों और नगर निगम में काम करने वाली कंपनी के साझीदारों के खाते शामिल हैं।

संपत्तियों और बैंक डिटेल की जानकारी में लगे इंस्पेक्टर अरविंद सिंह भदौरिया को मुख्य आरोपी हरेंद्र मसीह की पत्नी संगीता मसीह के झांसी के सिविल लाइंस स्थित यूनियन बैंक के खाते में भी करोड़ों रुपये होने की जानकारी मिली है। अरविंद सिंह ने बताया कि संगीता ने 73 लाख, 41 हजार 125 रुपये के छह एफडीआर की हैं। खाते में कुल चार करोड़, 40 लाख, 46 हजार, 750 रुपये हैं। उन्होंने संगीता मसीह का भी खाता सीज करा दिया गया है। इसी तरह अन्य की भी खातों के ट्रांजेक्शन की जानकारी में पुलिस टीम जुटी है।

## सार-संक्षेप



फार्मासिस्टों ने फल वितरण किया। अमृत विचार

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर मरीजों को बांटे फल

**कानपुर।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर उर्सला अस्पताल में डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन की ओर से मरीजों को फल वितरण किया गया। इस दौरान 400 मरीजों को फल वितरित किए गए। उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ. एचडी अग्रवाल ने कहा कि फार्मासिस्ट डॉक्टर के लिए एक मजबूत आधार होते है। संगठन के मंत्री सुरेश चंद्र वर्मा ने बताया कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर इस वर्ष का शीर्षक फार्मासिस्ट वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करना है। अध्यक्ष मिथिलेश कुमार प्रजापति, मण्डलीय सचिव राजेश चतुर्वेदी, चीफ फार्मासिस्ट रजनेश कुमार वर्मा, जेपी चौधरी, समता वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, प्रभा झा, पूनम श्रीवास्तव, आशा किरण, सरिता सिंह, प्रीति वर्मा एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कानपुर मंडल अध्यक्ष संजय भदौरिया मौजूद रहे।



चिड़ियाघर में वन्य जीवों की जानकारी दी गई। अमृत विचार

### चिड़ियाघर में चलाया जन जागरूकता अभियान

**कानपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बुधवार को कानपुर चिड़ियाघर में भारतीय वन्यजीव संस्थान की ओर से जन जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जलज परियोजना सहायक शुभम कटियार के द्वारा जू में आए लोगों को पर्यावरण व नदी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। जलज परियोजना सहायक राम तिवारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सप्ताह में 2 घंटे वर्ष में 100 घंटे स्वच्छता श्रमदान करना चाहिये।

### अनय कश्यप का मनाया जन्मदिन



अनय।

**कानपुर।** जरीब चौकी सेंटर के समाचार पत्र वितरक रायपुरवा निवासी शनि कश्यप ने अपने पुत्र अनय कश्यप का प्रथम जन्मदिन धूमधाम से मनाया। मां सौम्या कश्यप और शनि कश्यप ने केक काटा और बेटे को बधाई दी।



जेसीआई ने स्क्रैप से बनाए गए ग्लोब का अनावरण किया।

### स्क्रैप के स्ट्रक्चर ऑफ यूनिटी का अनावरण


**कानपुर।** जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल की ओर से कबाड़ तथा अपशिष्ट सामग्री के संयोजन से बनी कृति के रूप में एक ग्लोब की संरचना का अनावरण बुधवार को कानपुर हवाई अड्डे पर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में गोल्डी मसाले के संस्थापक सुरेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि स्क्रैप (कचरे और कबाड़) से बढ़ता प्रदूषण विश्वव्यापी समस्या है। इसके समुचित निस्तारण के लिए सभी को इस तरह का रचनात्मक सृजन के लिए कार्य करना होगा। कार्यक्रम में जेसीआई वीक चेयरमैन सिद्धार्थ, सपना, राहुल, श्रुति, आकाश, आंचल, ऐश्वर्या, नेहा और अक्षय दीपाली आदि मौजूद रहे।

### ऑपरेशन नाकाबंदी में संदिग्धों की जांच

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह के नेतृत्व में पूर्वी जोन में ऑपरेशन नाकाबंदी के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें संदिग्धों की जांच की की गई। क्रिकेट मैच के मद्देनज़र ग्रीन पार्क स्टेडियम के आसपास बेरिकेडिंग लगाकर सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की गई।

### मदरसा छात्रों को हिदायत, सफर में एहतियात बरतें

**कानपुर।** पटकापुर स्थित मदरसा जामे उलूम में छमाही परीक्षा पूरी होने पर इस्लाही (सुधारात्मक) जलसा आयोजित किया गया जिसमें छात्रों को सलाह दी गई है कि वे सफर के दौरान बहुत एहतियात (सर्तकता) बरतें। किसी अजनबी से न मिले मिलाएं और न नजदीकी बढ़ाएं। मदरसा के संरक्षक मोहिउद्दीन खुसरु ताज के दिशा निर्देश पर आयोजित जलसे में शेखुल हदीस मौलाना मोहम्मद सईद कासमी ने कहा कि सफर में किसी अजनबी का दिया कुछ खाए-पिएं नहीं। रास्ते भर सतर्क रहें। जब घर पहुंचे तो सबसे पहले नमाज की पाबंदी करें, कुरआन की तिलावत करें और मदरसे में जो सबक दिया गया है, उसे भी दोहराने का काम करें।



छात्रों को संबोधित करते उलेमा।

# 80 हजार में रेप की फर्जी रिपोर्ट लिखाई

- एनजीओ अध्यक्ष व साथियों ने रची थी साजिश

**कानपुर।** गोविंद नगर स्थित होटल में कानपुर देहात के रनियां निवासी युवक को होटल में मिलने के लिए बुलाकर महिला ने रेप करने का आरोप लगा दिया। उसने बताया कि एक एनजीओ अध्यक्ष और उसके साथी ने 80 हजार रुपये देकर रेप का आरोप लगाने के लिए कहा था।

कानपुर देहात के रनियां गांव निवासी विनय कुमार पर 21 सितंबर को रेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। बाबूपुरवा निवासी महिला ने आरोप लगाया था कि वह एक संस्था से जुड़ी है। उसकी जान पहचान विनय से हुई। विनय ने नौकरी लगवाने का झांसा दिया और मिलने के लिए बीते 20 सितंबर को गोविंद नगर स्थित होटल बुलाया, कमरे में पहुंचने पर दबोच लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही जांच शुरु की। साथ ही महिला को मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करवाने के लिए ले गई। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि मजिस्ट्रेट के सामने महिला बताया कि संस्था के अध्यक्ष पवन सिंह व पंकज सिंह राजावत के कहने पर उसने विनय नाम के युवक पर रेप का झूठा मुकदमा दर्ज कराया। इसमें एनजीओ की पूरी टीम सहयोग कर रही थी। उसे 80 हजार रुपये का लालच दिया गया था। 15 हजार रुपये एडवांस भी दिए गए थे। इस पर उसने झूठा आरोप लगा दिया था। पुलिस ने कहा कि मुकदमा खत्म कर दिया गया है।

# शारीरिक संबंध बनाने के दबाव में तोड़ी सगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अब मंगेतर छवि कर रहा धूमिल, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया कि मंगेतर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था इस कारण उन्होंने सगाई तोड़ दी। इस पर वह उनकी सामाजिक छवि धूमिल करने लगा। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चकेरी निवासिनी महिला ने दर्ज एफआईआर में बताया कि उनका विवाह 2009 में हो चुका था। लेकिन पति से कुछ विवाद के चलते तलाक ले लिया था। जिसके बाद वे अपनी बेटी के साथ रहती थीं और निजी स्कूल में नौकरी करती थीं। महिला के अनुसार दूसरा विवाह करने के लिए उन्होंने मेट्रोमेनियल साइट पर अपनी आईडी बनाई। वर्ष 2020 में उनका सोशल मीडिया के माध्यम से इटावा के अशोक नगर निवासी बृजेश तिवारी से संपर्क हुआ। पीड़िता ने बताया कि बृजेश ने उन्हें बताया था कि वह प्राइमरी विद्यालय में शिक्षक है। साथ ही आरोपी उनसे विवाह करने का प्रस्ताव रखा। जिसके बाद परिजनों की सहमति से उनकी सगाई हो गई। महिला ने बताया कि सगाई के बाद से ही वह उनसे शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाता था। जिससे तंग आकर उन्होंने सगाई तोड़ दी। इसके बाद से आरोपी उनके स्कूल समेत रिश्तेदारों समेत सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में उनकी छवि धूमिल कर रहा है। जिसका विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ मारपीट कर गाली गलौज किया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

# दहेज के लिए दी तीन तलाक की धमकी

कल्याणपुर संवाददाता

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने नव विवाहिता के साथ मारपीट की। जिससे उसका गर्भपात हो गया। आरोप है कि बेटी को लेने पहुंचे पिता के साथ भी ससुरालियों ने गालीगलौज करते हुए तीन तलाक की धमकी दे डाली। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

कल्याणपुर के बैरी खेड़ा निवासी नियामत अली के मुताबिक उन्होंने अपनी बेटी नाजिश का निकाह 18 जुलाई 2023 को चौबेपुर निवासी इमरान के साथ किया था। निकाह के कुछ दिन बाद ही ससुरालीजन दहेज के रूप में पचास हजार रुपये की मांग करने लगे। बेटी के असमर्थता जाहिर करने पर ससुरालीजनों ने उसके साथ मारपीट की। जिससे उसका गर्भपात हो गया। आठ सितंबर को दोबारा मारपीट करने पर जब वह अपनी बेटी को लेने उसके घर पहुंचे, तो दामाद इमरान समेत परिवार के सदस्यों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए नाजिश को तीन तलाक की धमकी दे डाली। इस संबंध में कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

शिकंजे में | इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर की थी ठगी

# नौकरी के नाम पर ठगने वाले दो शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का सरगना साथी के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी एक नामी वेबसाइट से युवाओं का डेटा खरीदते थे। फिर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर जारी कर ड्रेस, हाउस रेंट, फ्लाइट टिकट के नाम पर कई बार में लाखों रुपये वसूलते थे।

डीसीपी अपराध आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि जालौन के माधवगढ़ सिरसा दो गढ़ी निवासी राजनाथ सिंह ने शहर की युवती को फोन कर इंडिगो एयरलाइंस में टिकटिंग की जॉब का झांसा दिया। पीड़िता से एयरलाइंस में रजिस्ट्रेशन



आरोपी अभिषेक सिंह व राजनाथ सिंह।

फीस, वर्दी, एयर टिकट व हाउसिंग रेंट संबंधी फीस बताकर एक लाख रुपये से ज्यादा की रकम वसूल ली। फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। जिस पर पीड़िता ने साइबर थाने में शिकायत की। साइबर सेल ने प्रतिबिंब पोर्टल खंगाला तो 16 लोगों ने इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी के नाम पर ठगी की शिकायत की हुई थी। सर्विलांस की मदद से राजनाथ और गिरोह का सरगना अभिषेक सिंह निवासी ग्राम सिहारी माधौगढ़ गिरफ्तार किए गए। वहीं नोएडा में गैंग ऑपरेट कर रहे चार शातिर फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही हैं। आरोपियों ने नौकरी की तलाश में विभिन्न वेबसाइट पर रेज्यूम अपलोड करने वाले युवाओं को झांसा देकर ठगी की बात कबूली है। आरोपियों ने पांच खातों की जानकारी दी है जिनमें 1 करोड़ से ज्यादा रुपये होने की बात बताई गई है। क्राइम ब्रांच खाते फ्रीज कराने की कार्रवाई कर रही है। आरोपियों के पास से एक कार और एंड्रायड मोबाइल बरामद किए हैं। इस गिरोह ने लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, गौतमबुद्ध नगर, दिल्ली, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश में भी इन्होंने अपना जाल बिछा रखा था।

### इंडिगो रिलेशन नाम से बना रखी थी फर्जी वेबसाइट

- डीसीपी अपराध ने बताया कि आरोपियों ने इंडिगो रिलेशन नाम से फर्जी वेबसाइट बना रखी थी। इसी के माध्यम से मेल कर पीड़ितों को विश्वास में लिया जाता था। जानकारी की गई तो पता चला अभिषेक ने कोरोना काल में नौकरी छूटने के बाद यह डोमेन खरीदा था। वह एक वेबसाइट से युवाओं का डेटा खरीद लेता था। जिसकी डिटेल गैंग के सदस्यों को देता था। अलग-अलग मोबाइल नंबर से गैंग के लोग युवाओं को फोन कर आकर्षक नौकरी का झांसा देते थे। फंसने पर डिटेल अभिषेक से साझा की जाती थी। यहां से वह लीड कर फर्जी लेटर आदि देकर अलग-अलग फीस के नाम पर रुपये खातों में मंगवा लेता और फिर नंबर बंद कर देता था। ठगी का 80 प्रतिशत रुपये अभिषेक और 20 प्रतिशत ट्रैप में फंसाने वाले सदस्य को दे देता था।

### यूट्यूब देखकर खड़ा किया गिरोह

- डीसीपी ने बताया कि गिरोह का सरगना अभिषेक सिंह मुंबई के बांद्रा से साइबर ठगी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है। उसने वर्ष 2021 में ग्रेजुएशन करने के बाद गुजरात में सेल्स की जॉब की। कम रुपये मिलने पर नौकरी छोड़ आया। यूट्यूब देख साइबर ठगी सीख ली। गांव के बेरोजगार युवाओं को कॉल सेंटर में नौकरी दिलाने के बहाने गिरोह का सदस्य बनाया। कुछ ही दिनों में आरोपी ने पूरा गैंग खड़ा कर लिया। वहीं गिरफ्तार दूसरा आरोपी राजनाथ सिंह ग्रेजुएशन के बाद एलएलबी कर रहा है।

# अनिवार्य रूप से कराई जाए स्काउटिंग

**कानपुर।** बच्चे किसी राष्ट्र की आधारशिला होते हैं, जिनके माध्यम से एक विकसित, संस्कारित और उन्नतिशील समाज का निर्माण होता है। स्काउटिंग बच्चों में अनुशासन, एक दूसरे के प्रति सहायक, विनम्र और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जागृत करता है। ये बातें नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने भारत स्काउट और गाइड की जिला कार्यकारिणी मीटिंग में पदाधिकारियों के बीच कही। जिला सचिव ने बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार, वार्षिक कार्यक्रम और बजट पर चर्चा की। संयुक्त सचिव सर्वेश तिवारी जिला कोषाध्यक्ष प्रांजल नगायच, सहायक प्रादेशिक आयुक्त आरसी शर्मा, जिला सचिव पूनम संधू, डॉ. पंकज शुक्ला, शारदा शुक्ला रहे।



ग्रीनपार्क स्टेडियम में दोपहर में नेट पर अभ्यास के लिए जाती भारतीय टीम।


## धूप की परवाह किए बगैर रोहित और विराट खेलते रहे शॉट, गेंदबाज भी पसीने से भीगे

### ग्रीनपार्क में अश्विन बना सकते हैं रिकार्ड

■ **कानपुर।** भारत-बांग्लादेश के बीच खेले गए टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने के लिए अश्विन को सिर्फ तीन विकेट की जरूरत है। अश्विन को जहीर खान के 31 विकेटों के रिकार्ड को पीछे छोड़ना है, जो वह इस टेस्ट मैच में कर सकते हैं। वैसे अश्विन के नाम पहले से ही कई रिकार्ड हैं। जैसे भारतीयों में टेस्ट की चौथी पारी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। हालांकि चौथी पारी में सिर्फ एक और विकेट उन्हें 100 विकेट लेने वाला पहला भारतीय और कुल मिलाकर छठा गेंदबाज बना देगा। वहीं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन से आगे निकलने के लिए अश्विन को आठ और विकेट की जरूरत है। लियोन फिलहाल 187 रन पर हैं, जबकि अश्विन 180 के साथ दूसरे स्थान पर हैं।



गेंदबाजी करते कुलदीप यादव



जसप्रीत बुमराह ने भी बॉलिंग की।

# टीम इंडिया ने दिखाया टेस्ट में क्लीन स्वीप करने का इरादा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पहला टेस्ट मैच जीतने के बाद टीम इंडिया ने सीरीज क्लीन स्वीप करने के इरादे से बुधवार को तीन घंटे कड़ा अभ्यास किया। खिलाड़ियों ने फुटबाल खेलकर और थ्रो-कैच पकड़कर वार्मअप किया। इसके बाद नेट्स पर तेज धूप में जमकर पसीना बहाया।

पहले टेस्ट मैच में कुछ खास रन न बना पाने वाले टीम के इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने डटकर अभ्यास करके दूसरे टेस्ट के लिए अपनी मंशा बता दी। ग्रीनपार्क स्टेडियम में अपना 24वां टेस्ट खेलने आई टीम इंडिया दोपहर डेढ़ बजे नेट्स प्रैक्टिस पर उतरी। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने आधे घंटे अभ्यास किया। इसमें उनका साथ विराट कोहली ने दिया। तीसरे नेट्स पर यशस्वी जायसवाल ने गेंदबाजों का सामना किया। टीम के स्पिनर आर अश्विन, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा गेंदबाजी को धार देने में जुटे रहे। अंदाजा लगाया जा रहा है कि बांग्लादेश टीम टॉप थ्री स्पिनर मैदान पर उतारेगी, यही कारण है कि टीम इंडिया भी स्पिनरों के हाथ खोल रही है। टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मो. सिराज ने भी जबरदस्त अभ्यास किया।

बल्लेबाज शुभमन गिल, रिषभ पंत और लोकेश राहुल ने भी दूसरे राउंड में जमकर अभ्यास किया। इसके साथ कुलदीप यादव, आकाशदीप ने गेंदबाजी की। अभ्यास के बाद रोहित व गंभीर ने पिच क्यूरेटर आशीष भौमिक और शिवकुमार से चर्चा की।



विराट कोहली ने शॉट लगाए। अमृत विचार



खेलने जाते रोहित शर्मा।

# बांग्लादेश टीम का स्पिन बॉलिंग पर रहा पूरा जोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** टेस्ट सीरीज में 1-0 से पिछड़ चुकी बांग्लादेश टीम के खिलाड़ियों ने नेट्स पर तीन घंटे जमकर अभ्यास किया। गेंदबाजों ने स्पिन बॉलिंग व बल्लेबाजों ने डिफेंस के साथ लंबे शॉट का लगाकर पसीना बहाया। पहले टेस्ट में तीन स्पिनरों के साथ उतरी टीम दूसरे मैच में भी इसे बरकरार रखना चाहती है।

बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी सुबह साढ़े नौ बजे नेट्स अभ्यास के लिए ग्रीनपार्क मैदान पहुंचे। थ्रो और कैच प्रैक्टिस के बाद अलग-अलग बने तीनों नेट्स पर खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। नेट्स पर सबसे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास और मेहंदी हसन मिराज पहुंचे। गेंदबाज नईम हसन और नाहिद ने ग्रीनपार्क की पिच को समझा। इसके बाद टीम के स्पिन गेंदबाजों को अभ्यास के लिए लगाया गया। गेंदबाजी के कोच आंद्रे एडम ने एक-एक करके तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद व हसन मसूद को बॉलिंग के टिप्स दिए।



गेंदबाजी करता बांग्लादेश का गेंदबाज।

**प्रेसवार्ता में बोले गेंदबाज आकाशदीप**

## ग्रीनपार्क में मैच खेलने का सपना पूरा हुआ

**कानपुर।** रोहित की कप्तानी में गेंदबाजों को खूब मौके मिल रहे हैं। ग्रीनपार्क की विकेट कैसी भी हो, हमारा फोकस लाइन व लेंथ पर गेंदबाजी करने पर होगा। यह बात टीम इंडिया के गेंदबाज आकाशदीप ने प्रेसवार्ता में कही। टीम इंडिया के अभ्यास के बाद आकाशदीप ने प्रेसवार्ता में कहा कि ग्रीनपार्क स्टेडियम के बारे में बचपन से बहुत सुना है। आज देखकर खुशी हुई। यहां खेलने के बारे में सोचकर मन में उत्साह है। मैं वाराणसी का रहना वाला हूं। हमारे समय में यूपी में ग्रीनपार्क ही एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम था। ग्रीनपार्क की ही बात हर जगह होती थी और मन में उत्साह जगता था कि मैं भी यहां मैच देखूं। उस समय मन की यह इच्छा पूरी नहीं हो सकी, लेकिन यहां आकर मैच खेलने का सपना पूरा हो गया। उन्होंने कहा ग्रीनपार्क के बारे में जब चर्चा होती थी तो सोचते थे कि पूरी तरह हराभरा और हरे रंग को होगा। उन्होंने बताया कि बीसीसीआई के घरेलू मैचों की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट तक पहुंचने में सफल रहा हूं। आकाशदीप ने कहा कि रोहित की कप्तानी में गेंदबाजों को खूब मौके मिल रहे हैं।



आकाशदीप। अमृत विचार

**बांग्लादेश के कोच ने कहा**

## भारत के खिलाफ उनके देश में खेलना चुनौती

**कानपुर।** पहले टेस्ट मैच में हमें काफी सीखने को मिला। पिछली गलतियों से बचने के लिए तैयारी कर रहे हैं। भारत के खिलाफ उसके ही देश में खेलना काफी चुनौतीपूर्ण है। दूसरे टेस्ट मैच में हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश कर सीरीज ड्रा कराएंगे। प्रेसवार्ता में यह बात बांग्लादेश टीम के कोच चंडिका हाथुरुसिंघा ने कही। प्रेसवार्ता में बांग्लादेश के कोच चंडिका हाथुरुसिंघा पहले टेस्ट मैच में असफल रहे शीर्ष क्रम के बाएं हाथ के बल्लेबाजों का बचाव करते दिखे। उन्होंने कहा कि पहले मैच में बेहतर प्रदर्शन न कर पाने से निराश हैं, लेकिन उम्मीद है कि दूसरे टेस्ट में इसे पूरा कर लिया जाएगा। कहा कि दाएं हाथ के बल्लेबाजों के आर्डर का फैसला पिच देखने के बाद होगा। भारत में बांग्लादेश टीम के विरोध पर कहा कि उन्हें यहां कोई खतरा नहीं है। हम केवल खेलने पर ध्यान दे रहे हैं। ग्रीनपार्क की पिच के बारे में कहा कि विकेट फाइनल होने के बाद ही पिच पर कुछ बोला जा सकता है। विकेट पर हरी घास के बारे में कहा कि ऐसी विकेट देखकर कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट में तीन स्पिनर के साथ मैदान पर उतरे थे, क्योंकि स्पिनर हमारी स्ट्रेंथ हैं। विकेट फाइनल होने के बाद ही हम अंतिम एकादश का फैसला करेंगे।



चंडिका हाथुरुसिंघा।

# ग्रीनपार्क की 'सी' बॉलकनी के ढहने का खतरा

महेश शर्मा, अमृत विचार

- भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच में हुई घोर लापरवाही, ऐन मौके पर खुलासा
- पीडब्ल्यूडी की रिपोर्ट से सनसनी, वेन्यू डायरेक्टर ने टिकट बिक्री रोकी
- मीडिया मैनेजर ने बताया, निरीक्षण के बाद आज मिलेगी लिखित रिपोर्ट

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के दूसरे टेस्ट मैच में ग्रीनपार्क की 'सी' बॉलकनी ने आयोजन को लेकर प्रबंधन की चुस्ती पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने करीब पांच घंटे निरीक्षण के बाद कहा कि 'सी' बॉलकनी में इतनी क्षमता नहीं है जो करीब पांच हजार (वास्तविक 4.8हजार) दर्शकों का बोझ सह सके। मैच के रोमांचक क्षण में खुशी के मारे दर्शक उछले तो यह बॉलकनी भरभरा कर गिर भी सकती है। स्टेडियम का यह हिस्सा काफी असुरक्षित माना जा रहा है। पीडब्ल्यूडी ने 'सी' बॉलकनी के लिए फिलहाल टिकट बिक्री पर रोक की सलाह दी है।

पीडब्ल्यूडी अपनी रिपोर्ट शासन और मैच की आयोजक संस्था यूपीसीए (उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) को सौंपेगी। मैच के वेन्यू डायरेक्टर संजय कपूर ने रिपोर्ट आने तक 'सी' बॉलकनी के टिकट बिक्री पर रोक लगा दी है।

यूपीसीए के मीडिया मैनेजर फहीम ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि पीडब्ल्यूडी की सलाह के बाद वेन्यू डायरेक्टर संजय कपूर ने 'सी' बॉलकनी की टिकट बिक्री पर रोक लगाने को कहा है। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों की रिपोर्ट के बाद निर्णय लिया जाएगा। हालांकि अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी ने मौखिक रूप से कहा है कि 'सी' बॉलकनी को खाली छोड़ना बेहतर होगा।

दूसरी तरफ यह भी कहा जा रहा है कि 'सी' बॉलकनी का एक तिहाई हिस्सा खाली रखा जाएगा। यानी चार हजार आठ सौ सीटों में से 17 सौ के करीब ही टिकट बेचे जा सकते हैं। इस स्टैंड पर काम करने वाले मजदूर चले गए तो पीडब्ल्यूडी और यूपीसीए अधिकारियों ने स्टेडियम में बैठक की। 'सी' बॉलकनी के खतरनाक होने पर सहमति बनी। यूपीसीए ने प्रदेश सरकार पर ठीकरा फोड़ते हुए कहा है कि ग्रीनपार्क स्टेडियम यूपीसीए के अधीन नहीं आता है।

### लिखित अंडरटेकिंग मांगी थी

■ **कानपुर।** भरोसेमंद सूत्रों के मुताबिक ग्रीनपार्क स्टेडियम स्थित राज्य सरकार के खेल विभाग के स्टाफ के बीच यह चर्चा होती रही कि यूपी सरकार के पीडब्ल्यूडी ने वेन्यू डायरेक्टर संजय कपूर से कहा था कि 'सी' बॉलकनी को लेकर यूपीसीए लिखित अंडरटेकिंग दे। पर संजय ने जवाब दिया कि वह तो हाल ही में वेन्यू डायरेक्टर बनाए गए हैं। यूपीसीए वाले लिखित अंडरटेकिंग देते हैं तो वह भी दस्तखत कर देंगे। इसके बाद निरीक्षण किया गया। विभाग के पास सभी एनक्लोजर और बॉलकनी में दर्शकों की क्षमता वाली रिपोर्ट यूपीसीए से आ गयी जिसमें 'सी' बॉलकनी की क्षमता का भी जिक्र था।

### फ्लड लाइट्स का मुद्दा अभी भी है

■ **कानपुर।** जानकार बताते हैं कि यहां पर फ्लडलाइट्स अभी भी मुद्दा है। पिछली बार भारत-न्यूजीलैंड मैच के दौरान खराब फ्लड लाइट्स का मामला प्रकाश में आया था जब खराब दृश्यता के कारण पांचवें दिन का अंतिम सत्र के दस मिनट लाइट को लेकर ड्रामा चलता रहा था। जानकार बताते हैं कि कानपुर में विजिबिल्टी सही न होने की वजह प्रदूषण बतायी जाती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत जीतने से रह गया था।

**एक नजर**

### दीक्षांत समारोह का बताया गया महत्व

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विभाग प्रभारी डॉ राज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह के महत्व के बारे में समझाया। इस प्रतियोगिता का कॉर्डिनेशन सुश्री तानिषा वधावन ने किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. सचिव गौतम, डॉ.मिठाई लाल, डॉ. बप्पा माजी, विनय सिंह, जीऊत बली यादव एवं प्रतियोगी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### श्रेष्ठ कार्यों के लिए मिले पुरस्कार

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सभागार में बुधवार को विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पद्मश्री, आचार्य (सेवानिवृत्त), आईआईटी कानपुर प्रो एच.सी. वर्मा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आयुर्वेदाचार्य डॉ वन्दना पाठक रहीं। कार्यक्रम में डॉ वीरेन्द्र स्वरूप इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज की छात्राओं ने गणेश वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद प्रो राजेश कुमार द्विवेदी ने गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार, कर्मवीर पुरस्कार, स्वामी विवेकानन्द पुरस्कार की घोषणा की। डॉ. रचना त्रिवेदी, डा प्रवीन कटियार प्रो कृष्ण कुमार, को पुरस्कृत किया गया।



मैदान में किसी ने शॉट मारा तो पुलिस कमिश्नर कैच लपकने को तैयार हो गए।

### पुलिस कमिश्नर ने तैयारियों की समीक्षा की

क्रिकेट मैच को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, वेन्यू डायरेक्टर संजय कपूर, यूपीसीए के अन्य पदाधिकारियों तथा पुलिस उपायुक्त मुख्यालय आरती सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त लॉ एंड ऑर्डर मनोज पांडेय, अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी व एलआईयू राजेश श्रीवास्तव अन्य अधिकारियों ने स्टेडियम का निरीक्षण किया। तैयारियों की समीक्षा की गई।

# युवतियों को कमजोरी लगे तो डाक्टर से मिलें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अगर युवतियों को शरीर में कमजोरी या माहवारी में दिक्कत हो रही है तो तुरंत महिला डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए ताकि सर्वाइकल कैंसर से बच सकें। युवतियां सतर्क रहकर इस परेशानी से बच सकती हैं।

बुधवार को यूनाइटेड पब्लिक स्कूल में ऑल इंडिया विमेंस कॉन्फ्रेंस द्वारा एक दिवसीय सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता आर्या ने सर्वाइकल कैंसर के कारणों, रोकथाम और शुरुआती पहचान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और लड़कियों को अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। राज्य विधिक सलाहकार बोर्ड की सदस्य नित्या चावला, ऑल इंडिया विमेंस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्ष अनीता गर्ग, सचिव रमिंदर अरोड़ा और कोषाध्यक्ष रीता गुप्ता ने विचार रखे।

**फैसले** सीएसजेएमयू की कार्यसमिति बैठक में लिए गए निर्णय, रिसर्च के लिए शिक्षकों को मिलेगा अवार्ड, कमेटी गठित

# एक प्रोफेसर और 18 एसोसिएट प्रोफेसरों का प्रमोशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में बुधवार को हुई कार्यपरिषद की बैठक में बड़े फैसले लिए गए। एक प्रोफेसर और 18 असोसिएट प्रोफेसर के पद पर शिक्षकों को प्रमोशन मिला। सभी शिक्षकों के अप्रेजल के प्रस्ताव पर भी निर्णय लिया गया। विवि में पहली बार स्ववित्तपोषित शिक्षकों को प्रमोट किया गया है। बैठक में कर्मचारियों की वेतन बढ़ोत्तरी पर भी फैसला लिया गया है।

विवि के सेंटर ऑफ अकादमिक भवन में हुई कार्यपरिषद की बैठक में सबसे बड़ा फैसला स्ववित्तपोषत योजना के अंतर्गत शिक्षकों के करियर अडवांसमेंट स्कीम के तहत प्रमोशन का रहा। विवि व्यवस्था में सभी मानको को पूरा करते हुए लंबे समय से कार्य कर रहे शिक्षकों को उनके कार्य एवं योग्यता के आधार पर उच्च पदों पर प्रमोट किया गया है। जिसके अंतर्गत यूआईईटी निदेशक डॉ बृष्टि मित्रा को प्रोफेसर, यूआईईटी के ही 13 शिक्षकों को असोसिएट प्रोफेसर, हेल्थ साइंस के 3 शिक्षकों को असोसिएट प्रोफेसर एवं मैनेजमेंट के 2 शिक्षकों को असोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रमोशन मिला है।

बाकी अन्य शिक्षकों को उनके वेतनमान के पे-लेवल में भी बढ़ोत्तरी की गयी। इसके साथ ही स्ववित्तपोषित कर्मचारियों के वेतन में भी बढ़ोत्तरी की गयी है। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि विवि में बेहतर रिसर्च करने वाले शिक्षकों को अवार्ड दिया जाएगा। हर शिक्षक के कार्य प्रदर्शन के आधार पर उसके अप्रेजल की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। जो शिक्षकों के अकादमिक प्रदर्शन के आधार पर अप्रेजल की संस्तुति करेगी। बैठक में वित्त समिति एवं विद्या परिषद की बैठक के प्रस्तावों को भी हरी झंडी दे दी गयी है। बैठक में डीन अकादमिक डॉ बृष्टि मित्रा, प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी समेत कार्यपरिषद के सदस्य उपस्थित रहे।



जानकारी देते कुलपति प्रो. विनय पाठक। अमृत विचार

**सार-संक्षेप**



पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रकाश जायसवाल का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी। अमृत विचार

### शहर के असली विकास पुरुष हैं श्रीप्रकाश

**कानपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर ने पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रकाश जायसवाल का 80वां जन्मदिन समारोह कांग्रेस मुख्यालय, तिलक हाल में धूमधाम से मनाया। बुधवार को केक काटा गया और मिष्ठान वितरण कर उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की ईश्वर से प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने गौरवमई कार्यकाल में जहां विभिन्न मंत्रालय में रहकर कार्य किया वहीं कानपुर नगर के विकास में अभूतपूर्व योगदान देकर विकास पुरुष कहलाए। संयोजक दिलीप शुक्ला रहे जबकि संचालन शंकर दत्त मिश्रा ने किया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, राजेंद्र मिश्र बब्बू, मदन मोहन शुक्ला, पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, नरेश त्रिपाठी, अतहर नईम, डॉ आर के जगत, आमोद त्रिपाठी, पी एस बाजपेई, अनूप श्रीवास्तव, कैलाश पाल, लल्लन अवस्थी आदि थे।

### मैच के विरोध में प्रदर्शन पर विहिप की बैठक आज

**कानपुर।** ग्रीन पार्क में भारत-बांग्लादेश के टेस्ट मैच के विरोध में प्रदर्शन को लेकर विश्व हिंदू परिषद गुरुवार को पदाधिकारियों से विचार विमर्श करेगी। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के चलते विहिप ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन का फैसला लिया है जिसका स्वरूप आज फाइनल किया जाएगा। यह जानकारी विहिप कानपुर क्षेत्र के अध्यक्ष राजीव महाना ने दी। उन्होंने बताया कि मैच के दौरान स्टेडियम की ओर जाने वाले मार्गों पर कहीं न कहीं प्रदर्शन किया जाएगा। इस आशय का विहिप ने एक परिपत्र भी जारी किया है। बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने प्रदर्शन के निर्णय का स्वागत किया है।

### अग्निशमन व्यवस्थाओं को किया चाक चौबंद

**कानपुर।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने ग्रीन पार्क, ड्रेसिंग रूम और ठहरने वाले होटलों में निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस बार मैच के दौरान मॉडर्न फायर फाइटिंग बुलेट्स दौड़ेंगी। सभी अग्निशमन व्यवस्थाओं को क्रियाशील कर दिया गया है। चार से पांच अग्निशमन वाहन स्टेडियम के अंदर तैनात रहेंगे। उत्तर प्रदेश फायर सर्विस के 50 से ज्यादा कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा स्टेडियम के बाहर भी अलग-अलग लोकेशन पर दो तीन फायर ब्रिगेड तैनात रहेंगी।

# विद्यालय का भवन जर्जर, खतरे में नौनिहाल

## प्रधानाध्यापक की शिकायत के बावजूद अधिकारी नहीं दे रहे कोई ध्यान, कभी भी हो सकता बड़ा हादसा

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के पचोर गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय की जर्जर हालत के चलते यहां किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा होने की आशंका बनी है। सब कुछ स्पष्ट नजर आने के बावजूद विभागीय व अन्य प्रशासनिक अधिकारी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए यहां के शिक्षकों व ग्रामीणों ने गाँव में यथाशीघ्र नये विद्यालय भवन निर्माण की मांग उच्चाधिकारियों से की है।

एक ओर केंद्र व प्रदेश सरकार जहां ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए नवीन विद्यालय भवनों के निर्माण के साथ शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के प्रयास में लगी है। वहीं कई ऐसे पुराने विद्यालय भवन भी हैं, जिसमें शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ब्लॉक क्षेत्र के पचोर गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के जर्जर भवन को देख इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक कुल 220 बच्चों का पंजीकरण होने के बावजूद यहां के खस्ताहाल भवन को अनदेखा किया जा रहा है। विद्यालय के जिन कमरों में बच्चे पढ़ रहे हैं, उनकी छतें जर्जर स्थिति में हैं। प्लास्टर टूटने के साथ ही छतों की ईंटें व सरिया तक स्पष्ट नजर आने लगी है। छत के किसी भी समय धराशायी होने की स्थिति में कोई बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।



पचोर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के जर्जर कक्ष में पढ़ रहे बच्चे। अमृत विचार

इस बाबत विद्यालय की प्रधानाचार्य परमजीत कौर ने बताया कि जर्जर छत का प्लास्टर व ईंट के टुकड़े आये दिन टूटकर गिरते रहते हैं। अभी एक माह पहले भी प्लास्टर का बड़ा टुकड़ा टूट कर गिरने से यहां पढ़ाई कर रहे कुछ बच्चों को चोटें आई थीं। उन्होंने कहा कि जीर्णशीर्ण भवन में शिक्षण कार्य करना बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ करना है। विद्यालय भवन की इस गंभीर हालत के बाबत उन्होंने ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों को अवगत कराया। लेकिन न ही विभागीय अधिकारी समस्या की ओर कोई ध्यान दे रहे, और न ही अन्य प्रशासनिक अफसर मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। प्रधानाध्यापिका के साथ ही गांव के पूर्व प्रधान पीयूष मिश्रा, बृजेश पांडे, श्याम चौरसिया, रजोल मिश्रा व मनोज पाल आदि ने बताया कि छत ढहने की स्थिति में बड़ी घटना हो सकती है। लोगों ने विद्यालय के नए भवन का निर्माण अविलंब कराने की मांग उच्चाधिकारियों से एक बार पुनः दोहराई है।

- विद्यालय की जर्जर छत से किसी भी समय हो सकता कोई बड़ा हादसा

> क्षेत्र के पचोर गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति के बाबत जानकारी मिली है। मामले में ब्लॉक स्तर की टेक्निकल टीम द्वारा मुआयने के बाद इस बाबत निर्णय लिया जाना है। यदि मरम्मत के लायक कार्य होगा तो उसे जल्द पूरा करा दिया जाएगा। अन्यथा नये भवन निर्माण की संस्तुति की जाएगी। खतरे को देखते हुए बच्चों का शिक्षण कार्य यहां के प्राथमिक विद्यालय के भवन में सुनिश्चित किया जाएगा।
>
> कुंवर आनंद पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी चौबेपुर

## रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में मिला महिला का शव

**सरसौल।** प्रेमपुर व करबिगवां रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ट्रैक किनारे शव झाड़ियों में पड़ा था। शव की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

प्रेमपुर स्टेशन के आगे बुधवार सुबह लगभग 8 बजे रेलवे कर्मियों ने ट्रैक किनारे झाड़ियों के बीच लगभग 25 वर्षीय महिला का शव पड़ा देखा। कर्मियों ने रेलवे पुलिस को सूचना दी। वहीं घटनास्थल को लेकर रेलवे, नर्वल व महाराजपुर पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। प्राथमिक जांच में ट्रेन से गिरने की बात सामने आ रही है। महिला सलवार - कुर्ता पहने हुई है। चप्पलें भी पास में पड़ी थीं। शव मुंह के बल पड़ा था। आसपास के लोगों से पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की गई, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# रहीमपुर विषधन में एडीओ ने कराई सफाई



सफाई करने पहुंची कर्मचारियों की टीम। अमृत विचार



सफाई के दौरान खड़े रहे एडीओ पंचायत। अमृत विचार

खबर का असर

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन विकासखंड क्षेत्र के रहीमपुर विषधन गांव में फैली गंदगी की खबर आपके अमृत विचार अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद संज्ञान लेते हुए पंचायत राज विभाग के अधिकारियों ने मौके पर जाकर साफ सफाई की व्यवस्था शुरू करवा दी है। सफाई के बाबत एसडीएम ने भी सख्त निर्देश दिए हैं।



लाखों रुपये देते राजस्व फिर भी बाजार में गंदगी का अंबार

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

बता दें कि बुधवार को अमृत विचार अखबार ने विषधन ग्राम पंचायत के साथ देवहा व का ककवन विकासखंड ग्राम पंचायत में बाजारों में फैली गंदगी की खबर को विस्तार पूर्वक प्रकाशित किया था। जिसके बाद खबर पर संज्ञान लेते हुए डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत को तत्काल प्रभाव से साफ सफाई के कड़े निर्देश दिए थे। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने भी खंड विकास अधिकारी से वार्ता कर साफ सफाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं। बुधवार को मौके पर पहुंचे एडीओ पंचायत भीष्म नारायण सिंह ने ग्राम पंचायत में फैली गंदगी पर ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को जमकर फटकार लगाई। लाखों रुपए की वार्षिक आमदनी देने वाली बाजार का यह हाल होना पंचायत सचिव की लापरवाही प्रदर्शित कर रहा था। जिस पर पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी को भी जमकर फटकारा।

वहीं रहीमपुर विषधन ग्राम पंचायत में आरसी सेंटर में भी लापरवाही पर एडीओ पंचायत द्वारा नाराजगी जताई गई। साथ ही मजदूर लगाकर बाजार वाली गली में साफ सफाई की गई और कूड़े के ढेर को हटवाया गया। एडीओ पंचायत ने बताया कि स्पष्ट रूप से सफाई के साथ संचारी रोग के रोकथाम के निर्देश दिए गए हैं। उनका पालन भी कराया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत

संवाददाता, चौबेपुर

- बेला मार्ग पर प्रतापपुर गांव के निकट सुबह हुआ हादसा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बेला मार्ग पर प्रतापपुर गांव के निकट बुधवार सुबह अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि युवक मानसिक विछिप्त था।

बेला मार्ग पर प्रतापपुर गांव के निकट नहर के पास बुधवार सुबह सड़क के बीच युवक का शव पड़ा देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान पता चला कि युवक क्षेत्र के भगवंतपुर गांव का निवासी है और काफी समय से आसपास के गांवों में ही घूम कर लोगों से मांग मांग कर अपना पेट भरता था। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे मृतक के भाई सधनू व पिता जवाहरलाल ने शव की शिनाख्त रामबाबू (40) के रूप मे की।

पिता ने पुलिस को बताया कि रामबाबू मानसिक रूप से विक्षिप्त था और काफी समय से घर नहीं आया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि मृतक युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया गया है। अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। दुर्घटना करने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### स्वच्छता ही सेवा के तहत दिलवायी शपथ

**बिल्हौर।** नगर पालिका क्षेत्र में इन दिनों स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत नगर पालिका क्षेत्र मे स्थित सभी विद्यालय मे अभियान चलाकर बच्चों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्हें सफाई रखने की शपथ भी दिलवायी जा रही है। बुधवार को कस्बे के इस्लामिया स्कूल में शपथ दिलवाकर ईओ अजंनी मिश्रा ने स्कूल के शिक्षकों के साथ बच्चों को भी जागरूक किया। बच्चों को बीमारी से बचाव के लिए नहाने धोने के विषय मे भी विस्तार से समझाया गया। इस दौरान कई वार्डो मे साफ–सफाई के लिए लोगो से घरों का कूड़ा गाड़ी में ही डालने की अपील की गई। नगर पालिका के कर्मचारी व विद्यालय के शिक्षक गण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान ईओ अंजनी मिश्रा द्वारा बच्चों को टॉफी भी बांटी।



बच्चों को टॉफी बांटती ईओ अंजनी मिश्रा।

### चलाया स्वच्छता अभियान, अन्ना जानवर भी पकड़े

**बिठूर।** राष्ट्रीय राजमार्ग टीम के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। सफाई के अलावा अन्ना पशुओं को भी पकड़ कर गौशाला में भेजा गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना है। जिसका कारण अन्ना पशु व रास्ते की गंदगी भी है। बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग की पेट्रोलिंग टीम ने मंधना के निकट अभियान चलाकर हाईवे के आसपास घूम रहे अन्ना मवेशियों को कैटल कैचिंग वाहन के जरिये पकड़ कर गौशाला में छोड़ दिया। एनएचएआई के अफसरों का कहना है कि टीम द्वारा सफाई के साथ साथ हादसों के कारणों को भी हटाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। अभियान में कंट्रोल रूम ऑफिसर अरविंद चौधरी,दिलीप कुमार, रूट पेट्रोलिंग इंचार्ज हरदीप सिंह और पैरामेडिक डॉ रामसेवक आदि रहे।

### विद्युत चेकिंग करने गई एसडीओ समेत पूरी टीम पर हमला

**बिल्हौर।** अरौल कस्बे मे बिजली की बकाएदारी वसूलने गई टीम पर ग्रामीण ने परिवार वालों रे साथ मिलकर हमला बोल दिया। जिसमें कर्मियों और ग्रामीण के बीच जमकर हाथापाई हो गई। अन्य ग्रामीणों ने बीच बचाव कर टीम को गांव से निकाला। बाद में डायल 112 की गाड़ी पहुंचने के बाद ग्रामीण मौके से भाग निकला। एसडीओ अमर नाथ चौहान ने बताया कि अरौल के बरैयनपुरवा गांव मे जेई अवधेश सिंह,जितेन्द्र सिहं, कमलेश कुमार, अखिलेश कुमार व कर्मी आकाश, जीशान, ओंमकार के साथ 47000 रूपये की बकाएदारी को वसूलने गए थे। तभी गांव के गौरी शंकर व उनका पुत्र राहुल पड़ोसियों के साथ मिलकर टीम से गालीगलौज करने लगा और जेई के साथ हाथापाई शुरू कर दी। एसडीओ के द्वारा रोके जाने पर गौरी शंकर उनसे भी धक्कामुक्की करने लगा। जेई अवधेश सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

### घाटमपुर के प्रमुख समाजसेवी गोपाली तिवारी का निधन

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पतारा विकासखंड के हथेही गांव के प्रमुख समाजसेवी गोपाली तिवारी की लंबे समय से बीमार रहने से निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। घाटमपुर तहसील क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार दुष्यंत तिवारी के चाचा समाज सेवी गोपाली तिवारी की लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मंगलवार को उनकी मृत्यु हो गई। उनका अंतिम संस्कार हालिया घाट मूसानगर में किया गया। घाटमपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मिथिला शरण दुबे, मयंक तिवारी, पत्रकार पंकज त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी मुन्नू कुशवाहा, पत्रकार प्रताप भान मिश्रा, आशीष पांडे, चौबेपुर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान राजेश अवस्थी, शिव हरी धाम के महंत एवं ट्रस्टी शिवकुमार द्विवेदी, पूर्व प्रधान पुलली पांडे, जहांगीराबाद पूर्व प्रधान टुनटुन पांडे सिहत तमाम लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई

**घाटमपुर।** पतारा ब्लॉक के शक्ति केंद्र कुंवरपुर तरगांव एवं जगदीशपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को उनके पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी गई। कार्क्रम के दौरान भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत लोगों को सदस्यता भी दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिंकू शर्मा जिला कोषाध्यक्ष भाजपा कानपुर ग्रामीण के अलावा पतारा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, महामंत्री मनीष शर्मा, मंडल मंत्री आलोक तिवारी, शक्ति केंद्र संयोजक विष्णुवीर सिंह, बूथ अध्यक्ष कृष्ण बिहारी दीक्षित, भानु प्रताप कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व ग्राम प्रधान के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**चौबेपुर।** क्षेत्र के बिरोहा ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा पूर्व प्रधान द्वारा प्रताड़ित किए जाने की रिपोर्ट चौबेपुर थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच के साथ कार्रवाई शुरू की है। ब्लॉक क्षेत्र की बिरोहा पूर्व ग्राम पंचायत की ग्राम पंचायत अधिकारी नेहा शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि पूर्व ग्राम प्रधान शैलेंद्र दीक्षित आये दिन उन्हें प्रताड़ित करते हैं। गत 18 सितंबर को अपराह्न करीब 4 बजे वह गांव में सरकारी कार्य की जांच के लिए गई थी। वहां से वापसी के दौरान बेला मार्ग बिरोहा मंदिर मोड़ के पास वैगन आर सवार पूर्व प्रधान शैलेंद्र दीक्षित व उसके साथियों ने उसे रोक लिया और दस हजार रुपये की मांग की। जिसे पूरा न करने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी गई। इतना ही नहीं उक्त लोगों ने उसके सरकारी कागजात भी फाड़ डाले और मोबाइल फोन छीन कर फेंक दिया। वहीं इस मामले में पूर्व प्रधान शैलेंद्र दीक्षित ने बताया कि उन पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत पति समेत चार पर हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता, बिल्हौर

- मायके वालों ने ससुरालीजनों पर आए दिन मारपीट करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** बिल्हौर कस्बे के बलराम नगर मोहल्ले में बुधवार की भोर एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पति, सास, जेठ, जेठानी के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बलराम नगर कस्बे में आलोक कुमार की बहन शिवांगी उर्फ रेनू का विवाह मनीष मिश्रा के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से आए दिन रेनू के साथ उसके ससुरालीजन मारपीट करते थे। आलोक ने पुलिस को बताया कि ससुरालीजनों की ओर से बुधवार को रेनू के मौत की सूचना दी गई। जिस पर वह मौके पर पहुंचे। जहां उसे बताया गया कि रेनू ने फांसी



लगा कर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस को शिवांगी (रेनू) का शव जमीन से छूता हुआ मिला। मायके पक्ष ने ससुराली जनों के विरुद्ध रेनू की हत्याकर शव लटकाने का आरोप लगाया है। भाई आलोक कुमार की तहरीर के आधार पर पति मनीष मिश्रा, जेठ अखिलेश, जेठानी संध्या व सास के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष के लोगों की तारीफ के आधार पर रिपोर्ट पंजीकृत कर ली गई है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### शरीर पर चोट के निशान

- मायके पक्ष के अनुसार पति मनीष अक्सर पत्नी शिवांगी को के साथ मारपीट करता रहता था। जिसकी गवाही उसके बहन के शरीर पर चोटों के निशान दे रहे थे। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि आए दिन घर से मारपीट की आवाज़ आती थी। भाई आलोक ने बताया कि शिवांगी का पैर जमीन से लग रहा था और फांसी लगाने की ऊंचाई महज तीन से चार फीट की थी। ऐसी स्थिति में आत्महत्या की बात गलत है। ससुराल वालों ने मिलकर उसकी बहन की हत्या की है।

# अधिवक्ता के चेंबर में घुसकर पति ने की मारपीट

संवाददाता, घाटमपुर

- महिला अधिवक्ता ने घाटमपुर थाने में पति और ससुर के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार।** घाटमपुर थाने में तहरीर देते हुए महिला अधिवक्ता ने बताया कि मेरी शादी चार वर्ष पहले मनीष बाजपेई निवासी ग्राम स्योढ़ारी थाना घाटमपुर के साथ हुई है। पति आए दिन शराब पीकर बुरी तरह मारता पीटता था व उसका चाल चलन भी ठीक नहीं था। जिससे मैं परेशान होकर मार्च 2024 में अपने मायके चली आई और अपनी गुजर बसर हेतु जूनियर अधिवक्ता के रूप में घाटमपुर कचहरी में अभ्यास करने लगी।

मेरे पति मनीष को पता लगने पर रोज कचहरी में आकर मुझसे गाली गलौज करता था। बीते सोमवार को लगभग 4 बजे अपने चेम्बर में कार्य कर रही थी तभी मेरे पति और ससुर चंद्रिका प्रसाद चेंबर के अंदर घुस आये और गालियां देते हुए मारपीट की। शोर मचाने पर सीनियर अधिवक्ता शिवसिंह परमार के आ जाने पर मेरे पति मुझे जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले। घाटमपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### रिंद नदी में उतराता मिला महिला का अर्धनग्न शव

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के पालपुर गांव स्थित रिंद नदी में एक अज्ञात शव उतराता हुआ दिखाई पड़ा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नदी से शव को बाहर निकलवाया। महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में था। हांथ में सफेद कंगन और लाल पीली हरी चूड़ियां दिख रही थी। साढ़ थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत कासामऊ वि0 ख0– शिवराजपुर कानपुर नगर

पत्रांक मेमों/पं0 रा0वि0आ0/पन्द्रहवॉ वि0/मनरेगा /निविदा 2024–25 दिनांक 25/09/2024

## निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत कासामऊ विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोंग एव पन्द्रहवॉ वित्त आयोग व मनरेगा योजनार्न्तगत वित्तीय वर्ष 2024–25 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 30/09/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 30/09/2024 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26/09/2024 से दिनांक 28/09/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू0 में | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राईस मिल से रामबाबू के घर तक नाला निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 4.90 | 00 | 2 माह |
| 2 | सुशील के घर से रजोल के घर तक नाला निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 3.47 | 00 | 2 माह |
| 3 | अंकित के गोडा से मेन नाला तक नाला निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.99 | 00 | 2 माह |
| 4 | आर. आर. सी. सेन्टर का निर्माण कार्य। (SBM + वित्त) | सीमेन्ट, गिटटी, मौरंग,बालू, ईटा आदि | 4.00 | 00 | 2 माह |
| 5 | वर्मी कम्पोस्ट पिट का निर्माण कार्य। (SBM + वित्त) | सीमेन्ट, गिटटी, मौरंग,बालू, ईटा आदि | 1.80 | 00 | 2 माह |
| 6 | प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में दिव्यांग शौचालय का निर्माण | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.99 | 00 | 2 माह |

नियम व शर्तेः–

1–उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगे।

2–निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 28/09/2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।

3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

4– दिनांक 30/09/2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।

5– निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा। 6– बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– कासामऊ
शिवराजपुर कानपुर नगर

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– कासामऊ
शिवराजपुर कानपुर नगर


कार्यक्रम — पुण्यसलिला सांस्कृतिक क्लब के कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर माहौल में भरा रंग

# कलाकारों ने मंच पर दिखाई प्राचीन संस्कृति की झलक



कथक नृत्य पर खूब बजीं तालियां। अमृत विचार



कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। अमृत विचार

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** गंगा के तट पर स्थित रामसहाय राजकीय महाविद्यालय बैरी शिवराजपुर में भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के सौजन्य से स्थापित पुण्यसलिला सांस्कृतिक क्लब ने परंपराओं और प्राचीन भारतीय संस्कृति को समर्पित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को कथक नृत्य से हुआ। जिसमें प्रयाग संगीत समिति प्रयागराज से संबंधित कथक केंद्र के कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर माहौल में रंग भर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अपर्णा सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ कथक केन्द्र की प्रस्तुति गणेश वंदना से किया गया। तीन ताल में वर्तिका अग्रवाल ने पारंपरिक कथक नृत्य किया। तबले और हारमोनियम पर राम बाबू भट्ट और ऋषभ शुक्ला ने संगत दी। युवा नृत्यांगना कायना दीक्षित और ओजस्वी त्रिवेदी ने कृष्ण और यशोदा के रूप में कृष्ण लीला की युगल प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं।

दीप्ति सिंह ने शिव स्त्रोत पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया। नित्या खन्ना, निशि सचान आदि की प्रस्तुतियां भी विशेष सराहनीय रहीं। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन सांस्कृतिक क्लब की सचिव डॉ. सुमन शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार व छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्राचार्य द्वारा सभी शास्त्रीय कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस मौके पर सांस्कृतिक क्लब इंचार्ज डॉ. आलोक कुमार पांडेय प्रो. अखलाक, डॉ.दिलीप राठौर, डॉ राकेश कुमार, डॉ दीप्ति अग्रवाल, डॉ विजय गुप्ता, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मारपीट करने में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शिवली।** कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर के रहने वाले जयप्रकाश बाजपेयी ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को सुनवर्षा में मकान की बाउंड्री बनवा रहा था। तभी चौथिआई गांव का यदुराज सिंह यादव, अपनी पत्नी, बहन व जिला कन्नौज के थाना तिर्वा के तिलसड़ा गांव का भांजा गुलशन लाठी-डंडा लेकर आए और मारपीट कर धमकी भी दी। इंस्पेक्टर कृष्णानंद राय ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर कार्यवाई की जाएगी।

### प्रसूता की हालत बिगड़ने से मौत

**रूरा।** कस्बे के जवाहर नगर में एक महिला को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रूरा कस्बे के जवाहर नगर निवासी फहीम की पत्नी शबीना (33) करीब नौ माह की गर्भवती थी। बुधवार की दोपहर अचानक शबीना को प्रसव पीड़ा हुई। इसी दौरान वह अचानक बेहोश हो गई। जानकारी पर पति व अन्य परिजन शबीना को सीएचसी ले गए। जहां ड्यूटी डॉक्टर प्रतीक पांडेय ने महिला को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने जेपी शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं मिली है।

### किशोरी को ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री को गांव का ही सूर्या अपने साथ ले गया है। थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर किशोरी व आरोपी की तलाश की जा रही है।

### बनीपारा सेक्टर में मनाई पं दीनदयाल की जयंती

**शिवली।** बुधवार को सिठमरा मंडल के सेक्टर बनीपारा के बूथ संख्या 16 व 15 में संयोजक सतेंद्र पाठक की उपस्थिति में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस मौके पर राज अग्निहोत्री जिला सह प्रमुख भाजपा, बूथ अध्यक्ष संतोष तिवारी, राजेश शुक्ला, पंकज चौहान, गिरीश मिश्रा, संतोष कमल, बबलू, नागेंद्र गुप्ता, हरीशंकर शर्मा, नाथू शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# कर्ज से परेशान डेयरी मालिक ने फांसी लगाकर दे दी जान

## पुलिस ने मौके पर की छानबीन, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

संवाददाता पुखरायां

**अमृत विचार।** रायरामापुर गांव में कर्ज में डूबे एक दुग्ध डेयरी संचालक ने मंगलवार की रात मानसिक तनाव के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए।



प्रमोद कुमार।



मौत पर गमगीन परिजन। अमृत विचार

बरौर थाना क्षेत्र के बिहारी ग्राम पंचायत के मजरा रायरामापुर गांव निवासी प्रमोद कुमार (35) गांव में दूध डेयरी चलाते थे। ग्रामीणों के मुताबिक उन्होंने कुछ लोगों से कर्ज ले रखा था। जिसके चलते वह बीते कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थे। मंगलवार की रात प्रमोद ने अपने घर के अंदर बने कमरे में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर पत्नी आरती बदहवास हो गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर बरौर थाना के उपनिरीक्षक सुरजीत कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्रित किए। थाना प्रभारी कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**रूरा।** स्टेशन के पास रेल ट्रैक पर एक युवक का रक्तरंजित शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के किसी ट्रेन से गिरने की संभावना जताई है।

रूरा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के सामने दिल्ली-हावड़ा रेल ट्रैक के डाउन लाइन के खंभा नंबर 1063/20-22 के बीच बुधवार की सुबह एक युवक का शव पड़े होने की सूचना की-मैन ने स्टेशन मास्टर रूरा को दी। स्टेशन मास्टर रूरा ने मेमो भेजकर जानकारी दी। मौके पर पहुंचे दरोगा राकेश सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब साठ वर्ष है।

मृतक नीले कलर की शर्ट और काला लोवर पहने हुए है। उसकी जेब से दिल्ली से प्रयागराज का जनरल टिकट और 260 रुपये मिले हैं। जबकि पास में मोबाइल टूटा पड़ा मिला था। जिसका सिम निकाल कर दूसरे मोबाइल से सूचना परिजनों को दी गई। मृतक की पहचान लक्ष्मण साहू मध्य प्रदेश बताया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के भेजा है।

# दोहरा आवास देने के मामले में वीडीओ से 60 हजार की वसूली

**पद का दुरुपयोग**

- मिर्जापुर खुर्द में एक ही परिवार को दो बार आवास देने का मामला
- मैथा बीडीओ को मामले की जांच दी गई थी, रिपोर्ट आने पर हुई कार्यवाही

संवाददाता संदलपुर

**अमृत विचार।** मिर्जापुर खुर्द गांव में एक ही परिवार को दो बार आवासीय योजना का लाभ देने में ग्राम विकास अधिकारी की संलिप्तता उजागर हुई है। मामले में डीडीओ ने वीडीओ से दुरुपयोग किए गए 60 हजार रुपये की वसूली व एक वार्षिक स्थायी वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए हैं।



डेरापुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत मझगवां के मिर्जापुर गांव के राजेंद्र सिंह के परिवार को वर्ष 1995-96 में उच्चीकृत आवासीय योजना से लाभांवित किया गया था। इसके बावजूद राजेंद्र की पत्नी शकुंतला को वर्ष 2017-18 में दोबारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ दे दिया गया। शासनादेश के विपरीत एक ही परिवार को दो बार आवास का लाभ देने पर तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी अधिकारी व मौजूदा समय में मलासा ब्लाक में तैनात रवि कुमार शुक्ला के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू करते हुए मैथा बीडीओ को जांच दी गई थी। ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध गठित आरोप पत्र, उपलब्ध कराए स्पष्टीकरण तथा जांच अधिकारी की आख्या पर नोटिस जारी करते हुए 10 सितंबर तक जवाब मांगा गया था, लेकिन वीडीओ ने स्पष्टीकरण नहीं दिया। प्रकरण में तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी के साथ ही डेरापुर ब्लाक के तत्कालीन आवास पटल सहायक शैलेश कुमार गुप्ता की भी संलिप्तता पाई गई है। जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आवास योजना का दोहरा लाभ देने में दुरुपयोग हुई कुल 1.20 लाख रुपये में से आधी 60 हजार रुपये की धनराशि तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी रवि कुमार शुक्ला से वसूल करते हुए एक स्थायी वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

# 50 से कम छात्र वाले 850 स्कूलों का होगा विलय

- सभी बीईओ से मांगी गई रिपोर्ट शिक्षक संगठनों ने जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले के परिषदीय स्कूलों में 50 से कम छात्र संख्या वाले 850 स्कूलों का पास के स्कूलों में विलय (मर्ज) किया जाएगा। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों से स्कूलों का विलय करने का प्रस्ताव मांगा है।

जनपद में बड़ी संख्या में स्कूलों के विलय किए जाने के फैसले पर विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने विरोध जताया है। उनका कहना है कि 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को पास के विद्यालयों में विलय करने का प्रस्ताव मांगा गया है, जोकि सरासर गलत है। ग्रामीण अंचलों में लगातार होता पलायन एवं गिरती जनसंख्या के कारण परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों की संख्या में कमी आ रही है। जिसके लिए वर्तमान भौगोलिक परिस्थितियां जिम्मेदार हैं। इसके लिए अध्यापकों एवं पठन-पाठन व्यवस्था को दोषी करार देना न्याय संगत नहीं है। राज्य परियोजना कार्यालय से 50 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को नजदीकी स्कूलों में विलय करने की जानकारी मांगी गई है। बीएसए अजय मिश्रा ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी को प्रस्ताव देने के लिए कहा गया है।

# पं. दीनदयाल की जयंती पर काटा केक

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर द्वारा संचालित न्यू लिटिल फ्लावर एजूकेशन सेंटर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य अतिथि ने बच्चों के साथ मिलकर केट काटा और उनके विचारों को प्रस्तुत किया।



केक काटते पंचायती राज प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव, मौजूद शिक्षक व बच्चे।

- पंचायती राज प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव ने काटा केक

बुधवार को न्यू लिटिल फ्लावर एजूकेशन सेंटर मे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश मिश्रा ने जिलाध्यक्ष बब्बन दीक्षित व स्कूली बच्चों के साथ मिलकर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर केक काटा। उन्होंने चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल का जन्म 25 सितंबर वर्ष 1916 में उत्तर प्रदेश के मथुरा के चंद्रभान गांव में हुआ था। उनके हृदय में समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले गरीबों के प्रति श्रद्धा भाव था। उसी को लेकर उन्होंने जंक्शन की स्थापना की और फिर भारतीय जनता पार्टी के रूप में संगठन खड़ा किया। जिलाध्यक्ष, भाल प्रधान बब्बन दीक्षित व संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सिलहरा प्रधान रामबली सिंह ने कहा कि पं. दीनदयाल राजनेता मात्र नहीं थे, बल्कि वह उच्चकोटि के चिंतक, विचारक व लेखक भी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित कर दिया। इस मौके पर अमित पाल, समाजसेवी लालजी सिंह, प्रांशू मिश्रा, मंजीत मिश्रा, कैलाश, अंकित कुमार, सत्यम द्विवेदी, अंकिता देवी, विनोद द्विवेदी, रणधीर सिंह चंदेल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### डाटा फीडिंग के साथ समेकित शिक्षा पर जोर

**संदलपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र संदलपुर में विभागीय योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक बीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। एआरपी गौरव सिंह राजपूत ने डीबीटी भीम के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर लंबित डाटा प्रस्तुत किया। इसके बाद शिक्षक प्रशिक्षण, स्मार्ट क्लासेज, आईटीसी ईको क्लब की स्थापना सामग्री की विद्यालयों में आपूर्ति एवं वितरण, पीएम श्री योजना अंतर्गत लाइब्रेरी बुक्स का वितरण आदि की समीक्षा की गई। एआरपी मो. शमी ने बालिका शिक्षा आईटीआई के तहत 2024 में नामांकन, आईटी पोर्टल पर विद्यालयों की मैपिंग, रजिस्ट्रेशन एवं डाटा फीडिंग के साथ समेकित शिक्षा पर जोर दिया। बीडीओ अशोक कुमार ने मध्यांहन भोजन अंतर्गत वर्ष 2021-22, 2022-23 व 2023-24 में खाद्यान्न का उपयोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाने की स्थिति, पीएमएस के माध्यम से जारी लिमिट की स्थिति आदि पर चर्चा की गई। इस दौरान शादाब अहमद, उपेंद्र कटियार, मनोज कुमार, सर्वेश सिंह प्रजापति, रमजान शाह, वीरेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



मिरगांव में विकास कार्य जांचती टीम। अमृत विचार

### मिरगांव में दो सदस्यीय टीम ने जांचे विकास कार्य

**सिकंदरा।** तहसील क्षेत्र के मिरगांव में विकास कार्यों की दो सदस्यीय टीम ने जांच की। वहीं शिकायत कर्ता ने जांच सही न किए जाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को विकास कार्यों की जांच करने आए ऑडीटर शिव नरेश कुशवाहा व टीए श्यामबीर की मौजूदगी में बारी-बारी से विकास कार्यों की जांच की गई। जिन कार्यों की जांच हुई। वह बिल्कुल सही व गुणवत्तापूर्ण पाए गए। वहीं शिकायतकर्ता सुधीश कटियार का कहना है कि आए अधिकारियों की जांच से वह बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं है और जांच सही तरीके से नहीं की गई है। इसकी वह उच्चाधिकारियों से शिकायत करेंगे। ऑडीटर शिवनरेश कुशवाहा ने बताया कि जो भी विकास कार्यों की जांच की गई। वह पूर्ण रूप से गुणवत्तापूर्ण पाए गए हैं।

### बिठूर में होगा ब्राह्मणों का मंडलीय सम्मेलन



जिलाध्यक्ष शारदा शंकर।

**शिवली।** सम्मेलन में ब्राह्मणों की समस्याओं पर विचार कर उनके निराकरण के विचार विद्वान प्रस्तुत करेंगे। यह बात राष्ट्रीय परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष शारदा शंकर शुक्ला ने कही। बुधवार को जानकारी देते जिलाध्यक्ष ने बताया कि ब्राह्मणों का मंडलीय सम्मेलन 29 सितंबर को बिठूर के बालाजी पार्टी लान शनिदेव चौराहा पर आयोजित किया जा रहा है। जिसको ब्राह्मण संवाद का नाम दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी, बाजीराव पेशवा के प्रपौत्र प्रभकार राव पेशवा, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव अजय शर्मा, प्रदेश विधिक सलाहकार अमित मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष अवधेश मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सरला शर्मा आदि मौजूद रहेंगे।

### एचटी लाइन के करंट से महिला गंभीर

**मंगलपुर।** एचटी लाइन के करंट से महिला गंभीर रूप से झुलस गई। भंदेमऊ गांव के किसान राज किशोर उर्फ छोटे की पत्नी रजोली (40) बुधवार की दोपहर बकरियां चराने के लिए खेतों पर गई थी। तभी गांव के ही सोनू संखवार के खेत में 11 हजार विद्युत लाइन के टूटे तार के करंट की चपेट में महिला आकर झुलस गई। परिजन डायल 112 पुलिस की मदद से उसे हवासपुर सीएचसी ले गए। जहां डॉ. गौरव पॉल ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जेई सुभाष चंद्र ने बताया कि सिकहला फीडर के निजी नलकूप लाइन से महिला के झुलसने की जानकारी मिली है। उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है।



नवरात्र तैयारियों का जायजा लेते ईओ संजय पटेल व समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

# नवरात्र मेले की तैयारी का लिया जायजा

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** माता मुक्तेश्वरी मंदिर में आगामी नवरात्र मेला को लेकर अधिशाषी अधिकारी ने व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया। साथ ही चर्चा कर रणनीति बनाई।



मां मुक्तेश्वरी मंदिर। अमृत विचार

नगर पंचायत मूसानगर के वार्ड नंबर तीन मुक्ता देवी धाम उत्तर वाहिनी यमुना तट पर स्थित पौराणिक सिद्ध पीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में नवरात्र पर्व पर हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से दर्शन पूजन के लिए जुटते हैं। जिसको लेकर बुधवार को नगर पंचायत ईओ संजय कुमार पटेल ने मंदिर समिति के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी के साथ मिलकर मंदिर व मेला ग्राउंड का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। आगामी तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे माता के नवरात्र मेला को लेकर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि मंदिर आने जाने वाले रास्तों व प्रांगण की साफ-सफाई समय से पहले कराई जाएगी। वहीं यात्रियों की सुविधा के लिए वाहन पार्किंग स्थल, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, लाइट आदि की कार्ययोजना बनाई गई है। इस मौके पर मयंक द्विवेदी, मंदिर के पुजारी पवन द्विवेदी, मेला प्रभारी हुब्बलाल पाल, अतुल दुबे, राजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## रायपुर रोड पर नाले में मिला अज्ञात युवक का शव

**रनियां।** रायपुर बाया गजनेर रोड स्थित देशी शराब ठेका के पास बने नाले में एक अज्ञात युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फॉरेसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

बुधवार को रायपुर बाया गजनेर रोड पर देशी शराब ठेका के पास नाले में अज्ञात युवक का शव मिलने पर पुलिस ने उसे बाहर निकलवाया और आसपास के लोगां को बुलाकर शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने फॉरेसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य संकलित कराए। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष लग रही है। वह काली-सफेद शर्ट व पीला लोवर पहने हुए था। उसके दोनों हाथां में स्टील के कड़े और गले में रुद्राक्ष की माला थी। थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थाने में भी इस बाबत सूचना भेज दी गई है।




छात्र की मौत पर बिलखते परिजन। अमृत विचार

# संदिग्ध हालात में फंदे पर लटका मिला इंटर का छात्र

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** मानपुर गांव में इंटर के छात्र का शव घर में संदिग्ध हालात में फंदे पर लटकता मिला। परिजन शव उतार कर सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के समय मृतक के माता-पिता घर पर नहीं थे।



सत्यम पाल।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी अरुण कुमार पाल का पुत्र सत्यम पाल (18) इंटरमीडिएट का छात्र था। बुधवार की सुबह वह स्कूल गया था, लेकिन एक घंटे के बाद ही वह घर लौट आया। इसके बाद सत्यम का शव घर के बाहरी कमरे की छत से फंदे पर लटकते मिला। जानकारी पर घर में मौजूद बहन रिया पाल बिलखने लगी। मृतक का मोबाइल घर के बगल में पेड़ के पास मिला। मृतक के माता-पिता लुधियाना में हैं। वहीं पुलिस के पहुंचने से पहले परिजन शव को फंदे से उतार कर सीएचसी ले गए, वहां डॉक्टर ने छात्र को मृत बताया। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि मृतक के माता-पिता के आने का इंतजार किया जा रहा है।

# छेड़छाड़ के दोषी को पांच साल की कैद

- दोषी पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड, सिकंदरा क्षेत्र की घटना

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** सिकंदरा क्षेत्र के एक गांव में करीब सात साल पहले खेत में शौच गई महिला से युवक ने छेड़छाड़ की थी। शोर मचाने पर उसपर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया था। मामले में अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए पांच साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रदीप पांडेय व अमित सिंह चौहान ने बताया कि सिकंदरा क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया था कि उसकी पुत्री अपनी ससुराल से मायके आई थी। 29 जनवरी 2017 की सुबह वह शौच के लिए खेतों की ओर गई थी। तभी अरहर के खेत में छिपे दीपक ने उसकी पुत्री को बदनियती से पकड़कर जबरन दुष्कर्म की कोशिश की। पुत्री ने विरोध किया तो दीपक ने खुरपी से हमला कर उसे घायल कर दिया और भाग गया। पुलिस ने विवेचना करते हुए आरोपी दीपक के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने आरोपी दीपक को दोषसिद्ध करते हुए उसे 5 साल कैद की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड की संपूर्ण 15 हजार रुपये की धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

**आयोजन** पं. दीनदयाल की जन्म शताब्दी व सांसद की माता के निर्वाण दिवस पर पहुंचे पर्यटन मंत्री

# सरकार की योजनाओं से सभी वर्गों को मिला लाभ



निर्वाण दिवस पर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह।



कार्यक्रम को संबोधित करते पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी व अकबरपुर सांसद की माता कनक रानी के अष्टम निर्वाण दिवस कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री दर्शन सिंह स्मृति महाविद्यालय कंचौसी बाजार पहुंचे। उन्होंने अटल टिंकरिंग लैब का लोकार्पण किया गया।

बुधवार कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद उन्होंने मेधातियों, बुजुर्गों, लोकतंत्र सेनानी आदि को प्रतीक चिंह देखकर सम्मानित किया। कहा कि सरकार समाज के विभिन्न वर्गों को उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत है। चलाई जा रहीं योजनाओं व कार्यों से आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ पहुंचा है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले, पूर्व मंत्री भानु प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### छेड़खानी में रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने गांव के ही छोटे बऊवा पर जबरन बदनीयती से घसीटने और विरोध करने पर मारपीट कर गालीगलौज कर धमकी देने की आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र बीनू व पुत्रवधू क्षमा को उनके आचरण ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के लेन देन व अन्य अनैतिक कार्यो के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **चन्द्र कुमार पुत्र स्व0 रामकुमार, निवासी ग्राम- अजयपुर बनीपारा थाना- रूरा तहसील व परगना- डेरापुर जिला- कानपुर देहात।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुर कुकहट वि0ख0 सरवनखेड़ा, कानपुर देहात**

पत्रांक: मेमो   दिनांक: 25/09/2024

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन सहित समस्त शासकीय धनराशि से होने वाले विकास कार्यो हेतु मुख्यतया आंगनबाड़ी केन्द्र, आर0आर0सी0 सेंटर, ग्रे वाटर प्रोजेक्ट, इण्टरलॉकिंग, बाजार निर्माण रायपुर इत्यादि हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा 26/09/2024 से 30/09/2024 तक आमंत्रित है। इसी दिन 30/09/2024 को अपराहन 3 बजे पंचायत भवन में निविदा खोली जायेंगी। कम दर वाली फर्म को कार्यादेश जारी किया जायेगा।

प्रधान<br>ग्राम पंचायत- रायपुर कुकहट<br>वि0ख0- सरवनखेड़ा,<br>कानपुर देहात

सचिव<br>ग्राम पंचायत- रायपुर कुकहट<br>वि0ख0- सरवनखेड़ा,<br>कानपुर देहात

## एक नजर

### अज्ञात युवक ने फावड़े से किया वार, युवक घायल

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव मैकुवा खेड़ा के मजरा हाजीपुर गोशा गांव निवासी मंगलू (35) पुत्र सूर्यबली अपने खेत में नाली की मेड़ काट रहा था। तभी पीछे से किसी ने फावड़े से उसके सिर पर वार क़र उसे घायल क़र दिया। जिससे वह अचेत होक़र वहीं गिर गया। पिता को घायल देख बेटे रवी ने घरवालों को बुलाया। परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे इलाज के बाद घर भेज दिया।

### पटाखा बनाते 2 पकड़े गये

**उन्नाव।** अवैध पटाखा बनाने व भंडारण किये जाने के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बने व अधबने पटाखा सहित निर्माण सामग्री बरामद करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया है। अवैध रूप से बारूद भंडारण व आतिशबाजी बनाते समय बीते दिनों हुए हादसों में कई लोगों की जान गई थी। एसपी दीपक भूकर ने इसके विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके तहत अचलगंज थाना में तैनात दरोगा विनय मिश्रा ने फोर्स के साथ दबिश देकर सुशील व सुरेंद्र को सरांय पचोड्डा गांव से गिरफ्तार किया। पुलिस ने वहां से पटाखा बनाने की सामग्री बरामद की है। इसमें पटाखा बनाने संबंधी विभिन्न सामग्री बरामद की। पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### 13 अक्टूबर को निकलेगी भरत मिलाप शोभायात्रा

**पुरवा उन्नाव।** नगर की ऐतिहासिक भरत मिलाप शोभायात्रा 13 अक्टूबर को पश्चिम टोला स्थित मां आनन्देश्वरी मंदिर परिसर से धूमधाम से निकाली जाएगी। इसकी भव्यता के लिए कमेटी पदाधिकारियों ने बैठक कर रणनीति बनाई। बुधवार को अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी प्रेरणा स्थल पुरवा में भरत मिलाप शोभायात्रा पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें सर्व सम्मति से प्रस्ताव रखे गए। कमेटी के आयोजक योगेंद्र द्विवेदी व अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने बताया कि विशाल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। कोषाध्यक्ष रमेश चंद ने व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया। कमेटी के योजना प्रभारी संजय अवस्थी, मीडिया प्रभारी शिवम चौरसिया व शोभायात्रा प्रभारी ने स्वागत व्यवस्था पर जोर दिया। झांकी व्यवस्थापक यतिराज द्विवेदी, ऋषभ मिश्रा, शनि कुशवाहा, मयंक शर्मा चेतन आदि ने बताया 151 झाकियों की शोभायात्रा निकलेगी। बब्बू बाजपेई, दीपू शुक्ला व कपिल त्रिपाठी आदि रहे।

# जहरीली शराब बेचने में 2 को 10-10 साल की सजा

## जहरीली शराब पीने से हुई थी 3 व्यक्तियों की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



- दोनों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, 2015 में हुआ था हादसा

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत 9 साल पहले जहरीली शराब बनाने व बेचने के आरोप में पकड़े गए दो व्यक्तियों को कोर्ट ने दोषी ठहराया है। कोर्ट ने उन्हें 10-10 साल की सजा सुनाने के साथ उन पर 30-30 हजार जुर्माना भी लगाया गया।


सदर कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजगीपुर करोवन गांव निवासी जगतपाल सिंह ने पुलिस को 23 अगस्त -2015 को दिये शिकायती पत्र में बताया था कि उसके बड़े भाई कृष्ण पाल सिंह (60) ने गांव के राजेंद्र पुत्र कुशल से कच्ची शराब लेकर पी थी। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई थी। पहले जिला अस्पताल फिर कानपुर के हैलट अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था। जहां उनकी मौत हो गई थी। उसने बताया था कि विक्रेता राजेंद्र जहरीली व मिलावटी शराब गंगाघट कोतवाली क्षेत्र के बनी कंजौरा गांव निवासी पूती से लाता था। आरोप था कि इसी शराब के पीने से गांव के अन्य व्यक्ति भी बीमार हुए थे। इसमें कल्लू पुत्र जमुना प्रसाद व हनुमान पुत्र मंगल की भी इलाज के दौरान कानपुर में मौत हुई थी। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर दोनों के विरुद्ध अपमिश्रित शराब बेचने व बनाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एसएसआई श्याम नारायण ने जांच के बाद उनके विरुद्ध छह जुलाई-2016 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से मामला जिला एवं अपर सत्र न्यायालय की कोर्ट संख्या-एक में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। इसमें शासकीय अधिवक्ता अजय कुशवाहा की ओर से पेश की गई दलील व पुलिस द्वारा जुटाए गए साक्ष्य व गवाहों के बयान के आधार पर एडीजे मो. असलम सिद्दीकी ने आरोपी राजेंद्र व पूती को दोषी करार देते हुए उन्हें 10-10 साल की सजा सुनाई है।

# अनुज सिंह एनकाउंटर की होगी मजिस्ट्रेटियल जांच

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 23 सितंबर को एसटीएफ से मुठभेड़ में मारा गया था सुल्तानपुर डकैती का आरोपी

**अमृत विचार।** सुल्तानपुर में भगत जी ज्वैलर्स के यहां हुई दिनदहाड़े 1.35 करोड़ की डकैती के आरोपी की अचलगंज थानाक्षेत्र में एसटीएफ से हुई मुठभेड़ में मौत के बाद डीएम ने मामले की मजिस्ट्रेटियल जांच के आदेश दिए हैं। डीएम ने मजिस्ट्रेट को जांच सौंपते हुए रिपोर्ट देने को कहा है।



अनुज सिंह।

बीती 28 अगस्त को सुल्तानपुर में असलहों के बल पर सर्राफ भरत सोनी के प्रतिष्ठान में पड़ी डकैती में करोड़ों के जेवर बदमाश उठा ले गए थे। यूपी एसटीएफ को बदमाशों को दबोचने के लिए लगाया गया था। डकैती में शामिल अमेठी निवासी अनुज प्रताप सिंह के अचलगंज थानाक्षेत्र में गंगा कटरी के गांव कोलुहागाढ़ा में छिपे होने की सूचना पर बीती 22 सितंबर की रात से लखनऊ एसटीएफ के सीओ प्रमेश शुक्ला की अगुवाई एसटीएफ व अचलगंज पुलिस ने घेराबंदी कर 23 सितंबर कोलुहागाढ़ा-बेथर मार्ग पर बिहारी मंदिर के पास अनुज को घेरा था। भागने के प्रयास में अनुज व उसके साथी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की थी। जवाबी कार्रवाई में एसटीएफ की ओर से हुई फायरिंग में सिर में गोली लगने से अनुज की मौत हो गई थी। एनकाउंटर को लेकर तमाम बयानबाजी शुरू हुई। विपक्ष ने एसटीएफ की कार्रवाई को पूर्व नियोजित बता इसे हत्या के समान करार दिया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीएम ने इस मुठभेड़ की मजिस्ट्रेटियल जांच कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज को यह जिम्मेदारी सौंपी है। इसे लेकर सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज ने बताया कि जांच हमें सौंपी गई है।

## सार-संक्षेप

### युवक ने दोस्त के ससुर पर बोला हमला, मौत

**औरास उन्नाव।** औरास थानाक्षेत्र के कस्बा निवासी राजेश उर्फ उदन का ससुर महेश कानपुर देहात का निवासी था। कुछ समय पूर्व वह अपने दामाद के पास आया था। बीते सोमवार किसी बात को लेकर दामाद व उसके दोस्त से कहासुनी हो गई। जिसके बाद दामाद चला गया और उसके दोस्त ने उसके ससुर के सिर पर पीछे से वार कर दिया। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। घायल की बेटी उसे थाने ले गई। जहां से पुलिस ने उसे सीएचसी औरास भेजा। इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। दूसरे दिन सिर में परेशानी बढ़ने पर मंगलवार को उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बाढ़ के पानी में गिरने से बच्चे की गई जान

**बांगरमऊ उन्नाव।** गांव मेला आलमशाह के मजरा भुड्डा के चारों ओर अभी भी गंगा की बाढ़ का पानी भरा है। यहीं के निवासी संदीप का बेटा साहिल बुधवार सुबह 10 बजे घर के चबूतरे पर खेल रहा था। तभी वह अचानक फिसलकर बाढ़ के पानी में गिर गया। बच्चे को वहां न देख परिजनों ने उसे दरवाजे पर भरे बाढ़ के पानी में ढूंढा तो बच्चा बेहोशी हालत में वहां मिल गया। बच्चे का चाचा लवकुश व अन्य परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### युवा उत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 अक्टूबर को

**उन्नाव।** जिला युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम व साइंस मेले का आयोजन 15 अक्टूबर को कराया जायेगा। युवा उत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य, एकल गायन, समूह नृत्य, समूह गायन, कहानी-लेखन, कविता, भाषण व पेंटिंग (चित्रकारी) आदि विधाओं में कलाकारों को प्रतिभाग कराया जायेगा। जिसमें प्रतिभागी की उम्र 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिये। साथ ही उत्सव में विज्ञान मेले का आयोजन भी किया जायेगा। जिसमें युवा वैज्ञानिकों को अपने मॉडल व हुनर को दिखाने का अवसर प्रदान किया जायेगा। सर्वश्रेष्ठ तीन युवा वैज्ञानिक को पुरस्कृत करते हुए। जोन स्तर पर अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर भी प्रदान किया जायेगा। इच्छुक युवा रजिस्ट्रेशन के लिए 15 अक्टूबर तक अपना आवेदन विकास भवन प्रथम तल कक्ष संख्या-63 व 64 में जाकर जानकारी क़र सकते है।

# संचारी रोगों से निपटने को पूरी निष्ठा से करें कार्य

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बुधवार को नगर पालिका परिषद गंगाघाट के सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के संबंध में एक अंतर्विभागीय संवेदीकरण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कौमुदी पांडेय ने की, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, जिला मलेरिया कार्यालय और अन्य सदस्यगण शामिल हुए।

बैठक में एएमओ मुकेश दीक्षित और सहायक योगिता सिंह ने आगामी अभियान के उद्देश्यों, मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार से रोकथाम के तकनीकी तरीकों और जागरूकता पर चर्चा की। अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करें और किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे संपर्क करें। उन्होंने यह भी कहा कि साफ-सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग के कार्यों को जारी रखें।



संचारी रोग नियंत्रण को लेकर पालिका में होती बैठक।



लोगों को दवा बांटती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

### गांव पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बांटीं दवाएं

**नवाबगंज उन्नाव।** क्षेत्र में गलघोंटू बीमारी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अगस्त के पहले सप्ताह में इस बीमारी का पहला मरीज मिला था। विकासखंड क्षेत्र निवासी तीन बच्चों की इस बीमारी मौत हो चुकी है। वहीं कई में संदिग्ध लक्षणों की पुष्टि हुई है। बीते मंगलवार भी कस्बा निवासी एक बच्चे में डिप्थीरिया की पुष्टि हुई। जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दवा बांटी है। नवाबगंज कस्बा के पछियांव मोहल्ले में अल्ताफ परिवार के साथ किराए के मकान में रहता है। अल्ताफ के पांच वर्षीय बेटे अल्फैज को कई दिनों से बुखार आने के साथ गले में दिक्कत थी। मंगलवार को परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां अल्फैज में डिप्थीरिया के लक्षणों की पुष्टि हुई। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की एक टीम पछियांव पहुंची। टीम ने पीड़ित बच्चे के घर के आसपास के घरों का सर्वे किया। बच्चों की जांच करने के साथ रोग से बचाव के लिये दवाएं बांटी। टीम में डब्लूएचओ बीएमसी सौरभ बाजपेई, एएनएम ज्योति, सीपी वर्मा कोल्ड चेन प्रभारी, रामनरेश सिंह आदि रहे।

### अपने आस-पास जल का ठहराव न होने दें : एसडीएम

**पुरवा।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक तहसील सभागार में एसडीएम उदित नारायन सेंगर ने ली। उन्होंने कहा कि अपने आसपास सफाई रखें, जल ठहराव न होने दें। एंटी लार्वा व फागिंग कराकर लोगों को जागरूक करें। बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 अक्टूबर तक तथा दस्तक अभियान 16 से 31अक्टूबर तक चलेगा। एसडीएम ने तीनों विकास खंडों पुरवा, असोहा व हिलौली के सीएचसी प्रभारी व बीडीओ के साथ भी बैठक की।

# ग्राम समाज की भूमि पर खड़े हरे भरे दर्जनों पेड़ कटवाए गये

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में ग्राम समाज की भूमि पर खड़े दर्जनों पेड़ कटवाकर बेच दिये गये। एक सप्ताह बाद भी काटे गए पेड़ों को लेकर कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीण प्रधान व लेखपाल पर मिलीभगत कर पेड़ कटवाने का आरोप लगा रहे हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जनसार के मजरा छेड़ा में बीती 17 सितंबर को ग्राम समाज की भूमि पर खड़े दर्जनों पेड़ों को काटकर बेंच दिया गया। काटे गए पेड़ों की कीमत करीब 2 लाख से अधिक बताई जा रही है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना लेखपाल को दी लेकिन एक सप्ताह बाद भी लेखपाल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं कराई गई है। जबकि ग्राम समाज की भूमि पर खड़े पेड़ों को नियमानुसार वन विभाग को लिखित प्रार्थना पत्र देने के बाद क्षेत्र का रेंजर इससे संबंधित आख्या मांगता है। इसके बाद रेंजर की अनुमति के बाद पेड़ों का मूल्यांकन कराकर उन्हें कटवाने के बाद बेचा जाता है। साथ ही उस धनराशि को गांव के विकास में लगाया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत बरूआ निवासी एक लकड़ी ठेकेदार ने पेड़ कटवाये हैं। कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीण इस कार्य में एक प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत होने की बात कह रहे हैं। इसे लेकर लेखपाल उमाशंकर राम ने बताया कि पेड़ काटे जाने की सूचना मिली थी। मौके पर देखा गया तो वहां चार-पांच पेड़ काटे गए थे। कार्य रोक दिया गया था।



ग्राम समाज की भूमि पर पेड़ कटने के बाद लगे ठूंठ। अमृत विचार

# नौटंकी में आई महिला कलाकारों से की अभद्रता

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

- बेहटा मुजावर थानांतर्गत गोशा कुतुब गांव में चल रहा था जल विहार मेला व नौटंकी

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गोशाकुतुब में आयोजित परंपरागत जल विहार मेला व नौटंकी में आईं महिला कलाकारों से आधा दर्जन अराजक तत्वों ने अभद्रता कर नौटंकी बंद कराने का प्रयास किया। विरोध करने पर युवकों ने मेला कमेटी के एक सदस्य की जमकर पिटाई कर दी।


गांव गोशा कुतुब निवासी रंजीत पुत्र देवी गुलाम गांव के परंपरागत जलविहार मेला कमेटी का सदस्य है। रंजीत ने बेहटा मुजावर एसओ को दी तहरीर में कहा कि बीती मंगलवार रात मेले में नौटंकी का मंचन चल रहा था। तभी देररात गांव निवासी संजय पुत्र बृजपाल अपने रिश्तेदार नीशू पुत्र देवीचरन निवासी कस्बा ऊगू सहित आधा दर्जन युवकों के साथ वहां आ धमका और मंच पर चढ़कर महिला कलाकारों से गाली-गलौज व अभद्रता करने लगा। उसने नौटंकी बंद कराने का भी प्रयास किया। विरोध करने पर दबंगों ने मेला कमेटी के सदस्य की लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से उसे गंभीर चोटें आई हैं। दबंगों ने धमकी भी दी कि भविष्य में जलविहार मेला कार्यक्रम नहीं होने देंगे। एसओ फूल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना की जांच कर अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 30 सितंबर तक कर सकेंगे हज यात्रा के लिये आवेदन

**उन्नाव।** हज यात्रा-2025 के लिए आवेदन तिथि को बढ़ा दिया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रा की ऑनलाइन आवेदन तिथि को 30 सितम्बर तक के लिए विस्तारित किया गया है। इससे पूर्व 23 सितम्बर तक आवेदन की अन्तिम तिथि निर्धारित थी। लोगों की मांग को देखते हुए आवेदन की तारीख बढ़ायी गई। हज यात्रा की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। जिले में चिन्हित मदरसों में ई-सुविधा केंद्र भी खोले गए हैं। इच्छुक हज यात्री हज कमेटी की वेबसाइट hajcommittee.up.gov.in से जरूरी जानकारी लेकर आवेदन कर सकते हैं।

# ऑनलाइन जुआ खेलकर 15 लाख हारा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



सिपाही सूर्य प्रकाश।

- वीडियो जारी कर सिपाही ने अफसरों से लगाई मदद की गुहार
- कहा 500-500 रुपये सभी सिपाहियों से मेरा सहयोग करवाएं नहीं तो कर लूंगा आत्महत्या
- पुलिस अधिकारियों ने वीडियो का संज्ञान लेकर सिपाही को समझाने का किया प्रयास

**अमृत विचार।** यूपी-112 कार्यालय में तैनात एक सिपाही का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस अफसरों की नींद उड़ गई। सिपाही ने खुद वीडियो वायरल कर बताया कि वह ऑनलाइन गेमिंग में लाखों रुपये हार गया है। अब उसके पास आत्महत्या करने के अलावा दूसरा रास्ता नहीं है। वह आत्महत्या करने का कई बार प्रयास भी कर चुका है। सिपाही ने विभाग के अफसरों से मदद मांगी है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं, वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले का संज्ञान में लिया।

मंगलवार देररात पुलिस लाइन स्थित यूपी-112 कार्यालय में तैनात सिपाही सूर्य प्रकाश ने एक मिनट 20 सेकेंड का वीडियो वायरल करते हुए कहा कि जय हिंद सर मैं कांस्टेबल सूर्य प्रकाश यूपी-112 कार्यालय में तैनात हूं। सर मैं बीते कुछ दिनों से काफी परेशान हूं। मैं बैंक से लोन लेकर व कई लोगों से उधार लेकर ऑनलाइन गेमिंग में करीब 10-15 लाख रुपये हार गया हूं। मेरी मानसिक स्थिति बहुत खराब है। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि मैं क्या करूं। मैंने आत्महत्या का कई बार प्रयास भी किया।

मेरी आखिरी उम्मीद आप हैं। सर मैं आपसे निवेदन करता हूं कि अगर आप हर कर्मचारी से 500-500 रुपये का सहयोग दिला देंगे तो शायद मैं आत्महत्या न करूं। नहीं तो वह आत्महत्या कर लूंगा। महोदय से निवेदन है कि हर कर्मचारी की सैलरी से 500-500 रुपये का योगदान दिला दें जिससे मैं अपना कर्ज भर सकूं और एक सामान्य जिंदगी जी सकूं। कहा कि अन्यथा मैं आत्महत्या के लिए विवश हो जाऊंगा। जय हिंद सर। वीडियो वायरल होने पर एसपी दीपक भूकर ने मामले का संज्ञान लेकर सिपाही को समझाने के प्रयास शुरू किये हैं। साथ ही उसके परिजनों से भी बात की जा रही है।



गेस्ट हाउस के बाहर रोड पर ढाली गई आरसीसी। अमृत विचार

# गेस्ट हाउस संचालक ने कब्जा की पीडब्ल्यूडी की सड़क

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

- 500 मीटर सड़क पटरी पर कब्जा कर करा दी ढलाई

**अमृत विचार।** लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित नसरतपुर जगलेमऊ गांव के बाहर एक गेस्ट हाउस के मालिक ने लोक निर्माण विभाग की करीब 500 मीटर सड़क की पटरी कब्जा कर आरसीसी की ढलाई करा दी। जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर बुधवार को वायरल हो गई। जिसका विभागीय अफसरों ने संज्ञान लेकर कार्रवाई की बात कही है। विभागीय जेई प्रवीण कटियार ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। गेस्ट हाउस मालिक के विरुद्ध नोटिस जारी कर सड़क पटरी को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

**हाल ए सीएचसी** — चिकित्साधीक्षक व पुलिस ने पहुंच कर प्रदर्शनकारियों को कराया शांत

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सीएचसी में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए धरना दिया। किसानों ने चिकित्साधीक्षक से भ्रष्टाचार समाप्त करने और मरीजों का आर्थिक शोषण तत्काल बंद करने की मांग की है।

यूनियन के जिला उपाध्यक्ष कौशल किशोर द्विवेदी के नेतृत्व में एक सैकड़ा किसान सीएचसी पहुंचे और परिसर में धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार समाप्त करने, वहां तैनात डॉक्टरों द्वारा मरीजों को बाहर से महंगी कमीशन वाली दवाओं के बजाए अस्पताल की डिस्पेंसरी से दवा आवंटित करने, मरीजों व तीमारदारों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने, महिला चिकित्सक से प्रसव कराने, सफाई कर्मियों को नियमित ड्यूटी पर बुलाकर सफाई कराने व न्योछावर के नाम पर मरीजों से लूट-खसोट बंद करने सहित अनेक मांगें रखीं।

इसके अलावा रैन बसेरा का ताला खोलने, अस्पताल का जेनरेटर न चलाकर डीजल चोरी करने व अस्पताल में तैनात स्वीपर द्वारा भवन पर कब्जा करने आदि कार्यों पर तत्काल अंकुश लगाने की भी मांग की। प्रदर्शन में कोषाध्यक्ष रामआसरे यादव, नगर अध्यक्ष सरोज कुमार, रामकुमार, इकबाल खान, राजपाल, शिव देवी, कृष्णपाल, इंद्रपाल, सुमेरपुर से ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र, बीघापुर तहसील अध्यक्ष अजय पटेल सहित एक सैकड़ा किसान शामिल रहे।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में धरना देते किसान। अमृत विचार

### चिकित्सकों के कक्ष में की तालाबंदी

**बांगरमऊ।** प्रदर्शन के दौरान किसानों ने ओपीडी में तैनात अधिकांश चिकित्सकों के कक्ष में ताला डाल दिया। जिससे ओपीडी में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं इमरजेंसी वार्ड में मरीजों का तांता लग गया। दोपहर बाद चिकित्साधीक्षक मुकेश कुमार व चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने कक्षों का ताला खुलवाया और किसानों को व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया।

# पकड़े गये चोर का पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान

- एक घर में चोरी की नीयत से घुसे एक युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा था

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** घर में चोरी करने की नीयत से घुसे दो चोरों में एक को ग्रामीणों ने पड़ककर बंधक बना लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की। जिससे क्षेत्रीय लोगों में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

बीती 23 सितंबर को क्षेत्र के टांडा मीता गांव निवासी फजल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर में उसकी पत्नी व बच्चे थे। देररात उसके घर में चोरी की नीयत से दो चोर घुस रहे थे। उन्हें देख ग्रामीणों ने एक को पकड़ लिया और उससे पूछताछ शुरू की। इतने में दूसरा चोर भाग गया। चोर को पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने उसे पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान किसी ने पकड़े गए चोर का वीडियो बनाकर शोसल मीडिया में पोस्ट कर दिया। हालांकि, अमृत विचार ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं, पुलिस ने उसकी पहचान उजेर निवासी सुरसेनी थाना बांगरमऊ के रूप में की। लेकिन, पुलिस ने मामले को गंभीरता से न लेते हुए उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। एएसपी प्रेमचंद ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी, जनपद–उन्नाव।**

पत्रांकः– 130/नि0सू0/सी0–ज0नि0यो0/न0पं0फतेहपुर–84/2024–25 दिनांक–25.09.2024

**ई–निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि पेयजल हेतु व्यवस्था योजनान्तर्गत जारी पत्र संख्या–368/2024/नौ–5–2024/001–Com.No. 1798797 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक– 14 मार्च, 2024 के शुद्धिपत्र दिनॉक– 16 मार्च, 2024 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जलापूर्ति हेतु ट्यूबवेल (डीपबोर), सबमर्सिबल सेट एवं स्टेबलाइजर व पाइप लाइन मरम्मत हेतु सामग्री आपूर्ति/अधिष्ठापन कार्य हेतु ई–निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है।

**:– निविदा अपलोड एवं तकनीकी, वित्तीय बिड खोलने का विवरण निम्नवत् है:–**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 26/ 09 /2024 |
| (b) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 27/09/2024 प्रातः 10:00 बजे से |
| (c) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय | 11/10/2024 प्रातः 11:00 बजे तक |
| (d) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 11/10/2024 प्रातः 11:30 बजे |
| (e) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त |
| (f) | ई–निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर 84–उन्नाव। |

नोटः–निविदा से सम्बंधित विस्तृत विवरण/नियम व शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यावधि तक कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर, चौरासी से सम्पर्क करते हुए प्राप्त कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी,**
**जनपद–उन्नाव।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी,**
**जनपद–उन्नाव।**

## एक नजर

### एचटी लाइन की चपेट में आए पल्लेदार की हुई मौत

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के मोहल्ला शिवनगर में किराए के मकान में रहने वाले गणेश (40) पल्लेदारी का काम करता है। मंगलवार देररात घर जाते समय बाईपास स्थित एक चक्की के बगल में एचटी लाइन टूटकर गिरी देख वह उसे हाथ से हटाने लगा। तभी वह उसमें आ रहे करंट की चपेट में आ गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे लाइन से अलग कर उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आमने-सामने टकराईं डीसीएम, एक घायल

**बिछिया।** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित दही थानाक्षेत्र के रोडवेज वर्कशॉप मोड़ के पास कानपुर से पार्सल का सामान क्षेत्र स्थित एक टेनरी में छोड़कर कानपुर के जाजमऊ लौट रही थी। तभी वह कानपुर से आ रही एक डीसीएम से टकरा गई। जिसमें एक डीसीएम का चालक गयासुद्दीन सिद्दीकी निवासी जौनपुर के खानबेड सरपला डीसीएम में फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा। जबकि दूसरी डीसीएम का चालक बाल-बाल बच गया। इस दौरान हाईवे पर एक घंटे तक वाहन रेंगते रहे। एसओ दही संजीव कुशवाहा ने बताया कि हादसे में एक डीसीएम का चालक घायल हो गया था।

### गंगा नगर शिशु मंदिर में हुआ छात्रों का सम्मान

**शुक्लागंज।** सरस्वती शिशु मंदिर गंगा नगर में संकुल स्तरीय प्रश्नमंच व बौद्धिक प्रतियोगिताओं की विजेता टीमों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदना से हुई। प्रबंधक राकेश ने विज्ञान प्रश्न मंच में अनादि मिश्र व दिव्यांशी गौतम, विज्ञान प्रदर्श में अभिलव्य वर्मा, माही वर्मा, ऋषभ गुप्ता, विज्ञान प्रयोग में शिवांगी, विज्ञान पत्रवाचन में सार्थक अवस्थी, गणित प्रदर्श में गर्व पाल व गणित प्रयोग में हर्ष निषाद को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डा. अनुपम सिंह ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए प्रतिभाओं के विकास पर जोर दिया। संचालन उप प्रधानाचार्य सुरेश सिंह ने किया।

### समय से शुल्क जमा करने पर ब्याज होगा माफ़

**उन्नाव।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) व जिला प्रबन्धक- अनुगम मनोज कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड लखनऊ द्वारा निगम के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, स्वच्छकार योजना एवं अनुविनि योजना के तहत देय ऋणों की वसूली के लिए नवीन एकमुश्त समाधान योजना को एक अक्टूबर 24 से 31 मार्च 25 तक बढ़ाया गया है। योजनाओं के लिए स्वीकृत ऋण की धनराशि पर निर्धारित ऋण वसूली 36 माह व अनुविनि की योजना में 60 माह देय किश्त का ही साधारण ब्याज लिया जायेगा। कोई भी व्यक्ति निगम के जनपदीय कार्यालय 330 सिविल लाइंस पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सामने वाली गली व विकासखंड कार्यालय में तैनात सहायक विकास अधिकारी से संपर्क कर योजना का लाभ ले सकता है।

### हिंदी के महत्व का किया बखान

**उन्नाव।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की ओर से उन्नाव जंक्शन पर हिंदी पखवाड़ा के तहत बुधवार को गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें वक्ताओं ने हिंदी का महत्व बताया। वहीं डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि हिंदी विश्व की एकमात्र वैज्ञानिक भाषा है। इसलिए हिंदी का प्रचार होना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ. शशि रंजना ने बताया कि हिंदी को कामकाज से लेकर बोलचाल की भाषा में शामिल करें। इसके अलावा बच्चों को हिंदी के प्रति जागरूक करें। उन्होंने अपनी रचनाएं सुनाकर वाहवाही लूटी। इस दौरान मंडल के प्रतिनिधि अविनाश कुमार व शुचि अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

---

जलस्तर घटने के बाद भी सैकड़ों मकानों के आसपास व मार्गों में भरा है पानी

# और घटा गंगा का जलस्तर लेकिन दुश्वरियां बरकरार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर खतरे के निशान पार करने के कारण नगर के कई रिहायशी मोहल्ले और ग्रामीण क्षेत्र के कई गांव जलमग्न हो गये थे, इधर गंगा का जलस्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके बावजूद सैकड़ों मकानों के आस पास पानी भरा हुआ है। वहीं मुख्य मार्गों पर पानी भरा होने से लोग नावों से आवागमन कर रहे हैं। जिससे उन्हें परेशानियां उठानी पड़ रही हैं।

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार मंगलवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 112.690 मीटर मापा गया था। जिसके बाद बुधवार शाम पांच बजे घटकर 112.440 मीटर रह गये। चौबीस घंटे में 25 सेंटीमीटर जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। जलस्तर घटने के बावजूद चेतावनी बिंदु 112 मीटर से गंगा का जलस्तर 44 सेंटीमीटर ऊपर चल रहा है। जिस कारण चम्पापुरवा, राजीव नगर, फत्तेहपुर, गगनी खेड़ा, गोताखोर, रविदास नगर, श्रीनगर, अंबिकापुरम, गायत्री नगर, भातू फार्म और अन्य क्षेत्रों में सैकड़ों मकान जलमग्न हैं। प्रभावित गांवों में राशन और अन्य आवश्यक सामान जुटाने में लोगों को कठिनाई हो रही है।

वहीं झब्बूपुरवा, गुर्री पुरवा, अखलॉक नगर, सोलह बीघा में इलाके के तमाम घरों में पानी अभी भी भरा हुआ है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाये तो पोनी चौराहे के पास करीब ढाई से तीन फीट पानी भरा हुआ है।

जिससे आने जाने में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं कुछ मोहल्लों से बाढ़ का पानी कम हुआ है लेकिन निचला इलाका होने के कारण घरों के आस पास बाढ़ का पानी रुका हुआ है।



चंपापुरवा के निचले इलाके में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

**24** घंटे में 25 सेंटीमीटर जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई

**112** मीटर के चेतावनी बिंदु से 44 सेमी ऊपर चल रहा है गंगा का जलस्तर

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पूर्व विधायक ने बांटी खाद्य सामग्री

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगा के जलस्तर में वृद्धि के कारण बाढ़ प्रभावित गांवों में ग्रामीणों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को पूर्व विधायक राम कुमार और डॉ. अभिनव कुमार ने हाजीपुर चौकी क्षेत्र के पटियारा, बहरौला और रामपुर गांवों का दौरा किया और वहां खाद्य सामग्री जैसे ब्रेड और बिस्किट का वितरण किया। इस दौरान किसानों ने अपनी सब्जी की फसलें बाढ़ के पानी में खराब होने की समस्या भी साझा की। पूर्व विधायक ने ग्रामीणों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर अजय यादव, अंशु रावत, संदीप, भीम सिंह और छत्रपाल समेत अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

पूर्व चेयरमैन रंजना गुप्ता के कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, आशुतोष वर्मा, संतोष यादव, दुर्गा तिवारी, अशोक पांडेय, और मनू तिवारी जैसे नेताओं ने भाग लिया। भाजपा नेताओं ने विभिन्न बूथों पर भी जयंती मनाई। जहां अंकुर शुक्ला, सुरेश चन्द्र शुक्ला, विनय तिवारी, विकास मिश्रा, अमरेन्द्र गुप्ता, जैनेन्द्र शुक्ला, अवनीश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी और सूर्य कुमार बाजपेयी सहित कई कार्यकर्ताओं ने पं. दीन दयाल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर व्यापक सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ना है। सदस्यता अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने लोगों से भाजपा में शामिल होने की अपील की, जिससे पार्टी की गतिविधियों को बढ़ावा मिले।



शहर के कासिम नगर में बारिश के पानी से हुए कीचड़ से निकलते लोग। अमृत विचार

## बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर में बुधवार दोपहर बाद हुई कुछ देर हल्की बारिश ने उमस भरी गर्मी से तो राहत दिलाई हैं। वहीं अधिकारियों के दावों की शहर में पोल खोल कर रख दी।

बुधवार को हुई बारिश के चहते शहर के कई मार्गों पर भीषण जलभराव हो गया। दोपहर करीब दो बजे हुई कुछ देर की बारिश में कई मोहल्लों की सड़कों में पानी भर गया। सड़कों पर आवागमन में लोगों को परेशानी हुई। ऐसे में राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। नगर के कासिम नगर, गिरिजाबाग, आवास विकास कालोनी, मोती नगर व शिवनगर सहित शहर में कई जगहों पर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने से हल्की बरसात के बाद लोग परेशान नजर आए। विद्यार्थियों से लेकर कार्यालय और अन्य जरूरी कार्यों से निकले लोगों को कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा।

इससे साइकिल, बाइक चालकों के अलावा पैदल आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं नगर वासियों ने जिलाधिकारी से वार्डों में जलनिकासी की समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की है।

## कृष्ण-सुदामा मिलन की लीला देख भर आई आखें

**शुक्लागंज उन्नाव।** शंकरपुर के सन्नी गांव में 18वें श्री कृष्ण लीला महोत्सव का आयोजन किया गया, जहा बुधवार को कृष्ण सुदामा के मिलन की लीला प्रस्तुत की गई। इस दौरान भव्य झांकियां भी प्रस्तुत हुई। जिसे देख मौजूद लोगों की आंखे भर आई। श्री कृष्ण लीला महोत्सव के दौरान स्वामी कन्हैया लाल दत्तात्रेय और स्वामी विष्णु ने कृष्ण सुदामा के मिलन की लीला कराई। जहां पात्रों ने लीला की। जहां गुरु के साथ कपट और मित्र के संग चोरी करने वाला दरिद्र हो जाता है और उसे कुष्ठ रोग हो जाता है। आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान सुदामा ने अपने मित्र कृष्ण की नजर बचाकर गुरु के दिए चने अकेले ही खा लिए जिस कारण वह दरिद्रता को प्राप्त हुए। द्वारिकापुरी में बचपन के मित्र सुदामा श्री कृष्ण से मिलने पहुंचे और उनका मिलन की लीला हुई।

# हाईवे पर खड़े वाहनों की हो रही बेमानक फिटनेस

हाल-ए-एआरटीओ विभाग

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** वाहनों की फिटनेस कराने के दौरान जो मानक पूरे किये जाने चाहिये उन्हें दरकिनार कर विभागीय अफसर हाईवे किनारे वाहनों की लाइन लगवाकर बेमानक फिटनेस करते आ रहे हैं। इससे जहां फिटनेस हो चुके वाहनों में मानकों की कमियां रह जाती हैं वहीं यह वाहन हाईवे पर हादसों का सबब भी बनते हैं। हाईवे किनारे लगने वाली वाहनों की कतार कई बार हाईवे से गुजरने वाले वाहन सवारों के लिये जानलेवा साबित होती है। लेकिन, सब जानकर भी अफसर इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं।

लखनऊ-कानपुर हाईवे किनारे स्थित एआरटीओ (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी) कार्यालय में फिटनेस कराने को आने वाले वाहनों की पार्किंग के लिये पर्याप्त स्थान नहीं है। इसके चलते विभाग के अफसर ऐसे वाहनों को हाईवे किनारे ही खड़ा करवा देते हैं। जिससे हाईवे पर जाम लगने के साथ ही हादसों का भी भय बना रहता है।

वहीं, ट्रक, डंपर व बस आदि भारी वाहनों के स्वामी भी फिटनेस कराने पहुंचते हैं। लेकिन, वाहन खड़े करने को पार्किंग न होने से इन्हें भी हाईवे किनारे ही खड़ा कर दिया जाता है। ऐसे में फिटनेस करने वाले विभाग के जिम्मेदार खानापूर्ति कर जर्जर वाहन को भी ओके करार दे देते हैं। हाईवे किनारे वाहनों की कतार लगी होने से यहां हादसे होने के साथ जाम की स्थिति भी बनी रहती है।



एआरटीओ कार्यालय के बाहर हाईवे पर खड़े फिटनेस कराने आए वाहन। अमृत विचार

### 31 मई को हुए हादसे में युवक की हुई थी मौत

बीते 31 मई को एआरटीओ कार्यालय के सामने तेज रफ्तार डंपर ने हाईवे किनारे एक जेसीबी में टक्कर मार दी थी। जिसमें सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भरत मिलाप निवासी विशाल प्रजापति की मौत हो गई थी।

### बोले जिम्मेदार

एआरटीओ प्रशासन श्वेता वर्मा ने बताया कि इस समस्या से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। इसे लेकर लखनऊ मुख्यालय पर बैठक भी हो चुकी है। इसका जल्द निस्तारण कराया जायेगा।

## जल जीवन मिशन के कार्यों की देखी प्रगति

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में बुधवार को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के उप्र जल निगम (ग्रामीण) द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें एक्सईएन अजीत कुमार सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज-4) जिले में सतही स्रोत पर आधारित पेजयल योजना के लवकुश बैराज (गंगा बैराज) द्वारा जल को इनटेक वेलमेट में संग्रहित कर डब्ल्यूटीपी के माध्यम से शोधन के बाद जिले के सभी ग्रामीणों को हर घर नल से जल योजना के द्वारा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य हो रहा है।

बताया कि कार्य पूर्ण करने की तिथि 26 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। बैठक में जल जीवन मिशन (फेज-4) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था द्वारा पुरे जिले में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के क्लस्टर के विस्तृत प्राक्कलन का जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से संस्तुति प्राप्त करने योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्या की प्रगति एवं पाइप लाइन बिछाये जाने के दौरान तोड़ी गयी सड़कों की पुन स्थापना की भी सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, उप्र जल निगम (ग्रामीण) के एक्सईएन अजीत कुमार सिंह, एई व जेई, टीपीआई, डीपीएमयू, आईएसए, आईईसी एजेन्सियां व कार्यदायी संस्था मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड लखनऊ के डिप्टी जनरल मैनेजर एचबी सिंह आदि मौजूद रहे।




बैठक में मौजूद जिलाधिकारी गौरांग राठी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## 46 हजार लोगों की स्क्रीनिंग में केवल 3 क्षयरोगी मिले

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** भारत सरकार द्वारा क्षयरोग उन्मूलन के लिए लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों के तहत, सितंबर माह में एक विशेष स्वास्थ्य अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में नगर के विभिन्न स्लम क्षेत्रों में 18 हेल्थ वर्कर की टीमों ने घर-घर जाकर शारीरिक जांच की। इस दौरान करीब 46 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें केवल तीन नए क्षयरोगी (टीबी) मिले।

अभियान की शुरुआत 9 सितंबर से हुई, जिसका उद्देश्य गोताखोर, चंपा पुरवा, राजीव नगर खंती, मनोहर नगर, शक्तिनगर और सीताराम कालोनी में क्षयरोगियों की पहचान करना था। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विपिन पांडेय ने बताया कि 45,954 लोगों की स्क्रीनिंग के दौरान 182 संदिग्ध मामलों की जांच की गई, जिनमें से तीन मरीजों की पुष्टि हुई। ये मरीज अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) से इलाज प्राप्त कर रहे हैं। हालांकि, नगर में सक्रिय क्षयरोगियों की कुल संख्या 320 है। इनमें से 100 मरीज निजी डॉक्टरों से इलाज करा रहे हैं, जबकि बाकी को सरकारी अस्पताल में निशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने इस अभियान के माध्यम से लोगों को क्षयरोग को शीघ्र पहचानने के महत्व को रेखांकित किया है।

## सार-संक्षेप

### पोषण दिवस पर किशोरियों का जांचा स्वास्थ्य

**हसनगंज।** ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र हसेवा गांव के विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान शुरू किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान अनीता देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर सत्र का उद्घाटन किया। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों के एनीमिया से संबंधित जांच में वजन, उंचाई व हिमोग्लोबिन की जांच की। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों का रिकार्ड रख उस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके तीन महीने बाद वैसे सभी बच्चों की दोबारा जांच कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी तथा उसी रिपोर्ट के आधार पर पता किया जाएगा कि बच्चों में एनीमिया के लक्षण हैं या नहीं। बताया कि इसके लिए विद्यालय व उसके पोषित क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन कर एनीमिया से संबंधित जांच की गई। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के वैसे बच्चे जिनकी उम्र 6 माह से 59 माह हैं उनको आईएफए का सीरप, 5 वर्ष से 9 वर्ष के बच्चों के लिए इएफए की गुलाबी गोली व 10 से 19 वर्ष के बच्चों के लिए आईएफए की नीली गोली दी गई हैं।



अभियान के तहत नापी जाती किशोरी का वजन व लंबाई। अमृत विचार



बैराज मार्ग पर झुंड में घूमते गोवंश। अमृत विचार

### अन्ना गोवंश किसानों की फसल कर रहे बर्बाद

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी भर गया। जिससे अन्ना जानवरों की बैराज मार्ग पर भरमार सी आ गई है। वहीं कान्हा गौशाला में पानी भरने के कारण पालिका ने वहां संरक्षित गौवंशों को उन्नाव भेजा है। जबकि अन्ना गोवंशों में अधिकांश गौवंश गौशाला के बताये जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पालिका ने कुछ ही गौवंश भेजे। जिसके बाद रात के अंधेरे में अन्य गौवंशों को छुट्टा छोड़ दिया। जो किसानों की फसलें बर्वाद करने के साथ ही मार्ग दुर्घटनाओं का कारण बने हुये हैं। गंगा का जलस्तर खतरे का निशान पार कर गया। जिस कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश मोहल्लों और गांवों में पानी भर गया है। जिससे यहां आवारा घुमने वाले गोवंशों को शरण लेने की जगह नहीं बची। वहीं बैराज मार्ग ऊंचाई पर बना हुआ है। जिस पर सरैयां रेलवे क्रासिंग से लेकर बैराज चौकी के बीच में जगह-जगह अन्ना जानवरों का झुंड दिखाई दे रहा है। इसके अलावा चंपापुरवा नेतुआ मार्ग पर अधिकांश गौवंश घूम रहे हैं। वहीं कान्हा गौशाला में पानी भरने से पालिका गंगाघाट ने वाहनों से गोवंश को भेजने के लिये लगाये गये थे। जिसमें कान्हा गौशाला में संरक्षित गोवंशों को उन्नाव की गौशालाओं में गौवंश भेजा गया था। जबकि गौशाला के आस पास रहने वाले लोगों ने बताया कि पालिका ने कुछ ही गौवंशों को उन्नाव की गौशाला में भेजा। अन्य गौवंशों को छुट्टा छोड़ दिया है। जिससे बैराज मार्ग और आस पास अन्ना जानवरों की भरमार हो गई है। जो किसानों की धान व सब्जी की फसल गौवंश चटकर बर्वाद कर रहे हैं।




स्कूल में लगे शिविर के दौरान बच्चों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

### अंबिका स्कूल में लगा 3 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने किया। कैंप में चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं और स्टाफ के सदस्यों का वायरल, डेंगू, दांतों और आंखों का परीक्षण किया। डॉ. अजय खन्ना के नेतृत्व में लगे शिविर में जनरल फिजीशियन डॉ. आशीष यादव, नेत्र परीक्षक डॉ. अभिषेक बाजपेई और दंत परीक्षक डॉ. विशाल अरोड़ा ने कक्षा किडजोन से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों और शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने खानपान में सावधानी और साफ कपड़े पहनने के सुझाव भी दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या डेफिनी लेम्यूर ने बताया कि इस प्रकार का स्वास्थ्य परीक्षण कैंप हर वर्ष आयोजित किया जाता है। श्रीमती मीरा रानी सामाजिक उत्थान संस्थान द्वारा आयोजित इस कैंप में विद्यार्थियों के अभिभावकों का भी सहयोग महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान लिटिल किंगडम की कोऑर्डिनेटर मनीषा अवस्थी रहीं।

---

अभियान

तमाम प्रयासों के बाद भी विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मर बनाने में रहे असफल, लोगों को करना पड़ा परेशानियों का सामना

# चंपापुरवा में ट्रांसफार्मर फुंकने से 21 घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज के चंपापुरवा क्षेत्र में मंगलवार रात करीब 11 बजे एक 400 केवीए का ट्रांसफार्मर ओवरलोड के चलते फुंक गया, जिससे सैकड़ों घरों की बिजली 21 घंटे तक गुल रही। स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग को इस समस्या की जानकारी दी, लेकिन कर्मचारी ट्रांसफार्मर को ठीक करने में असफल रहे।

परिणाम स्वरूप 400 से अधिक घरों में रहने वाले लोग पूरी रात अंधेरे में रहे। बुधवार शाम लगभग 7 बजे नया ट्रांसफार्मर लाया गया, जिसके बाद रात 9 बजे के बाद ही प्रभावित क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बहाल हो सकी। इसी बीच, बिन्दा नगर में भी सुबह 6 बजे एबीसी केबल जलने से बिजली की आपूर्ति ठप हो गई। विभागीय कर्मचारियों ने तत्परता दिखाई और केबल बदलकर दिन के करीब 11 बजे सप्लाई को फिर से चालू किया। दोनों क्षेत्रों में बिजली कटौती से लोग परेशान रहे और उनकी दिनचर्या प्रभावित हुई। वहीं अन्य मोहल्ले में भी फाल्ट होने से घंटों बिजली गुल रही। लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।



चेकिंग करते विद्युत विभाग के अफसर। अमृत विचार

### विद्युत विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव मिर्जापुर अजिगांव के मजरे गहाखेड़ा में विद्युत विभाग के अफसरों में एसडीओ पीसी यादव, जेई रामू लोधी, टीजी-टू मंगल सिंह, अवनीश कुमार, अनूप मौर्य, लाइनमैन शेखरदेव राजपूत आदि पहुंचे। इसमें 30 से 35 कनेक्शन चेक किए गए। इस दौरान दो कनेक्शनधारकों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इसे लेकर जेई रामू लोधी ने बताया कि इस तरह की छापेमारी लगातार की जाएगी। बुधवार को करीब 35 कनेक्शन चेक किए गए हैं। जिनमें दो के विरुद्ध क्षमता से अधिक लोड मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### जर्जर विद्युत तार बने आमजन की जान का खतरा

**सफीपुर उन्नाव।** नगर में लटक रहे जर्जर विद्युत तारों को बदलवाने व पोल सही जगह लगवाकर रोज टूट रहे तारों से होने वाली घटनाओं की रोकथाम के लिए नगर पंचायत के तीन सभासदों ने संयुक्त रूप से एसडीएम सफीपुर को ज्ञापन देकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। साथ ही विद्युत विभाग के अफसरों की लापरवाही पर आक्रोश भी जताया। कस्बे के बाबरअली खेड़ा, राहतगंज बाजार व टिकली में जर्जर विद्युत तार टूटने व बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा फोन न उठाने से आपूर्ति बंद होने पर मोहल्ला वासियों को भीषण गर्मी में परेशानी उठानी पड़ रही है। इसे लेकर सभासद बेचेलाल गुप्ता की अगुवाई में सभासद कृष्णपाल, रामखेलावन पाल व सर्वेश गुप्ता ने एसडीएम नवीन चंद्र को ज्ञापन देकर विभागीय कर्मचारियों द्वारा शिकायत न सुनने और समस्या का समाधान न करने से नागरिकों का जीना दूभर हो गया है। बबरअली खेड़ा, राहतगंज व टिकली मोहल्ला वासियों का कहना है कि टूटे तारों से कई बार हादसे हो चुके हैं। लेकिन विभागीय अफसर इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार इसे लेकर विभाग को लिखित रूप से शिकायती पत्र भी दिया जा चुका है। किन्तु अधिकारी मौन हैं। इसे लेकर एसडीएम ने उन लोगों को भरोसा दिलाया कि समस्या का जल्द ही निराकरण किया जाएगा। इस दौरान मनोज चौधरी, शिवम गुप्ता व पूनम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागरा:।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधव:॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

## संपादकीय

# पड़ोस में उम्मीद की नई किरण

पड़ोसी देश श्रीलंका में करीब दो वर्ष पहले उपजे आर्थिक संकट के बीच जो हालात पैदा हुए थे, उसके मद्देनजर विश्व में यह आशंका स्वाभाविक थी कि इस स्थिति से निकलने में देश को शायद काफी वक्त लग जाए, लेकिन राष्ट्रपति के चुनावों के बाद वहां नई सत्ता की स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आई है। वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने नौवें राष्ट्रपति के रूप में श्रीलंका की सत्ता संभाल ली है। दिसानायके की जीत का मतलब है कि श्रीलंका की राजनीति में एक नई शुरुआत हो रही है। देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी की सरकार बनी है। दिसानायके ने राष्ट्रपति की शपथ लेते ही अपने वादे के अनुरूप देश की संसद भंग कर, नवंबर में आम चुनाव की घोषणा भी कर दी। गौरतलब है कि श्रीलंका में वर्ष 2019 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में दिसानायके को सिर्फ तीन फीसद वोट मिले थे। यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि इस बीच श्रीलंका में आर्थिक संकट और बिगड़ती स्थिति के बीच मुख्यधारा के बाकी राजनीतिक पक्षों में से किसी की भी आम लोगों की अपेक्षाओं या उम्मीदों के बीच जगह नहीं बची थी। देश से भ्रष्टाचार खत्म करने, मजदूरों की आवाज उठाने और अच्छा प्रशासन देने के दिसानायके के वादे ने एक तरह से अंधेरे में घिरी आम जनता को उम्मीद की रोशनी दी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस चुनाव में उनके भ्रष्टाचार विरोधी और लोक कल्याणकारी मुद्दों को भारी समर्थन मिला।

नई सरकार आने के बाद भारत और उसके पड़ोसी देशों की इस बात पर नजर रहेगी कि नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के समीकरण में श्रीलंका क्या रुख अख्तियार करेगा? हालांकि दिसानायके ने शपथ लेने के बाद भारत से संबंधों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। पहले से ही इस बात की आशंका जताई जाती रही है कि चीन के कर्ज के जाल में उलझने का असर श्रीलंका के अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और नीतियों पर पड़ सकता है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि राष्ट्रपति दिसानायके मार्क्सवादी हैं इसलिए राजनीतिक तौर पर उनकी छवि चीन समर्थक की है। ऐसे में यह शंका होना भी लाजमी है कि कहीं चीन मार्क्सवादी राष्ट्रपति के शासनकाल का फायदा उठाकर भारत के सुरक्षा हितों को नुकसान न पहुंचा दे। साथ ही वामपंथी विचारधारा के एक नेता के राष्ट्रपति बनने के बाद यह बात भी गौर करने वाली होगी कि श्रीलंका चीन के प्रभाव से किस हद तक मुक्त रह पाता है?

# विकसित देश के लिए जीडीपी के साथ एचडीआई और एचआई आवश्यक



प्रो .एच .सी .पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है।




विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है।

भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज गति से बढ़ रही है। पिछले एक दशक में यह दसवें स्थान से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है और यदि विकास की यही गति रही, तो शीघ्र ही यह तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगी। जैसा कि आईडीबीआई कैपिटल की रिपोर्ट में जिक्र भी किया गया है कि सितंबर माह के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई के माध्यम से 53 हजार करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, जिसमें से 28 हजार करोड़ से अधिक निवेश शेयर बाजार में किया गया।

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों सूचकांकों में पहला, ईएमआईएमआई और दूसरा, ईएम सूचकांक में भारत ने काफी प्रगति हासिल की है, जिसके कारण कई नए स्टॉक इन पोर्टफोलियो से जुड़े हैं। हालांकि चीन का कुल बाजार पूंजीकरण भारत की तुलना में साठ प्रतिशत अधिक है, परंतु इन दो सूचकांकों में भारत की वृद्धि वैश्विक स्तर पर बढ़ती इसकी साख और अर्थव्यवस्था की स्थिरता को इंगित करती है, जिस कारण भारत के बाजार वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बन रहे हैं। क्योंकि जहां एक ओर अमेरिका मंदी की आहट से जूझ रहा है, वहीं विश्व के अन्य देश भी आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं।

ऐसे में भारतीय कंपनियों में भरोसा और भारतीय बाजारों के बढ़ते महत्व को बनाए रखने के लिए विश्वास का वातावरण विकसित करना आवश्यक होगा। क्योंकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार, ढांचागत सुदृढ़ीकरण, मेक इन इंडिया अभियान के तहत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति से विनिर्माण को गति प्रदान करना, सूचना तकनीकी क्षेत्र का विस्तार आदि क्षेत्रों में तेजी से कार्य करना होगा, जिससे अर्थव्यवस्था में जीडीपी का आकार बढ़ेगा और देश विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा। वर्तमान में भारत की जीडीपी 6.5 से 7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष में 8 प्रतिशत की गति से बढ़ी थी। वर्तमान में जीडीपी में कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की भागीदारी क्रमशः 15 प्रतिशत, 28.3 प्रतिशत एवं 56.7 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24 में विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निर्माण गतिविधियों में भी 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कृषि व उद्योग क्षेत्र का अंशदान बढ़ाने पर भी फोकस करना होगा।

हालांकि मार्च 2024 में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात घटकर 2.8 प्रतिशत रह गया, जो 12 वर्षों का सबसे निचला स्तर है। यह बैंकों की परिसंपत्ति में गुणवत्ता सुधार को इंगित करता है। वित्त वर्ष 24 में भारत का सेवा निर्यात 341.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है, जो समावेशी विकास को दर्शाता है। परंतु आर्थिक विकास के साथ-साथ समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मानव संसाधन विकास एवं खुशहाली सूचकांक में भी सुधार किया जाए तभी सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

प्रसन्नता सूचकांक के कई पहलू हैं, जैसे कि जीवन संतोष, भावनात्मक सुख, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक स्थिरता आदि में गुणात्मक सुधार की जरूरत है। इस सूचकांक में विश्व खुशहाली रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्तमान में 146 देशों में 4.054 के खुशहाली स्कोर के साथ 126 वें स्थान पर है। खुशहाली सूचकांक में भारत का स्थान नेपाल, बांग्लादेश और चीन जैसे अपने पड़ोसी देशों से भी कम है, जिससे इसकी विश्वसनीयता पर सवाल भी उठता है।

विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है। मानव विकास सूचकांक पहलुओं में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा, आय, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय आदि शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एचडीआई स्कोर में भारत 193 देशों में से 134 वें स्थान पर है और भारत का एचडीआई स्कोर 0.644 है, जो वर्ष 1990 में 0.434 था जब इसकी शुरुआत हुई थी। पिछले तीस वर्षों में भारत ने इस दिशा में काफी प्रगति की है, परंतु और तेजी से इस दिशा में बढ़ने की आवश्यकता है। इन सूचकांकों पर ध्यान देने से नीति-निर्माताओं को केवल आर्थिक विकास के लक्ष्य को नहीं, बल्कि नागरिकों के समग्र विकास को भी प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी।

प्रसन्नता सूचकांक और मानव विकास सूचकांक जैसे मापदंडों के माध्यम से यह सुनिश्चित होगा कि आर्थिक वृद्धि का लाभ सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। इसलिए आवश्यक है कि सामाजिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएं जाए, इससे न केवल भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों की खुशहाली और संतोष भी बढ़ेगा, जो एक समृद्ध और खुशहाल समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। विकसित भारत का लक्ष्य न सिर्फ जीडीपी की वृद्धि तक सीमित होगा, बल्कि यह मानव विकास सूचकांक और प्रसन्नता सूचकांक को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ही फलित होगा।

## प्रसंगवश

# क्या है क्रांति का मतलब



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्रांति का अर्थ सिर्फ सत्ता का परिवर्तन नहीं होता। सत्ता की कुर्सी पर एक शासक की जगह दूसरे शासक का आ जाना या एक राजनीतिक दल की जगह दूसरे राजनीतिक दल का आ जाना क्रांति नहीं है। बांग्लादेश में शेख हसीना को अपदस्थ कर देना या श्रीलंका में एक वामपंथी का राष्ट्रपति बन जाना क्रांति नहीं है। इसके आगे बढ़ें तो सत्ता के खिलाफ विद्रोह कर देना, हजार-पांच सौ की गर्दन काट देना या सत्ता पर आसीन सरकार को बलात उखाड़ फेकना क्रांति नहीं है। सड़कों पर खून की नदियां बहा देना क्रांति नहीं है।

क्रांति का अर्थ है एक व्यवस्था-सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक को ध्वस्त कर दूसरी नई विकसित व्यवस्था को स्थापित करना। जैसे कि 1789 की फ्रांसीसी क्रांति, जिसने सामंतवादी समाज की जगह पूंजीवादी समाज की स्थापना की। समाजवादी क्रांति का अर्थ है पूंजीवाद के उन तमाम संस्थाओं, प्रणालियों और विचारों को ध्वस्त कर देना, जो मनुष्य को मनुष्य का दुश्मन बना कर रखे हुई है। एक आदमी का दूसरे आदमी से शोषण करवाती है, मानवता विरोधी विचारों को जन्म देती है और मनुष्य की अपरिमित क्षमता को विकसित होने से रोकती है।

क्या आपने कभी सोचा है कि सत्य, दया, करुणा, क्षमा, परोपकार आदि जैसी आज की बहुतेरी अच्छी लगने वाली बातें एक अन्यायी समाज की उपज है कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब ये शब्द संसार की भाषाओं से विलुप्त हो जाएंगे? आज के समाज में जो भी विचार और संस्थाएं हैं, वे सभी मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण पर आधारित विगत काल की सामंतवादी या वर्तमान की पूंजीवादी व्यवस्था के गर्भ से उद्भूत विचार और संस्थाएं हैं।

विगत हजारों साल के क्रम में हम सभी के अंदर ऐसे विचार घर कर गए हैं कि मूर्खतापूर्ण और मनुष्यता विरोधी बातें भी हमें स्वाभाविक लगती हैं। समाजवादी क्रांति का असली अर्थ है मनुष्य की अंतर्निहित क्षमता को उसकी महत्तम ऊंचाई तक पहुंचा देना, दिमाग के तमाम गलीज को बाहर निकाल फेंकना। क्रांति एक छलांग होती है। क्रांति चंद महीनों या कुछ एक वर्षों में वह काम संपादित करती है, जिसकी आज हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मायालोक



आर्य सागर खारी
नोएडा

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है।

रावण के विषय में बताया जाता है। वह मायावी था अपने विविध हमशक्लों को वह युद्ध में इस्तेमाल करता था। वही महाभारत में मय नाम के असुर का उल्लेख मिलता है, जिसने पांडवों के लिए मायावी महल बनाया, जिसमें थल में जल, जल में थल का आभास होता था। प्राचीन यूनानी सभ्यता से लेकर मिश्र, चीनी व भारतीय पौराणिक साहित्य में मायावी किस्सों का बहुलता से उल्लेख मिलता है।

मायावी संसार यथार्थ संसार के ही समांतर चलता है। 20 वीं सदी के शुरुआती दशकों में जब क्वांटम फिजिक्स विकसित हो रही थी तो आमजन ने कल्पना भी नहीं की थी कि यही फिजिक्स आगे चलकर कंप्यूटर विज्ञान की जनक बनेगी और 21 वीं सदी में यह एक ऐसी मायावी तकनीक का प्रसव करेगी, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कहा जाएगा, जो अभी अपनी शिशु अवस्था में है, लेकिन इसकी शिशु अवस्था ही बेहद विस्मित भ्रमित करने वाली है। जब यह तकनीक युवा हो जाएगी तब क्या इस पृथ्वी पर सांस लेने वाले जिनकी धमनियों में लाल रक्त बहता है। ऐसे हम इंसानों अर्थात होमो सेपियंस का अस्तित्व क्या औचित्यहीन हो जाएगा? ऐसे बहुत से सवाल आज प्रत्येक जागरूक मस्तिष्क में कौंध रहे हैं।

यह नीचे चित्र में 'बेन गया' है, यह एक जर्मन सुपरस्टार है। इसके गाने-वीडियो एल्बम की इन दिनों जर्मनी सहित पूरे यूरोप में धूम मची हुई है। इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर भी लाखों फॉलोअर हैं। आप सोचेंगे यह कोई जीता जागता इंसान है



यदि आप ऐसा सोचते हैं तो गलत है। यह जर्मन प्रोग्रामर्स द्वारा तैयार किया गया एआई अवतार है, जिसका इस दुनिया में कोई जैविक अस्तित्व नहीं है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक अस्तित्व है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से बनाया किया गया सुपरस्टार है। इसकी आंखों का रंग नीला व बाल घुंघराले हैं। एआई तकनीक के द्वारा इसे सुंदर चेहरा मोहरा सुरीली आवाज से भूषित किया गया है।

इस मायावी सुपरस्टार के कारण पश्चिम की म्यूजिक इंडस्ट्री सिंगर कंपोजर विस्मित हो गए हैं। जीता-जागता इंसान जहां कलाकार के तौर पर मौलिक सृजन करता है, उसको प्रसिद्धि मिलती है। मौलिकता के अभाव में वही इंसान धुन और गीतों को चुराकर प्रसिद्धि बटोर लेता है। एआई तकनीक की बात करें तो इस तकनीक को इन कामों में स्वभाव से ही महारत हासिल है। नतीजा एआई क्राइम का भी नया जटिल स्वरूप निकलकर आ सकता।

भारत जैसे विकासशील देश में अभी साइबर क्राइम से ही निपटने की अभि कोई ठोस कार्य योजना नहीं। निकट भविष्य में 'बेन गया' जैसे मायावी इंसान शिक्षक डॉक्टर अधिवक्ता के रूप में लोगों को विविध सेवा प्रदान करेंगे। जीता-जागता इंसान क्या रसातल में धकेल दिया जाएगा? क्या इंसान की बौद्धिक हत्या हो जाएगी? यह आशंकाएं कितनी वाजिब है यह आने वाले कुछ वर्षों में ही स्पष्ट हो जाएगा।

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है। एआई दुनिया को बदलने वाला है। दुनिया का जो स्वरूप निकल कर आएगा उसके बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन इतना स्पष्ट है चेतन से प्रेरित बुद्धि का कृत्रिम विकल्प इंसान ने जरूर बना लिया, लेकिन आत्मा जैसे नित्य तत्व को वह नहीं रच पाएगा। आत्मा की नित्यता चेतनता ही एआई जैसी मायावी तकनीक की सीमाओं को नियंत्रित करेगी। आत्म तत्व ही इस तकनीक का नियामक रहेगा। भारतीय आस्तिक षड् दर्शन में भ्रमात्मक विपरीत या मिथ्या ज्ञान की परीक्षा की विकसित तार्किक विवेचना मिलती है।

## सोशल फोरम

# संस्कृत का विरोध क्यों



डॉ पवन विजय
एसोसिएट प्रोफेसर, जौनपुर

दुनिया को गिनती और भाषा का ज्ञान भारत ने कराया, अग्नि को सदा प्रज्वलित करने का विधान, जल का नियमन, पर्यावरण के साथ तादात्म्य करना भारत ने सिखाया। सहज और सरल जीवन पद्धति, परोपकार, करुणा और धर्म को उद्घाटित करने का कार्य भारत भूमि पर सर्वप्रथम हुआ।

एनसीईआरटी के प्रोफेसर प्रमोद दुबे कहते हैं कि वामपंथी संस्कृत का विरोध जानबूझ कर करते हैं ताकि वे एक्सपोज न हो जाएं। उन्हें डॉटर और काऊ की सच्चाई से बहुत डर लगता है। गौ-गऊ-गेऊ-गेऊस्। ग का क होता है प्रगट-प्रकट। वाक् वाग्। गऊ का कऊ-काऊ हो गया। जैसे खाट का कॉट। जो गाय दुहती थी वह लड़की दुहिता-दुहितर कही जाती थी। यही शब्द फारसी में दुस्तर है यही अंग्रेजी में डॉटर। काऊ दूहने वाली लड़की ही डॉटर हो सकती है, न। इनके अस्तित्व पर खतरा है, इन्हें संस्कृत से बहुत डर लगता है। इसी तरह भ्रातृ, भ्रातर, ब्रदर, बिरादर की अवधारणा है। संस्कृत पढ़िए, संस्कृत में रचित आचार्य शंकर की काव्य कुशलता देखकर आप टेनिसन, चौसर और वर्डस्वर्थ को भूल जाएंगे। कालीदास के संस्कृत साहित्य का माधुर्य इतना मोहक है कि शेक्सपियर फीका पड़ जाएगा। संस्कृत का इतिहास आपको आपके गोत्र से जोड़ देगा। संस्कृत पढ़कर आपकी जिव्हा गंगा सी पवित्र और मन पारिजात सा हो जाएगा। पूर्ण की अवधारणा से परिचित होना है तो संस्कृत ही माध्यम है। ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।। अर्थात परमात्मा सभी प्रकार से सदा सर्वदा परिपूर्ण है।

यह जगत भी उस परब्रह्म से पूर्ण ही है, क्योंकि यह पूर्ण उसी पूर्ण से ही उत्पन्न हुआ है। उस पूर्ण में से पूर्ण को निकाल देने पर भी वह पूर्ण ही शेष रहता है। यह शून्य की कल्पना नहीं वास्तविकता है। शून्य यानी सिफर यानी जीरो केवल एक डिजिट नहीं, बल्कि ब्रह्मांड को समझने की कुंजी है। यह कुंजी संस्कृत में ही निर्मित है।

-फेसबुक वॉल से

# योगदर्शन में चैतन्य तत्व



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से .नि ., पुलिस महानिरीक्षक

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है।

भारत के समस्त संप्रदायों में सांख्य सर्वाधिक प्राचीन माना जाता है। सांख्य दर्शन द्वैतवादी दर्शन है, जो चेतन पुरुष तथा अचेतन प्रकृति दोनों को अनादि मानता है। इसमें ईश्वर तत्व का विवेचन नहीं पाया जाता है। इसमें चेतन तत्व को पुरुष कहा जाता है और अचेतन तत्व को प्रकृति। प्रकृति को त्रिगुणात्मिका कहा गया है और जो इस विश्व का मूल कारण है। सांख्य दर्शन के अनुसार मनुष्य सुख-दुःख के प्रपंच में तभी पड़ता है जब वह अज्ञानवश अपने को प्रकृति के साथ जोड़ लेता है। जब वह यह सोचने लगता है कि मैं शरीर हूं, इन्द्रिय हूं, मन हूं तब वह मन, इन्द्रिय और शरीर से संबंधित सुखों और दुःखों को भी अपने आप में आत्मसात करने लगता है और वह सुखी और दुःखी बन जाता है। जबकि वह स्वयं अपने आप में चेतन है, अनादि है, अनंत है, सुख-दुःख से परे है और मन-बुद्धि से परे है। जब प्रकृति पुरुष के संपर्क में आती है तो संतुलन बिगड़ जाता है और प्रकृति तेईस तत्वों का विकास करती है अर्थात बुद्धि, महत्त, अहंकार, मन, पांच संवेदी क्षमताएं, जिन्हें कान, त्वचा, आंख, जीभ और नाक के रूप में जाना जाता है।

सांख्य के कुछ आचार्य ईश्वरवादी हैं तो कुछ निरीश्वरवादी। गीता, महाभारत, स्मृति और पुराणों का सांख्य दर्शन ईश्वरवादी है। कुछ विद्वान कपिलमुनि प्रवर्तित सांख्य को निरीश्वर सांख्य तथा महर्षि पातंजलि प्रवर्तित सांख्य को ईश्वर सांख्य मानते हैं। योगदर्शन में चैतन्य तत्व अर्थात आत्मा को पुरुष कहा जाता है। यह चेतन स्वरूप पुरुष नित्य है, शाश्वत है और योगसाधना का परम लक्ष्य है। योगदर्शन बताता है कि मनुष्य अपने को स्वस्थ और सुखी कैसे बना सकता है। शरीर परम लक्ष्य को प्राप्त करने में एक साधन है। जब शरीर स्वस्थ होता है तब मन भी स्वस्थ और शांत होता है। इसलिए यम, नियम, आसन और प्राणायाम आदि साधनों का उपयोग करते हुए मनुष्य को चाहिए कि वह अपने शरीर को स्वस्थ रखे, मन को शांत करे, बुद्धि को अंतरमुख करे और अपनी वृत्तियों पर नियंत्रण करते हुए मन-बुद्धि और चित्त को भीतरी जगत में ले जाए। इसी को कहते हैं आध्यात्मिक साधना।

योग दर्शन में योग का ईश्वर जीवन का लक्ष्य नहीं है। यह जगत का सृष्टा और पालक भी नहीं है। इस तरह योग में ईश्वर का कोई बहुत महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। मीमांसा सूत्तकार जैमिनि एवं भाष्यकार शबरस्वामी सृष्टि सर्जक के रूप में ईश्वर की सत्ता नहीं स्वीकार करते। इनके अनुसार कर्म ही अपनी शक्ति के फल देने में समर्थ है। ईश्वर को न मानते हुए भी, कुछ विद्वानों का मत है कि मीमांसा दर्शन को निरीश्वरवादी नहीं माना जा सकता है। वेदसिद्ध ईश्वर का खंडन मीमांसा का प्रयोजन नहीं है। वेदांत के विभिन्न संप्रदायों में अद्वैत सर्वाधिक प्रसिद्ध है। अद्वैत के अनुसार केवल ब्रह्म ही परमतत्व है। वह ही परमार्थ सत है, उससे परे संसार में कोई वस्तु नहीं है। शंकर ऐसी अनेक श्रुतियों का उद्धरण देते हैं जैसे 'एक मेवाद्वितीयम्' (छान्दोग्य उप. 6/2/2), एवं 'सर्व खल्विदं ब्रह्म' (छा. उप. 3/14/1)। ब्रह्म ही एक मात्र सत्ता है।

निरीश्वरवादी दर्शनों में लोकायत, बौद्ध और जैन है। लोकायत दर्शन के अंतर्गत स्वर्ग और मुक्ति जैसे काल्पनिक नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार किया गया है और मानव सुख को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना गया है। लोकायत दर्शन के अनुसार यह जगत, यह जीवन ही एकमात्र सत्य है। लोकायत दर्शन ही एकमात्र ऐसा दर्शन है, जो स्पष्ट रूप में ईश्वर, आत्मा, मृत्यु के बाद जीवन और स्वर्ग या मुक्ति जैसे नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार करता है।

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है। बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। बुद्ध ने ईश्वर आदि अलौकिक शक्तियों को अव्याकृत माना अर्थात इन पर बहस करना बेकार है। बुद्ध ने चार महाभूतों (पृथ्वी, अग्नि, वायु एवं जल) को ही सृष्टि का कारक माना है। बौद्ध दर्शन के अनुसार बीज स्वयं ही अंकुरित होकर वृक्ष बनता है। इस प्रकार संसार का अपने आप विकास होता रहता है।

जैन धर्म ईश्वर की सत्ता का खंडन करते हुए कहते हैं कि ईश्वर का अस्तित्व प्रत्यक्ष एवं अनुमान प्रमाण से नहीं सिद्ध होता है। सृष्टि अनादि तथा नित्य है। इनकी किसी एक ईश्वर ने रचना नहीं की है और न इनका कभी विनाश होगा। महावीर स्वामी के अनुसार जीव (प्राणी) अपने कर्मों से ही बंधन में बंधता है।

# प्रदूषित प्रसाद और राजनीति



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आंध्र प्रदेश के तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में अशुद्ध और सामिष गो घृत की पुष्टि हुई है, जिससे देशभर की हिंदू धर्म प्राण जनता में उबाल है। यह मुद्दा वहां के नए पदारूढ़ मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा प्रज्वलित किया गया। उन्होंने गुजरात की प्रयोगशाला में प्रसाद में प्रयुक्त हुए गो-घृत का परीक्षण करवाया, जिसमें चर्बी, मछली के तेल आदि का मिश्रण पाया गया। उन्होंने इस आशय का बयान दिया, बात फैली, जांच बिठाई और आनन-फानन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने इसका संज्ञान ले लिया और कार्यवाही की ओर अग्रसर हुए। राजनेताओं की हर बात में राजनीति जरूर होती है, फिर धर्म का मामला विशेष विस्फोटक और कारगर होता है।

यहां कुछ तथ्य बताना जरूरी है। नायडू इस समय भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए का हिस्सा हैं और संप्रति आंध्र के नए मुख्यमंत्री भी। इसके पहले वहां के मुख्यमंत्री वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया जगन मोहन रेड्डी थे। रेड्डी ने नायडू को जेल भेजा था, जिसमें एक अनुमान के अनुसार मोदी का भी परोक्ष समर्थन था। इस समय जगन मोहन राष्ट्रीय राजनीति के दो खेमों-एनडीए और इंडी गठबंधन में से किसी में नहीं हैं। उनके राज्यसभा में 11 और लोकसभा में 4 सांसद हैं। मोदी की सरकार बैसाखियों पर टिकी एक पराश्रित सरकार है और उन्हें अपने आगामी एजेंडे को सफल बनाने के लिए अभी और ज्यादा समर्थन की दरकार है। ऐसे में उनकी निगाह इन तटस्थ पार्टियों पर है। कहना न होगा कि मोदी-शाह का युग्म विरोधियों को दबाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग आदि का इस्तेमाल करता रहा है। यदि वे एनडीए के समर्थन में आ जाते हैं तो कार्यवाही ठंड पड़ जाती है, अन्यथा उन्हें जेल जाना पड़ता है। ऐसे में यह प्रसाद प्रदूषण प्रकरण का हो हल्ला हो सकता है कि इसी तरह की राजनीति का ट्रेलर हो! अब देखिए। मंदिर का प्रसाद घी 320 रुपए किलो लीटर कई वर्ष से सप्लाई हो रहा था। गाय के घी की स्पष्ट गणित है कि लगभग 30 लीटर दूध में एक किलो घी बनता है और इतना दूध कम से कम 1500 रुपये का हुआ। फिर पारिश्रमिक और कुछ लाभांश भी होता ही है। ऐसे में लगभग 2000 रुपये किलो से कम कीमत में शुद्ध गो घृत की कल्पना ही नहीं की जा सकती।

सवाल यह है कि रेड्डी के मुख्यमंत्री रहते नायडू ने इस मुद्दे पर हल्ला क्यों नहीं मचाया और अब भी नायडू के कार्यकाल में जो ठेका दिया गया है, वह भी 478 रुपये लीटर का ही है। क्या यह घी शुद्ध होगा? कदापि नहीं। सन 2022 में भी मोदी की ही सरकार में देश में खाद्य पदार्थों के एक लाख बहत्तर नमूने लिए गए। जांचोपरांत 44000 नमूने अशुद्ध पाए गए। क्या उनका शुद्धिकरण हो गया? अमूल कंपनी मोदी के गृह राज्य गुजरात की है। बाजार में 600 रुपये किलो घी बेच रही है। इस कीमत में वह शुद्ध दे ही नहीं सकती। गणित ऊपर दी है। फिलहाल मैं मिलावट का विरोधी और शुद्धता का पक्षधर हूं, किंतु वर्तमान प्रसाद प्रकरण में राजनीति ज्यादा, लोक स्वास्थ्य चिंता कम है। जहां तक भगवान की बात है तो वे गीता में कहते हैं, "पत्र, पुष्प, फल या जल जो मुझे भक्ति भाव से अर्पित करता है, उसे मैं सगुण रूप से ग्रहण करता हूं"। यानी भक्ति भाव ही प्रधान है।

# खेत पर रह रहे किसान की नृशंस हत्या

## नलकूप के कमरे से दस मीटर की दूरी पर पड़ा मिला शव , छत पर सो रहे दो मंदबुद्धि युवक घटना से रहे अंजान

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** खेत पर नलकूप के कमरे में सोने गए किसान की मंगलवार देर रात सिर पर धारदार हथियार से वार करके नृशंस हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह खेत पर गए पड़ोसियों ने कमरे से दस मीटर दूरी पर खेत पर उसका रक्तरंजित शव देखा तो चीख पुकार मच गई। वहीं कमरे की छत पर सो रहे दो मंदबुद्धि युवक घटना से अंजान बने रहे। पुलिस और डॉग स्क्वायड ने गहनता से छानबीन की लेकिन अभी कोई सुराग हाथ नहीं लगा। हत्या को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

सैफई थाना क्षेत्र में गांव भाली में रहने 55 वर्षीय वाले किसान यशवीर सिंह गांव से करीब एक किलोमीटर दूरी पर खेत पर लगे नलकूप में बने कमरे में रहते थे। वहां पर सबमर्सिबल पंप लगा हुआ है। वहीं पर वह एक दर्जन पशुओं को भी पाले हुए थे। मंगलवार देर शाम स्वजनों द्वारा भोजन कराने के बाद किसान कमरे में सो रहा था। वहां अर्से से पशुओं की देखभाल करने वाले बिहार प्रांत के दो मंदबुद्धि युवक इस कमरे की छत पर सो रहे थे।

बुधवार सुबह छह बजे गांव की महिला अपने बेटे के साथ पशुओं का दूध निकालने को गई तो दरवाजा खुला हुआ था चारपाई पर खून पड़ा देख वह चीख पड़ी और उसने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कमरे से दस मीटर दूर खेत पर ही किसान का रक्तरंजित शव पड़ा हुआ था। वह अंडरवियर और लोअर पहने हुए थे सिर पर धारदार हथियार से अत्यधिक प्रहार किए गए, जिससे उनका चेहरा पूरी तरह से कुचल दिया गया था।

सूचना पर एसएसपी संजय वर्मा, एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सीओ शैलेंद्र प्रताप गौतम, थाना प्रभारी निरीक्षक अलमा अहिरवार, फोर्स तथा फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर आए। कातिलों की तलाश के लिए डॉग स्क्वायड बुलाया गया लेकिन उसे भी कोई सुराग अभी तक नहीं मिला।


हत्या की घटना के बाद रोती बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

### जल्द पकड़े जाएंगे किसान के कातिल

■ एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि हत्या के शिकार हुए किसान के तीन बेटियां हैं जो शादी शुदा हैं, 26 साल का बेटा मंजेश गांव में घर पर था। मृतक किसान के दोस्त की कुछ दिनों पहले मृत्यु हो गई, उसके बच्चों की भी देखरेख यही कर रहा था। मृतक के बेटे मंजेश की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कुछ तथ्य ऐसे मिले हैं जिनसे किसान के कातिल जल्द पकड़े जाएंगे, इसके लिए पुलिस की टीमें सक्रियता से लगी हुई हैं।

### बंबा में मिला अज्ञात युवक का शव

■ **बकेवर, इटावा ।** थाना क्षेत्र में निवाड़ी कला के पास बंबा में अज्ञात युवक का शव क्षत विक्षत दशा में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । चौकीदार की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। जिस पर सी ओ भरथना अतुल प्रधान आ गए, गांव वालों की मदद से बंबा में पड़े सड़े गले शव को बाहर निकलवाया गया, जिसकी 35 साल उम्र आंकी गई। फॉरेंसिक टीम ने नमूने एकत्रित किए। शव की शिनाख्त कराये जाने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि शव नहर के माध्यम से बहता हुआ यहां आया, शव कई दिन पुराना है जो पानी में रहने से सड़ गया है। उसकी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## गैंगरेप में तीन को आजीवन कारावास

**हमीरपुर।** सत्रह वर्ष पूर्व चार लोगों ने घर में घुसकर दलित युवती के साथ गैंगरेप के मामले में विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) एसके खरवार ने 3 आरोपियों को उम्रकैद सुनाई है। प्रत्येक पर 67-67 हजार जुर्माने लगाया है। विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह ने बताया कि सुमेरपुर थाने में 4 फरवरी 2007 को एक गांव के दलित ने तहरीर में बताया कि वह सुमेरपुर थानाक्षेत्र में उसका परिवार रहता है। वह चंडीगढ़ में काम करता है। 2 फरवरी 2007 की देर रात 12 बजे जब उसकी पत्नी व बच्चे घर में सो रहे थे। तभी गांव में रहने वाला शंभू कुशवाहा जो कि पतारा (कुरारा) का निवासी है अपने 3 साथियों के साथ छत के रास्ते घर में घुस आये और उसकी पत्नी को बंधक बनाकर चारों ने उसकी पुत्री के साथ रेप किया। बुधवार को विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) एसके खरवार ने गैंगरेप के आरोपी शंभू कुशवाहा, भागवली उर्फ अजय पाल व बब्लू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप

### फसल लूट में महिला समेत 6 पर डकैती की रिपोर्ट

**फतेहपुर ।** बटाईदारों के घर में घुसकर 60 कुंतल फसल लूटने का महिला समेत छह पर डकैती का पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामला कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया है। कानपुर जाजमऊ थाना क्षेत्र के डिफेंस कालोनी निवासी रिजवान उल्लाह ने बताया कि उनकी औंग थाना क्षेत्र के आशापुर बेनीखेड़ा में भूमि है। भूमि की देखभाल बटाईदार सुधा देवी पत्नी कैलाश निषाद व सुरेश निषाद करते हैं। कानपुर डोमनपुर अलावलखेड़ा निवासी रतन सिंह, कंसपुर गुगौली गांव की संतोष कुमारी भूमि पर विवाद पैदा कर रंगदारी मांगते हैं। रंगदारी नहीं देने पर रतन सिंह, संतोष कुमारी व चार अन्य लोग 12 मई को बटाईदार के घर ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। डरा धमकाकर ट्रैक्टर में उसका 60 कुंतल गेहूं लूट ले गए है। विरोध करने पर बटाईदारों को जातिसूचक शब्द बोलकर गाली गलौज की। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि आरोपियों में संतोष कुमारी 65 साल की बुजुर्ग हैं। घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। दोनों पक्षों के बीच फसल व अनाज बटवारे का विवाद था। न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना की जा रही है।

### करोड़ों रुपये के गबन में शाखा मालिक समेत दो पर मुकदमा

**अछल्दा,औरैया ।** सिम्बॉयसिस क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी ने तत्कालीन मालिक द्वारा षड्यंत्र एवं बेईमानी की नियत से खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी कर रुपये के गबन के मामले में तत्कालीन शाखा मालिक समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। कस्बा के नहर बाज़ार सिम्बॉयसिस क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी स्थित रविन्द्र सिंह गौर की तहरीर पर पुलिस ने शाखा मालिक यशपाल सिंह व उनके बड़े भाई आसुतोष सिंह पुत्रगण रामनरेश सिंह निवासी नहर बाज़ार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर के अनुसार 2021 से 2023 तक षड्यंत्र एवं बेईमानी करके करोड़ों रुपये उपभोक्ता का लेकर फरार हो गए और वे लोग करोड़ों रुपये की कानपुर में प्रॉपर्टी लेकर आराम से रह रहे हैं। थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नशेबाजी में एक युवक ने दूसरे युवक को मारा चाकू, मौत

**अजीतमल, औरैया ।** क्षेत्र के गांव दलेलनगर में दो युवक नशे की हालत में एक दूसरे से भिड़ गए जिसमे एक युवक ने दूसरे को चाकू मार दिया। चाकू लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी अजीतमल पहुंचाया जहां से हालत गंभीर रहने पर घायल को सैफई रेफर कर दिया गया। सैफई ले जाते समय रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि आरोपी युवक को पुलिस ने मौके से हिरासत में ले लिया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के दलेल नगर निवासी मोहसिन का पड़ोसी नूर आलम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ते बढ़ते मारपीट तक पहुंच गया। इसी बीच मोहसिन के हाथ में कहीं से एक चाकू लग गया। उसने चाकू का वार नूर आलम के पीछे से दांए कंधे के नीचे कर दिया। जिससे नूर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी अजीतमल पहुंचाया जहां से उसे सैफई रेफर कर दिया गया। रास्ते में युवक की मौत हो गई। जबकि आरोपी युवक को पुलिस ने मौके से ही हिरासत में ले लिया।

### पांच फन का सांप बना चर्चा का विषय

**तिर्वा ।** सांप को देखते ही भयभीत युवक ने उस पर डंडा मारा जिससे उसके पांच फन निकल आए। भयभीत युवक ने उसे मारकर अंतिम संस्कार कर दिया। थाना इंदरगढ़ के बहोसी गांव निवासी बब्लू बाथम अपने परिवार के साथ घर के अंदर पडे छप्पर में सो रहा था। मंगलवार की रात उसके आंगन में एक काला सांप दिखाई दिया। युवक ने पास में रखे डंडे से उस पर प्रहार कर दिया। डंडा पड़ते ही सांप के पांच फन निकल आए। इससे पूरा परिवार घबरा गया। डंडे से उसे मार दिया। इसकी फोटो सामने आई है जो चर्चा का विषय बनी है। हालांकि अमृत विचार इस खबर व फोटो की पुष्टि नहीं करता।


डंडे में लटका पांच फन का मृत सांप।

# बालिका से दुष्कर्म के दोषी को 25 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● घटना के 18 माह में ही सुनाया गया फैसला



**अमृत विचार।** बालिका से दुष्कर्म के मामले में त्वरित सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट ने महज 18 महीने में ही दोषी को सजा सुना दी। गत वर्ष फरवरी में हुई घटना में अभियुक्त पर दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने 25 साल की जेल तथा 25 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर दो साल की सजा और भुगतने का आदेश दिया है।

शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे तथा विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि 05 फरवरी 2023 को एक व्यक्ति ने विशुनगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नातिन (11) दोपहर करीब 12 बजे खेत से हरियाली (चारा) लेने गई थी। इस दौरान वहां मौजूद संटी शुक्ला पुत्र श्रीनरायन शुक्ला ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद पीड़ित के खेत जिसमें सरसों खड़ी है में नातिन को गिराकर उसके साथ गलत काम किया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। नातिन की चीख सुनकर वह दौड़कर मौके पर पहुंचा तो आरोपी भाग निकला।

मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। प्रकरण की विवेचना किशन पाल सिंह ने की। इसके बाद आरोप पत्र दाखिल किया गया। बुधवार को सुनवाई पूरी होने के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने दोष सिद्ध अभियुक्त संटी शुक्ला उर्फ पुष्पेंद्र को 25 साल की सजा तथा 25हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर दो साल की जेल और भुगतने का आदेश दिया है। न्यायधीश ने जुर्माने की राशि पीड़िता को हुई मानसिक व शारीरिक पीड़ा की क्षतिपूर्ति के लिए उसे बतौर प्रतिकर दिए जाने के आदेश दिए।

अभियुक्त द्वारा जेल में बिताई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। फैसला सुनाए जाने के बाद दोषी को सजायावी वारंट बनाकर जिला कारागार भेजने का आदेश दिया।

खास बात यह है कि इस मामले में मात्र 18 महीने में ही दोषी को सजा सुनाई गई है।

# पहली सुनवाई में ही कराए जाएंगे पीड़िता के बयान

**किशोरी से दुष्कर्म प्रकरण**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के चर्चित मामले में अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए मजबूत पैरवी की तैयारी पुलिस ने की है। मामले में कहीं कोई गड़बड़ न हो जाए इसलिए पहली ही तारीख में पीड़िता के बयान करा लिए जाएंगे। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है।प्रकरण में अभियुक्त को अधिकतम सजा कराने के लिए इसकी सुनवाई फास्टट्रैक की तर्ज पर पॉक्सो कोर्ट में कराए जाने की तैयारी है। कभी-कभी पीड़िता किसी के दवाब व प्रलोभन से बयान बदल देती है। इसी को ध्यान में रख कर पुलिस तय किया है कि पहली तारीख 30 सितंबर को ही पीड़िता के बयान कराए जाएंगे। इसके लिए उसे प्रत्यक्ष कोर्ट में पेश किया जा सकता है या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी पेशी हो सकती है। सीओ सदर ने बताया कि नवाब सिंह यादव चर्चित मामले में न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ाने में कहीं पर भी चूक नहीं होगी।

# हत्या के दोषियों को उम्रकैद 28-28 हजार का अर्थदंड

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** व्यापारी के बेटे का अपहरण कर फिरौती मांगने और फिर हत्या करने के मामले में दो दोषियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा दी। अर्थदंड भी दिया। अन्य तीन दोषियों को भी कोर्ट ने सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सरैंया निवासी तीरथ प्रसाद केशरवानी ने मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका 15 वर्षीय बेटा संजू 18 मई 2018 की शाम लापता हो गया। परिचितों और रिश्तेदारों के यहां संजू तलाश की। उसने 20 मई को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि बेटे की तलाश के दौरान वह 24 मई 2018 को गांव के शुभम चौबे के घर में बैठा था। इस दौरान शुभम के मोबाइल में उसके बेटे संजू के मोबाइल से किसी ने फोन किया और उससे बात करवाई गई। फोन करने वाले ने संजू को छोड़ने के एवज में 15 लाख रुपये की मांग की और न देने पर बेटे को मार डालने की धमकी दी। रात होने की वजह से वह अगले दिन सबेरे थाने पहुंचा और रिपोर्ट की। 26 मई 2018 को पुलिस ने गांव के बाहर कुयें से संजू का शव बरामद किया। मृतक के पिता का कहना था कि मोबाइल में फिरौती मांगने वाला उसके गांव सरैंया का बृजेंद्र आरख है। उसके बृजेंद्र, ओम प्रकाश उर्फ मुन्ना, नंदकिशोर उर्फ ननका, राजेंद्र व महेंद्र आदि ने उसके पुत्र को मारकर कुयें में फेंका था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। हत्या के मामले में दोषसिद्ध सरैंया निवासी बृजेंद्र आरख व कौशांबी जिले के कटरी निवासी ओम प्रकाश उर्फ मुन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोनों को 28-28 हजार रुपये का अर्थदंड दिया। कोर्ट ने इसके अलावा अन्य दोषियों कटरी निवासी नंदकिशोर उर्फ ननका, सरैंया निवासी राजेंद्र व महेंद्र को चार-चार वर्ष कारावास के साथ पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड दिया।


घायल से जानकारी लेते डॉक्टर।

## सड़क हादसे में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर घायल

**तिर्वा।** कानपुर नगर के निवासी डॉ निखिल गुप्ता डॉ भीमराव रामजी आम्बेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में यूरोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तैनात है। बुधवार को अपनी कार से मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर आ रहे थे। कानपुर कन्नौज मार्ग पर जैसे ही मानीमाऊ के पास पहुंचे तो आगे चल रहे वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे तेज रफ़्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हादसे की सूचना मिलते ही प्राचार्य डॉ सीपी पाल समेत अन्य सीनियर डॉक्टर इमरजेंसी वार्ड पहुंच गए और घायल डॉक्टर का हालचाल लिया। प्राचार्य ने बताया कि कार के एयर बैग खुल जाने से बड़ा हादसा टल गया। हालत में सुधार के बाद डॉक्टर कों घर भेज दिया गया है।

# हत्या के दोषी मां-बेटे को हुआ आजीवन कारावास

संवाददाता,उरई

**अमृत विचार।** एडीजे कोर्ट में ट्रायल पर चल रहे हत्या के मामले में मां-बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जबकि मामले में दो लोगों को दोष मुक्त किया गया।

मामले में अधिवक्ता बृजराजसिंह राजपूत ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा निवासी जितेंद्र कुमार ने कोतवाली में रिपोर्ट दी थी कि 19 अप्रेल 2016 की शाम उसके पिता ललित कुमार यागिक को मुहल्ले के ही धीरेंद्र उर्फ शिवा यादव फसल का हिसाब करने के लिए घर से बुला ले गए थे। देर रात तक उसके पिता घर वापस नहीं लौटे तो वह भाई सतेंद्र के साथ धीरेंद्र के घर गया, जहां पर दरवाजा खुले थे और धीरेंद्र उर्फ शिवा व उसकी मां किरन देवी बहन संगीता व दो अज्ञात लोग उसके पिता को अंदर से घसीटकर आंगन में ला रहे थे। उन्होंने उन लोगों से जानकारी लेनी चाही तो पांचों लोग मौके से भाग गए। उसने पिता को घायल अवस्था में देखा और तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए, जहा पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मां-बेटा और बहन सहित अज्ञात लोगों खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच में संगीता के खिलाफ कोई सबूत नहीं पाया गया और पुलिस ने मां-बेटा के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। एडीजे मोहम्मद कमर ने धीरेंद्र उर्फ शिवा व किरन देवी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### धोखाधड़ी में 3 साल सजा

■ **इटावा ।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 24 साल पुराने धोखाधड़ी के एक मामले आरोपी को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे तीन साल की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार भरथना थाने में वर्ष 2000 में गिरीश नारायण पुत्र नरपाल सिंह निवासी मंदिर दान सहाय के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। सुनवाई अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने गिरीश को दोषी पाया और उसे 3 साल की सजा व दस हजार रूपया के अर्थदंड सुनाया।


## वर्ग पहेली-203

**बाएं से दाएं**

4. 1. जन के लिए उपयोगी, लोकोपयोगी 2. जनसाधारण के लिए हितकर।
5. 1. एक प्रकार का पकवान 2. एक प्रकार की मीठी मठरी।
6. 1. शिष्टाचार, शिष्टाचार की मर्यादा 2. बड़ों का आदर-सम्मान, उनके प्रति विनीत व्यवहार 3. साहित्य 4. कायदा, नियम 5. प्रज्ञा, विवेक।
7. 1. उड़ने की क्रिया या भाव 2. उड़ान
10. 1. किसी के साथ रहना, एकत्र बसना, एक ही आवास में साथ-साथ रहना 2. काम-क्रीड़ा, रति, संभोग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अत्यंत मज़बूत 2. वज्र के समान कठोर 3. पक्का, दृढ़।
2. राजा का पुत्र, राजकुमार।
3. 1. सुंदर, आकर्षक 2. प्रेमी, मौजी 3. हंसमुख
6. संख्या '38' का सूचक।
8. 1. हिमालय की एक चोटी जो तीर्थस्थल के रूप में विख्यात है 2. (पुराण) शिव का वासस्थान।
9. 1. ओष्ठ, होंठ 2. घड़े आदि के मुंह का किनारा, कोर।



### वर्ग पहेली -202 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डो | ड़ा | # | # | # | 2 धे |
| # | # | 3 कॉ | 4 क | टे | ल |
| # | 5 गे | # | लु | # | चा |
| 6 म | र | णो | ष | णा | # |
| # | मा | # | # | # | 7 त |
| # | मू | # | 8 पि | शा | च |
| 9 शा | ली | न | ता | # | ना |

## सुडोकू -116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 9 | | | 5 | 3 | |
| | | 3 | | 4 | | 8 | | |
| 2 | | 6 | | | 8 | | | 4 |
| | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | 7 | 9 | | | | 1 | 2 | |
| | 5 | | 7 | | 3 | | | |
| 9 | | | 6 | | | 3 | | 7 |
| | | 1 | | 8 | | 4 | | |
| | 3 | 8 | | | 5 | | 1 | |

### सुडोकू - 115 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12 .25 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 23 .34 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** – आज घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन काफी अनुकूल है। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं।

**वृष** – आज आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहेगी। भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे।

**मिथुन** – आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश में जॉब का प्रयास कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

**कर्क** – आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** – आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। नई योजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। परिवार में आपके विचारों के अनुसार माहौल रहेगा।

**कन्या** – आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। अपने व्यवहार में संयम अवश्य रखें। शेयर मार्केट में किया गया निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकता है। अपने मन की आवाज सुनें और वैसा ही करें। युवाओं के मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

**तुला** – आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है। माता-पिता आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

**वृश्चिक** – आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीति वाले मुद्दों से दूरी बनाकर रखें। आहार में शुद्धता का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है।

**धनु** – आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों के दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मकर** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए काफी अनुकूल रहने वाली है। किसी रिश्तेदार के साथ आप गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे।

**मीन** – आज अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। परिजनों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। घर में अशांति का माहौल रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
जॉनी आई लव यू – सुबह : 08 .56
कोहराम – रात : 08 .49

**&pictures**
टॉइलेट – एक प्रेम कथा – सुबह : 10 .45
रनवे 34 – रात : 08 .00

**SONY PIX**
द लीजेंड ऑफ टार्जन – सुबह : 10 .02
वेनम – रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
बजरंगी 2 – सुबह : 10 .46
धमाल – रात : 08 .00

**ZEE ACTION**
वेधा – सुबह : 10 .40
मक्खी – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा- सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा- शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति – सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी – मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

# जेजेपी और इनेलो के सामने चौधराहट गंवाने का संकट

## लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस की सीधी लड़ाई में दोनों दल साख पहले ही गंवा चुके

## सरकार गठन में किंगमेकर बनने के लिए बसपा और आजाद पार्टी से कर रखा है गठबंधन

## कांग्रेस प्रचार में वोट कटुआ बताकर कर रही हमला, पर भाजपा सीधे हमले से कर रही परहेज

हरियाणा सत्ता संग्राम

दिग्विजय सिंह, चुनाव डेस्क



जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं को संबोधित करते दुष्यंत चोटाला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हरियाणा विधान सभा चुनाव के लिए प्रचार अंतिम दौर में प्रवेश करने के साथ ही मुद्दों और मतदाता की राय में स्पष्टता आने के संकेत मिलने लगे हैं। राज्य की 90 में से करीब 90 फीसदी सीटों पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच सिमटने और करीब आधा दर्जन सीटों पर निर्दलीयों की जोरदार हुंकार से लोकसभा चुनाव की तरह क्षेत्रीय पार्टियों के हाशिए पर आने का खतरा बनता जा रहा है। मतदाताओं का मन टटोलने पर यही बात उभरकर सामने आती है कि जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) का वोट बैंक खिसक चुका है और विधानसभा चुनाव में दोनों दल सिर्फ अपना वजूद बचाने के लिए चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि दावे और रणनीति की बात की जाए तो इनेलो ने बसपा और जेजेपी ने आजाद समाज पार्टी के साथ यही सोचकर समझौता किया है कि चुनाव के बाद किसी तरह उन्हें सरकार बनाने की हालत में किंग मेकर की भूमिका जरूर मिल जाए।

विधानसभा चुनाव में जेजेपी और इनेलो दोनों क्षेत्रीय दलों की तरफ से प्रचार अभियान में लगातार यह कहा जा रहा है कि हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस में किसी को भी बहुमत नहीं मिलने वाला है, सरकार बनाने में उनकी जरूरत पड़ेगी। कांग्रेस नेता और उसके प्रत्याशी जेजेपी और इनेलो गठबंधन के इस दावे को हवा में उड़ाते हुए हमलावर हैं, वे सभाओं में क्षेत्रीय दलों को जमकर निशाना बना रहे हैं। उनके प्रत्याशियों को वोट कटुआ तक की संज्ञा दे रहे हैं। पार्टी ने भाजपा से सीधे मुकाबले में 10 साल की एंटी इनकंबेसी को आगे रखते हुए बेरोजगारी, अग्निवीर, किसान आंदोलन और पहलवानों के साथ अत्याचार के मुद्दों पर ही अभियान फोकस कर रखा है। इसके उलट भाजपा नेता अपनी जीत का दावा करते हुए राज्य में तीसरी बार सरकार बनाने की बात कह रहे हैं, लेकिन क्षेत्रीय दलों इनेलो, जेजेपी को निशाना बनाने से बच रहे हैं।

ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि अगर लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस और भाजपा में ही सीधा मुकाबला हुआ तो यह चुनाव क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व और उनकी भविष्य की राजनीति पर संकट पैदा कर सकता है। लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय दल 2 प्रतिशत मत भी हासिल नहीं कर पाए थे। इनेलो को 1.74 फीसदी तो जेजेपी को 0.87 फीसदी मत मिले थे। बसपा 1.28 फीसदी मत पर सिमट गई थी। सांसद चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी राज्य में पहली बार चुनाव लड़ने उतरी है। क्षेत्रीय दलों का लोकसभा चुनाव में यह हश्र देखते हुए भाजपा ने विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति में बदलाव किया है। इसकी बड़ी वजह है कि पिछले 5 सालों में हरियाणा में भाजपा के जनाधार में भी गिरावट आई है। लोस चुनाव में भाजपा 46.1 फीसदी वोटों के साथ राज्य की 10 में से 5 सीटें जीतने में सफल रही थी, जबकि कांग्रेस ने 43.7 फीसदी वोट पाकर 5 सीटें भाजपा से छीन ली थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलाना में 2024 में भाजपा के वोट शेयर में 12 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि कांग्रेस ने 2019 के अपने वोट शेयर में 15.3 फीसदी वोट का उछाल पाया है। लोस चुनाव में वोटों का यह बंटवारा इस बात का संकेत है कि हरियाणा में हवा किस तरफ बह रही है। राजनीतिक विश्लेषक चुनाव का रुख पूछने पर उल्टा सवाल करते नजर आते हैं कि जब भाजपा 2019 के लोस चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 की 10 सीटें जीतने के बावजूद कुछ माह बाद हुए विस चुनाव में बहुमत से दूर रह गई थी, तो इस बार कैसे सरकार बना सकती है। 2019 में अगर पार्टी को 5 साल की एंटी इनकंबेसी का सामना करना पड़ा, तो इस बार 10 साल का सवाल है।

### लोस चुनाव में जजपा की हालत पतली रही

- इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ सरकार में शामिल रही जेजेपी को 0.87 फीसदी मत ही मिले। इनेलो को केवल 1.74 फीसदी वोट मिले थे। जाट समुदाय इनेलो और जेजेपी का बेस वोट बैंक रहा है। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में जाट कांग्रेस की तरफ चले गए थे। इसे देखते हुए ही अपनी-अपनी पार्टी का अस्तित्व बचाए रखने के लिए विधानसभा चुनाव में जहां इनेलो को बसपा तो जेजेपी ने चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी से हाथ मिलाया है।

### 2019 में भाजपा को मिले थे 36.49 फीसद वोट

- 2019 के विधानसभा चुनाव की तस्वीर देखें तो तब भी इनेलो से टूटकर बनी जेजेपी के उभार के अलावा अधिकतर निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर हुई थी। भाजपा का वोट शेयर 36.49 और कांग्रेस का 28.08 फीसदी था। दुष्यंत चौटाला की नव गठित जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) 10 सीटें जीतकर तीसरा सबसे बड़ा दल बनी थी। उसे 14.80 फीसदी वोट मिले थे। कभी राज्य की सत्ता पर काबिज रही इनेलो का मत प्रतिशत 2.44 फीसदी रहा और एक सीट ही मिल पाई थी। इससे पहले 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 33.5 फीसदी वोट लेकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। इनेलो 24.11 फीसदी वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस 20.58 फीसदी मतों के साथ तीसरे स्थान पर रही थी। साल 2018 तक इनेलो हरियाणा में दमदार क्षेत्रीय पार्टी थी, लेकिन चौटाला परिवार में फूट पड़ने का सीधा असर चौधरी देवीलाल की बनाई इस पार्टी पर पड़ा। दुष्यंत चौटाला ने अपने पिता अजय सिंह चौटाला के साथ इनेलो से रिश्ता तोड़ा और जननायक जनता पार्टी के नाम से नई पार्टी बना ली। अगर बहुजन समाज पार्टी का हरियाणा में हाल देखा जाए तो वह कभी भी एक सीट से ज्यादा नहीं जीत पाई है। बसपा को 2014 में एक सीट पर जीत मिली, लेकिन 2019 में खाता भी नहीं खुला। बसपा का मत प्रतिशत भी 2019 के चुनाव में सिर्फ 0.16 प्रतिशत ही रह गया था।

## नदी में डूबीं पांच युवतियां एक की मौत, चार सुरक्षित

**हरदोई।** टड़ियावां थाने के कटैय्या मजरा अटवा निवासी प्रमोद की 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका बुधवार की दोपहर अपनी सहेलियों के साथ गांव के पास से निकली सई नदी से नारगुजारी ढूंढने पहुंची। पांचों सहेलियां नदी पार कर रहीं थी,उसी बीच गहराई में पहुंचते ही पानी में डूबने लगी,वहीं कुछ दूर पर ग्रामीण खड़े थे,उन्होने लड़कियों को डूबते हुए देखा और दौड़ पड़े। चार लड़कियों को नदी से बाहर निकाल लिया गया,लेकिन प्रियंका का कोई सुराग़ नहीं लगा। शाम को कई घंटे बाद नदी से उसका शव बरामद किया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत राजापुर जनपद चित्रकूट

पत्रांक 407/ न0पं0 राजापुर / 2024–25 दिनांक 25–09–2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त इच्छुक फर्मों एवं नगर पंचायत राजापुर में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत द्वारा शासन से प्राप्त वंदन योजना एवं पेयजल व्यवस्था योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो के ई–निविदायें दिनांक 26.09.2024 से 08.10.2024 को समय 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक को अपरान्ह 02.00 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी http://etendar.up.nic.in की गयी है, जो देखी जा सकती है। उपरोक्त मदों से कराये जाने वाले कार्यो एवं शर्तो आदि से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत राजापुर, जनपद– चित्रकूट



IS 15700 : 2005

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक,
हंसपुरम योजना संख्या–02, नौबस्ता, कानपुर
E-Mail : emoy2knp@upavp.com

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 BUREAU OF INDIAN STANDARDS SQMS

पत्रांक :– 562/सं.प्र./ **सर्वसाधारण सूचना** दिनांक : 05.09.2024

उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की हंसपुरम योजना संख्या–2, कानपुर में स्थित **साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या ए–497, श्री राम पाल सिंह पुत्र श्री लाल सिंह निवासी– ए–497 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता, कानपुर नगर को परिषद की हंसपुरम योजना संख्या–02 कानपुर में साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या– ए–497 इस कार्यालय के पत्रांक संख्या–137 स.प्र. कानपुर–02 दिनांक 08.01.1996 द्वारा आवंटित किया गया था।** तथा भूखण्ड का भौतिक कब्जा प्रमाण पत्र खण्ड कार्यालय से आवंटी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है। **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** ने अपने प्रार्थना पत्र **दिनांक** 05.07.2024 द्वारा अवगत कराया गया है, कि श्री राम पाल सिंह पुत्र **श्री लाल सिंह की मृत्यु दिनांक** 11.04.2021 को हो गयी है तथा मृत्यु प्रमाण पत्र/पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के साथ अन्य औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने का अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र में मृतक के परिवार में वर्तमान में **श्रीमती शीला देवी** (पत्नी), **श्रीमती शिखा बरतारिया** (विवाहित पुत्री), **श्रीमती दीपिका चौहान** (विवाहित पुत्री) पारिवारिक सदस्य हैं।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि यदि सन्दर्भित सम्पत्ति संख्या **साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या ए–497 को आवंटी श्री राम पाल सिंह पुत्र श्री लाल सिंह** की मृत्योपरान्त नामान्तरण आवंटी की पत्नी **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** के पक्ष में प्रस्तुत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरित करने में किसी को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना को प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपना आपत्ति पत्र कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, हंसपुरम योजना संख्या–02 नौबस्ता, कानपुर में प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात दावा कर्ता **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** के पक्ष में नामान्तरण कर दिया जायेगा। जिसके लिये परिषद उत्तरदायी नहीं होगा।

अन्तरण के उपरान्त यदि कोई वाद–विवाद उत्पन्न होता है तो इसके लिए परिषद उत्तरदायी नहीं होगा। अन्तरण हेतु **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** ही उत्तरदायी होंगे।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**
**(कृते आवास आयुक्त)**



IS 15700 : 2005

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक,
हंसपुरम योजना संख्या–02, नौबस्ता, कानपुर
E-Mail : emoy2knp@upavp.com

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 BUREAU OF INDIAN STANDARDS SQMS

पत्रांक :– 561/सं.प्र./ **सर्वसाधारण सूचना** दिनांक : 05.09.2024

उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की हंसपुरम योजना संख्या–2, कानपुर में स्थित **साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या ए–496, श्री राम पाल सिंह पुत्र श्री लाल सिंह निवासी– ए–496 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता, कानपुर नगर को परिषद की हंसपुरम योजना संख्या–02 कानपुर में साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या– ए–496 इस कार्यालय के पत्रांक संख्या–2320 स.प्र. कानपुर–02 दिनांक 04.10.1995 द्वारा आवंटित किया गया था।** तथा भूखण्ड का भौतिक कब्जा प्रमाण पत्र खण्ड कार्यालय से आवंटी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है। **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** ने अपने प्रार्थना पत्र **दिनांक** 05.07.2024 द्वारा अवगत कराया गया है, कि श्री राम पाल सिंह पुत्र **श्री लाल सिंह की मृत्यु दिनांक** 11.04.2021 को हो गयी है तथा मृत्यु प्रमाण पत्र/पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के साथ अन्य औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने का अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र में मृतक के परिवार में वर्तमान में **श्रीमती शीला देवी** (पत्नी), **श्रीमती शिखा बरतारिया** (विवाहित पुत्री), **श्रीमती दीपिका चौहान** (विवाहित पुत्री) पारिवारिक सदस्य हैं।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि यदि सन्दर्भित सम्पत्ति संख्या **साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या ए–496 को आवंटी श्री राम पाल सिंह पुत्र श्री लाल सिंह** की मृत्योपरान्त नामान्तरण आवंटी की पत्नी **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** के पक्ष में प्रस्तुत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरित करने में किसी को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना को प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपना आपत्ति पत्र कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, हंसपुरम योजना संख्या–02 नौबस्ता, कानपुर में प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात दावा कर्ता **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** के पक्ष में नामान्तरण कर दिया जायेगा। जिसके लिये परिषद उत्तरदायी नहीं होगा।

अन्तरण के उपरान्त यदि कोई वाद–विवाद उत्पन्न होता है तो इसके लिए परिषद उत्तरदायी नहीं होगा। अन्तरण हेतु **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** ही उत्तरदायी होंगे।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**
**(कृते आवास आयुक्त)**


# समय पर किए व्यक्तिगत दावे, फिर भी सर्वे में देरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 9 से 12 सितंबर के बीच बारिश व बाढ़ से बर्बाद हुईं थी फसलें
- कृषि विभाग के पास नहीं किसानों की फोन कॉल का विवरण

**अमृत विचार :** प्रदेश में 9 से 12 सितंबर के बीच बारिश और बाढ़ से बर्बाद फसलों का बीमा कंपनियां सर्वे नहीं कर पाई हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत प्रभावित किसानों ने निर्धारित समय 72 घंटे के अंदर टोलफ्री नंबर पर शिकायत करके व्यक्तिगत दावे कर दिए थे। टोलफ्री नंबर केंद्रीय है। इस कारण कृषि विभाग के पास कॉल और व्यक्तिगत दावों का ब्योरा नहीं है। जिन जिलों में सर्वे समय पर किया गया उसकी कंपनियों ने रिपोर्ट नहीं दी है। बारिश और बाढ़ से सबसे ज्यादा फसलें झांसी, आगरा व चित्रकूट मंडल में प्रभावित हुईं थी। उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमाशंकर सिंह ने बताया कि केंद्र से कॉल व बीमा कंपनियों से जिलेवार सर्वे रिपोर्ट मांगी है।

### करना होगा सर्वे, कंपनियां नहीं कर पाएंगी खेल

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में लागू नये नियमों के आगे बीमा कंपनियां व्यक्तिगत दावा बचाने के लिए निरस्त करके सर्वे में खेल नहीं कर पाएंगी। टोलफ्री नंबर पर दर्ज शिकायतें सीधे केंद्र से कंपनियों को सर्वे के लिए दी गई हैं। सभी का क्षेत्रों में जाकर सर्वे करके रिपोर्ट देनी है। इसकी मॉनीटरिंग करने के साथ किसानों से फीडबैक लिया।

# विजय शर्मा का अवैध अस्पताल आज होगा सील

**बरेली:** डी-फार्मा की फर्जी डिग्री के मामले में जेल गए विजय शर्मा का अस्पताल गुरुवार को सील किया जाएगा। वह बिना पंजीकरण के शांति विहार में अस्पताल चला रहा था।

करीब एक सप्ताह पहले पुलिस की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शांति विहार में अस्पताल में जाकर जांच की थी। जिस भवन में अस्पताल चल रहा था, वहां एक परिवार का निवास कर रहा था, इसकी वजह से उस दौरान अस्पताल सील नहीं किया गया था। टीम ने अस्पताल पर नोटिस चस्पा कर अस्पताल संचालन के दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। बुधवार को समय सीमा समाप्त हो गई है, ऐसे में अब गुरुवार को अस्पताल सील किया जाएगा।

# कब्रिस्तान में मिले जाली करेंसी छापने के कागज, कई खुलासे हुए

कार्यालय संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार:** अतरसुइया के मदरसा में नकली करेंसी छापने का सबूत पुलिस को मिला है। कब्रिस्तान के अंदर जाली करेंसी छापने के कागज़ पुलिस को मिले है। इस मामले में और भी खुलासे हुए है। बताया जा रहा है कि आरोपी मो. जाहिर बांग्लादेश के दो संगठनों के संपर्क में काफी समय से था। वह बांग्लादेश लोकेशन के वीडियो भी भी देखा करता था।

जांच एजेंसियों के मुताबिक, मो. जाहिर जब ओडिशा में रह रहा था तो वह उसी वक्त बांग्लादेश के मौलाना के संपर्क में आया। उसकी सर्च की गई हिस्ट्री में बांग्लादेश की कई लोकेशन सामने आई है। जिन्हें जांच एजेंसियां ट्रेस करने में जुटी हैं।दरअसल, प्रयागराज में नकलीनोट छापने, बच्चों के ब्रेनवॉश करने, आर एस एस आतंकी संगठन शीर्षक वाली एक किताब रखने के मामले में आरोपी मौलवी समेत 4 आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया था। आईबी, एटीएस और सिविल लाइन थाने की पुलिस ने सभी से करीब 7 घंटे पूछताछ की। जिसमें विदेशी फंडिंग और टेरर फंडिंग को लेकर भी पूछताछ की गई थी। चारों आरोपियों को लेकर टीमें दरियागंज कब्रिस्तान पहुंचीं। जो मजार के पीछे है।

मजार के पीछे दो बंडल 500-500 शीट(कागज़) बरामद की गई। जिनसे नोट छापनी थीं। मो. जाहिर ने बताया कि इन बंडल की मदद से भी नोट छापना था। बताया जा रहा है कि मो. अफजल ने छापेमारी के डर से एक दिन पहले ही इन बंडलों को कब्रिस्तान में छिपा दिया गया था, प्रिंसिपल मौलवी तफसीरुल आरीफीन के हिसाब से इन शीट से करीब 3 लाख रुपए के नकली नोट छापे जाने थे।चारों आरोपियों के मोबाइल जांच एजेंसियों के पास हैं। एफएसएल की मदद से डेटा रिकवर किया जा रहा है। मोबाइल में कुछ वीडियो भी मदरसा के मिले हैं।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY**

**VACANCY/REQUIREMENT**

| Post/Profile | Minimum Educational Qualification and Experience |
|---|---|
| Coordinator / Assistant Director-Accreditation and International Relations | i) Master Degree in any Discipline with 10 years Teaching and Research or other relevant experience.ii) Ph.D/. Doctoral degree holder will be preferred. iii) In depth hand-on Experience in related work (NAAC-Accreditation/ NIRF /12-B/IQS Ranking etc.) for any university./ HEIs / Research Establishment iv) Experience of International Relations for University/HEIs / Research Establishment (MoU/ Collaborations/Consultancy / FRRO ) |
| Deputy Registrar (Academics & Administration) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 6-7 Years Experience as Assistant Registrar or its equivalent in teaching/administrative post in University/HEIs /Research Establishment. iii) Thorough knowledge of University Establishment regulations/GovernanceSystem /Recognition and Accreditations. |
| Assistant Registrar ( Academics) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 5-7 years Teaching/administrative Secretarial work or its equivalent in University / HEIs / Research Establishment/ any other organisations.iii) Fully awareness of University Establishment / Governance System.iv) Proficient in Computer operations. |
| Examination Assistant | I) Minimum Graduate Degree in any Discipline. (BCA / MCA will be preferred) ii) Proficient in Computer Operation. MS Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 year of University Examination system. |
| Computer Operator/ Admin. Assistant | i) Minimum Graduate Degree in any Discipline ii) Proficient in Computer operations, MS-Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 years/Freshers may also apply. |

**Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly -243006 ( U.P)**
Resume may be sent within 15 days from the date of Advertisement at : registrar@biu.edu.in Whattsapp: 9799527611
Applicants may also submit their updated Resume online at : www.biu.edu.in/career


### पूर्व विधायक अनूप संडा मामले में दरोगा का बयान दर्ज

**सुलतानपुर :** खराब बिजली व्यवस्था को लेकर रोड जाम, सरकारी कामकाज में बाधा, पुलिसकर्मियों से अभद्रता और अन्य आरोपों में पूर्व विधायक अनूप संडा समेत 34 के खिलाफ जारी मामले में बुधवार को अभियोजन गवाह अपर आयुक्त ट्रैफिक लखनऊ शिवाजीत सिंह का बयान एमपी–एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया। विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद मिश्र के मुताबिक खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ सपाइयों ने दो सितंबर 2008 को शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इसी मामले में पूर्व विधायक अनूप सण्डा, उनके सहयोगी और अब राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, रवींद्र तिवारी, रिजवान व सबलू समेत 34 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। वहीं, महामारी अधिनियम से जुड़े अन्य मामले मे पूर्व विधायक अनूप संडा ने कोर्ट में हाजिर होकर जमानत कराई। कस्बे के पास बिना अनुमति जनसभा करने के मामले में पूर्व विधायक पर कोर्ट ने आरोप तय किए।

# भाजपा हटाओ-देश बचाओ यात्रा का किया गया ऐलान

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच नम्बर चौराहे पर बुधवार को निषाद समाज का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद अवधेश प्रसाद रहे। विशिष्ट अतिथि जय हिंद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल निषाद रहे। अध्यक्षता निषाद समाज के मिल्कीपुर विधानसभा अध्यक्ष शिव वरदान ने की।

सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि निषाद समाज का समाज में महान योगदान रहा है। स्व: मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को जेल से निकाल कर संसद में भेजा था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूरे देश में कोहराम मचा रखा है। उत्तर प्रदेश में लूट मची हुई है।

# बाजार से मंगाकर मंदिरों में भोग लगाने की परंपरा हो बंद

**अयोध्या :** तिरुपति के लड्डू में चर्बी के मामले पर संतों की नाराजगी कम नहीं हो रही है। संतों की बैठक के दौरान यह तय हुआ कि मंदिरों के गर्भगृह में लगने वाले भोग प्रसाद की शुद्धता और पवित्रता के लिए मंदिर के ही रसोई में प्रसाद तैयार किया जाये। बाहर से आने वाले प्रसाद से भोग नहीं लगाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। बड़ा भक्तमाल में बुधवार को संत श्री तुलसीदास रामलीला न्यास की बैठक में संतों ने मठ-मंदिरों के व्यवस्थापकों से अपील किया कि बाजार का भोग प्रसाद प्रभु को कतई अर्पित न करें।

तैयारी | फिल्मी रामलीला को अमर्यादित बताते हुए किया ऐलान, लाइव प्रसारण भी होगा

# पहलीबार प्राचीन रामलीला में संत निभाएंगे पात्रों का किरदार

अयोध्या कार्यालय

- संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति के द्वारा रामलीला के आयोजन की बैठक सम्पन्न



रामलीला को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते साधु-संत। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनगरी के भगवताचार्य स्मारक सदन में परंपरागत रूप से 30 सितंबर से प्रारंभ हो रही प्राचीन रामलीला में पहली बार संत भी पात्रों का किरदार निभाएंगे। फिल्मी रामलीला को अमर्यादित बताते हुए संतों ने इसका ऐलान किया है। इसका प्रसारण आस्था और संस्कार चैनल पर लाइव होगा।

संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति के द्वारा रामलीला के आयोजन को लेकर संतों की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें रामायण के प्रसंग पर अयोध्या के ही कलाकारों के द्वारा 30 सितंबर से लेकर 14 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक तक का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इस वर्ष होने वाली रामलीला में रोजाना कोई न कोई संत रामलीला में किसी न किसी पात्र में नजर आएंगे। रामलीला न्यास के कोषाध्यक्ष महंत अवधेश दास ने कहा कि अयोध्या में फिल्मी रामलीला होती है, जिसमें फिल्मी कलाकार रामलीला करते हैं। यह रामलीला अमर्यादित है। अयोध्या की धरती पर मर्यादित रामलीला का मंचन किया जाना चाहिए। वहीं महंत राघवाचार्य ने कहा कि प्रभु राम की लीला सनातन धर्म और हिंदुओं की परंपरा संस्कृति से अनुसार किया जाना चाहिए है। इस दौरान निवाड़ी अनी अखाड़ा के महंत मुरली दास, महंत जन्मेजय शरण, पुजारी हेमंत दास, संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास, राम लखन दास नागा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### कार्यक्रम

- 30 सितंबर को नारद मोह, रावण जन्म
- 1 अक्टूबर को श्री राम जन्म, मुनि आगमन
- 2 अक्टूबर को फुलवारी लीला, नगर दर्शन
- 3 अक्टूबर को धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद
- 4 अक्टूबर को सीताराम विवाह महोत्सव, श्री राम कलेवा
- 5 अक्टूबर को कैकेई कोप भवन, वन गमन लीला
- 6 अक्टूबर को निषाद मिलन, दशरथ मरण, चित्रकूट
- 7 अक्टूबर को नककटैया, सीता हरण, सुग्रीव मिताई
- 8 अक्टूबर को बालि वध, लंका दहन
- 9 अक्टूबर को विभीषण शरणागति, सेतुबंध
- 10 अक्टूबर को अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति
- 11 अक्टूबर को कुंभकर्ण, मेघनाथ वध, सुलोचना सती
- 12 अक्टूबर को अहिरावण वध, रावण वध
- 13 अक्टूबर को भारत मिलाप-भव्य शोभायात्रा
- 14 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक, बंदर विदाई

### संतों की चेतावनी मर्यादा में हो रामलीला

- अयोध्या में फिल्मी सितारों की रामलीला के मंचन को लेकर अयोध्या के साधु-संतों में नाराजगी है। संतों का आरोप है कि किरदार निभाने वाले कलाकारों के मन में किसी प्रकार का भाव नहीं दिखाई देता। हालांकि इस रामलीला के आयोजन को लेकर विरोध नहीं कर रहे, लेकिन लीला का मंचन मर्यादा के अनुकूल होना चाहिए। वहीं संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने चेतावनी भी दी है कि आमर्यादित रामलीला का मंचन किया गया तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जाफरपुर विकास खण्ड सैफई–इटावा।

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत–जाफरपुर/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांक 24/09/2024

**निविदा सूचना**

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत जाफरपुर सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15 वें वित्त / पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद/पी0एफ0एम0एस0 निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने बाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत जफरपुर विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 26–09–2024 से 03–10–2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 03–10–2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 26–09–2024 से 03–10–24 तक ग्राम पंचायत जाफरपुर सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रात: 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खेल मैदान की वाउण्ड्रीवाल का निर्माण। | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 1,77,189.00 | 3544.00 | 300.00 |
| 2. | प्रा0 विद्यालय से सड़क तक सी.सी. रोड मरम्मत | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 2,60,907.00 | 5218.00 | 300.00 |
| 3. | सड़क से उत्तम के घर तक सी.सी. मरम्मत | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 1,04,452.00 | 2090.00 | 300.00 |
| 4. | शमशान घाट की वाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 1,77,189.00 | 3544.00 | 300.00 |
| 5. | ओपन जिम स्थापना | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 2,00,000.00 | 4000.00 | 300.00 |
| 6. | न0 दरियाव में सड़क से शैलेन्द्र के घर तक CC निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 2,05,000.00 | 4100.00 | 300.00 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत जाफरपुर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

01. अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वत: निरस्त की दी जायेगी।

**प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**ग्राम पंचायत जाफरपुर विकास खण्ड सैफई–इटावा।**



**2500** कंपनियों ने लगाए स्टाल

**350** खरीदार पहुंच चुके हैं ट्रेड शो में



**200** से अधिक कलाकार पेश करेंगे कार्यक्रम

**04** दिन चलेगा रंगारंग कार्यक्रमों का दौर



## उत्तर प्रदेश के हुनरमंद



बरेली की अंजू।



बरेली की पिंकी।



लखनऊ के मो. फहीम और अकील।



संभल के शहादत हुसैन।



पीलीभीत के रिजवान।

# ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा उप्र.

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा, एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** इंटरनेशनल ट्रेड-शो के फलदाई आयोजन से अभिभूत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के अभियान के साथ ही यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा है। यह वही यूपी है, जो सात वर्ष पहले देश के विकास का बैरियर माना जाता था, लेकिन आज यह देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। इसमें एमएसएमई सेक्टर की बड़ी भूमिका है। कोई भी बड़ा औद्योगिक निवेश बिना एमएसएमई बेस के आगे नहीं बढ़ सकता है।

**एमएसएमई की महत्ता बताई**

योगी ने कहा कि यूपी में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद यदि कोई एमएसएमई यूनिट आपदा का शिकार होती है तो राज्य शासन की तरफ से उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री और निजी क्षेत्र में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की कार्रवाई तेजी के साथ बढ़ी है। ओडीओपी योजना की सफलता के साथ ही यूपी के पास सर्वाधिक 75 जीआई टैग हैं। प्रोत्साहन के अभाव में जो उत्पाद दम तोड़ रहे थे, आज उसे आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यूपी के अलग-अलग सेक्टर में भी अनेक कार्य हुए हैं। यूपी का जो प्रोडक्शन है, उन्हें भी शोकेस का अवसर यूपीआईटीएस उपलब्ध करा रहा है।



ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की शुरुआत करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### यहां होंगे अनेक कार्यक्रम

योगी ने कहा कि पांच दिन तक जी2जी, जी2बी समेत अनेक कार्यक्रम होंगे, जो न केवल यूपी के पोटेंशियल, बल्कि सांस्कृतिक-सामाजिक विविधता के विभिन्न पक्षों को प्रदर्शित करने के साथ ही उचित फोरम के रूप में स्थापित भी करेंगे। यह यूपी के उद्यमियों के लिए अपने प्रोडक्ट को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर होगा।

### बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा प्रदेश

योगी ने बताया कि यूपी न केवल एमएमएमई के बेहतरीन बेस, बल्कि बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा है। वर्तमान में यूपी में छह एक्सप्रेसवे कार्य कर रहे हैं, सात पर कार्य चल रहा है। प्रदेश में 11 एयरपोर्ट कार्यरत हैं, 10 पर कार्य चल रहा है। 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील है, जबकि देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को इस वर्ष तक बनाने का लक्ष्य है। देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेसवे भी पश्चिमी यूपी को पूर्वी यूपी से जोड़ रहा है। प्रयागराज महाकुंभ-2025 से पहले इसे क्रियाशील करने के लिए प्रयासरत हैं। रेल व सड़क का सबसे बेहतरीन नेटवर्क यूपी के पास है। यूपी सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही स्किल और अनस्किल मैनपॉवर का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन दे रही है।

### यूपी के उत्पाद, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा शो

ट्रेड शो मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच दिन तक चलने वाला ट्रेड शो यूपी के उत्पाद, पोटेंशियल, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा। 2500 से अधिक एग्जीबिटर्स, 350 से अधिक फॉरेन बॉयर्स उपस्थित हो चुके हैं। पार्टनर कंट्री के रूप में वियतनाम के सहभागी बनने पर सीएम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने वियतनाम के डेलीगेट्स से मुलाकात भी की। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, लोकनिर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह, औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, विधायक धीरेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी आदि मौजूद रहे।

**वियतनाम के सहभागी बनने पर जताया आभार**

## देश-विदेश के लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मोह लिया मन

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में बुधवार से शुरू हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में जहां देशभर की 2500 विभिन्न कंपनियां अपने स्टॉल लगाकर अपने उत्पादन व संस्थान की विशेषताओं की जानकारियां दे रही हैं। वही संस्कृति विभाग ने यहां आने वाले लोगों को प्रदेश की लोक कलाओं से अवगत कराने व उनके मनोरंजन की भी व्यवस्था की है। बुधवार शाम प्रयागराज की प्रीति सिंह ने ढेढ़ीया नृत्य, बांदा के रमेश पाल ने पाई-डंडा, अयोध्या के शीतला प्रसाद वर्मा ने फरुवाही नृत्य और नोएडा के गौरव नागर ने गुजरी नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुक्ताकाशी मंच पर नोएडा की माधवी मधुकर नए भजन, वियतनाम के कलाकारों ने लोक नृत्य और कानपुर के अंकित तिवारी ने सुगम संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

- अयोध्या के शीतला प्रसाद ने फरुवाही नृत्य ने मन मोहा
- कानपुर के अंकित का सुगम संगीत रहा आकर्षण का केंद्र

गुरुवार को कौशांबी के कलाकार संतोष कुमार मसकबीन, अयोध्या की सुनिष्ठा मित्रा बधावा लोकनृत्य, आगरा के देवेंद्र एस मंगलामुखी कथक नृत्य नाटिका, झांसी की वंदना कुशवाहा राई लोकनृत्य, मथुरा के राजेश शर्मा मयूर, सोनभद्र के महेंद्र मादल और आजमगढ़ के उमेश कनौजिया धोबिया लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। मुक्ताकाशी मंच पर आज शाम वोलीबिया, रूस, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, ब्राज़ील, वेनेजुएला के कलाकारों द्वारा आईसीसीआर के माध्यम से सांस्कृतिक लोग गायन और प्रयागराज की नीलाक्षी रॉय व लखनऊ की कनिका कपूर लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। 27, 28 व 29 सितंबर को पीलीभीत के बंटी राणा थारू लोकनृत्य, सोनभद्र की सुरतिया सिंहा लोकनृत्य, मथुरा के दीपक शर्मा मयूर लोकनृत्य, गाजीपुर के सुनील धोबिया लोकनृत्य, झांसी के जीके शर्मा सैरा लोकनृत्य, अयोध्या की अराधना गौतम बधवा लोकनृत्य, लखनऊ की प्रीति तिवारी कथक नृत्य नाटिका, गोरखपुर के रामज्ञान यादव फरुवाही लोकनृत्य, अमेठी के त्रिपुरारी महाराज नटवरी नृत्य, प्रयागराज की बिना सिंह ढढ़ीया नृत्य और झांसी के रघुवीर सिंह यादव पाई-डंडा नृत्य की प्रस्तुति देंगे। 27 सितंबर की शाम को मुक्ताकाशी मंच पर मथुरा की माधुरी शर्मा ब्रिज के लोक गायन वाराणसी के विशाल कृष्णा शिव तांडव कथक नृत्य नाटिका और पवनदीप अरूणिता सुगम संगीत प्रस्तुत करेंगे। इसी मंच पर 28 की शाम लखनऊ की संजोली पांडे संस्कार गीत गायन, सहारनपुर की रंजना नेब कथक नृत्य (रामकथा नाटिका) व माधवा बैंड का कृष्ण भक्ति गायन होगा। शो के अंतिम दिन 29 सितंबर की शाम मुक्त काशी मंच पर महोबा के जितेंद्र चौरसिया बुंदेली लोक गायन, आगरा की प्रीति सिंह हनुमान चालीसा पर नित्य नाटिका व डॉ.पलाश सेन यूफोरिया बैंड की प्रस्तुति देंगे।

# योगी राज में बदले हालात तो उद्यमियों के सपनों को लगे पंख

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेहनत से उत्तर प्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। सुदृढ़ कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर नकेल का परिणाम है कि अब बिजनेस के क्षेत्र में नित नई ऊंचाई छू रहा है। शहर-ग्रामीण परिवेश की महिलाएं भी सुरक्षा की भावना के साथ कारोबार कर रही हैं। युवा बेहतर भविष्य के लिए नौकरी मांगने नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा है। यूपी के विकास और तरक्की की बानगी ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दिखी। बुधवार को शो के पहले ही दिन बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे।

### प्रोत्साहित करती है योगी सरकार : उत्प्रेरक

सिद्धार्थनगर के उत्प्रेरक ने एक साल पहले स्टार्टअप शुरू किया। उनकी कंपनी काला नमक चावल से बेकरी उत्पाद बनाती है। उत्प्रेरक कहते हैं कि इन्वेस्ट यूपी से स्टार्टअप के लिए अप्लाई किया था। तय समय में कारोबार तो शुरू हुआ ही, योगी सरकार ने सब्सिडी भी दी। यही नहीं, सरकार उनके बिजनेस को लगातार प्रोत्साहित करती है। इन्हें थाईलैंड सरीखे देशों में लगने वाली प्रदर्शनी में भी भेजा गया।

### सरकार से मिली ट्रेनिंग और किट : आयशा

प्रयागराज की आयशा बेगम मूंज के उत्पाद बनाती हैं। आयशा कहती हैं कि उनके साथ 20 और महिलाएं जुड़ी हैं। मूंज बनाने के लिए सरकार ने उनकी टीम की सभी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान खाने की व्यवस्था से लेकर किट भी उपलब्ध कराई गई। आयशा ने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है। योगी सरकार द्वारा इसे लेकर आमजन को जागरूक किया गया है, इसकी वजह से मूंज से बने उत्पादों की मांग अब बढ़ने लगी है।

### स्वयं सहायता समूह की सफल गाथा हैं गुंजन

ट्रेड शो के पहले ही दिन अंबेडकर नगर की गुंजन के स्टॉल पर भीड़ लग गई। गुंजन द्वारा बनाए पिज्जा की हर कोई तारीफ कर रहा था तो वहीं गुंजन सरकार को धन्यवाद दे रही थीं। गुंजन ने बताया कि उनके पति होटल पर काम करते थे। कोरोना काल में नौकरी छूट गई। गुंजन ने स्वयं सहायता समूह से 10 हजार रुपये उधार लेकर पिज्जा बनाने की मशीन खरीदी। बहुत जल्द काम चल निकला। इसके बाद गुंजन ने स्वयं सहायता समूह से दूसरी बार 50 हजार और बाद में एक लाख रुपये लेकर बड़ी मशीन खरीद ली।

### दिल्ली के मुकाबले योगी सरकार दे रही अधिक सब्सिडी : संयम

मुजफ्फरनगर के संयम जॉगरी कारोबार करते हैं। संयम कहते हैं कि इस तरह के ट्रेड शो से उद्यमियों को बहुत लाभ मिलता है। योगी सरकार दिल्ली के मुकाबले अधिक सब्सिडी दे रही है। योगी आदित्यनाथ ने यूपी की कानून व्यवस्था सुधार दी है। बिजली अब 24 घंटे रहती है। जिससे कारोबारी गतिविधियां बढ़ रही हैं।

### सुरक्षित महसूस करती हैं महिलाएं : संस्कृति

वाराणसी की संस्कृति जरी क्राफ्ट का बिजनेस करती हैं। उन्होंने कहा कि योगी राज में भ्रष्टाचार का पूरी तरह सफाया हो गया। कानून व्यवस्था की स्थिति सही हो गई। एक महिला होने के बावजूद उन्हें कभी डर नहीं लगता। सरकार सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंबन से महिलाओं को जोड़ रही है।

## लेजर शो से दिखेगी विकास गाथा व समृद्ध विरासत

राज्य ब्यूरो, नोएडा

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के पांच दिवसीय आयोजन के दौरान बहुप्रतीक्षित आकर्षणों में लेजर शो का आयोजन भी शामिल है। इस प्रभावशाली आयोजन का शीर्षक 'उत्तर प्रदेश - समय और प्रगति के माध्यम से एक यात्रा' होगा। 27 और 28 सितंबर 2024 की शाम को इसका भव्य आयोजन होगा। यह आकर्षक शो हॉल नंबर 14 और 15 के सामने खुले क्षेत्र में शाम 7 बजे शुरू होगा और दूसरे दिन भी इसका दोबारा प्रदर्शन होगा।

- 27 और 28 सितंबर की शाम हॉल नंबर 14 और 15 के सामने खुले क्षेत्र में होगा लेजर शो

तकनीकी के माध्यम से इस प्रभावशाली शो के जरिए दर्शकों को उत्तर प्रदेश के समृद्ध ऐतिहासिक और विकासात्मक माइलस्टोन को प्रदर्शित किया जाएगा। । प्रदेश की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत से लेकर व्यापार और उद्योग में इसकी वर्तमान उपलब्धियों तक का प्रदर्शन इस शो के जरिए किया जाएगा। इस शो के जरिए दर्शक प्रगति की एक शानदार यात्रा के गवाह बनेंगे। इसमें वे देखेंगे कि कैसे उत्तर प्रदेश अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत के साथ वाणिज्य, नवाचार और आर्थिक विकास के जीवंत केंद्र के रूप में बदल गया है। लेजर शो में राज्य के वैभवशाली अतीत को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें भारतीय सभ्यता, कला और संस्कृति में प्रदेश के शानदार योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही इसके वर्तमान और भविष्य पर भी प्रकाश डाला जाएगा, जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि कैसे उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत और एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना जैसी राष्ट्रीय आर्थिक पहलों का नेतृत्व कर रहा है।

**शासन-सत्ता**

# सरकारी अस्पतालों और मर्चरी में खुले में नहीं रखे जाएंगे शव

## सभी मंडलीय व जिला स्तरीय अस्पतालों को व सीएमओ स्तर पर मिलेंगे डीप फ्रीजर

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित रखने के लिए मृतक मरीजों के शव डीप फ्रीजर में रखे जाएंगे। इसके लिए सरकारी अस्पताल और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को डीप फ्रीजर उपलब्ध कराए जाएंगे।

राजधानी के चार अस्पतालों में 17 शव रखने के लिए कुल नौ डीप फ्रीजर खरीदे जाएंगे। पहले चरण में 21 जिलों में 45 फ्रीजर खरीदने के लिए एक करोड़ 68 लाख रूपए राज्य सरकार ने बुधवार को जारी कर दिये हैं। डीप फ्रीजर एक शव से लेकर चार शव तक रखने वालें होंगे। स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव अर्चना वर्मा ने एक शव रखने वाले छोटे डीप फ्रीजर की कीमत डेढ़ लाख तय करते हुए कुल एक करोड़ 36 लाख 85 हजार रुपये का बजट जारी किया है।

**45** फ्रीजर खरीदने को 1.68 करोड़ रुपये मिले

### इन जिलों को मिलेंगे फ्रीजर

लखनऊ, झांसी, बलरामपुर, आगरा, रायबरेली, अलीगढ़, संतकबीर नगर, मेरठ, वाराणसी, सुल्तानपुर, गोंडा, अंबेडकरनगर, कुशीनगर, बागपत, अमेठी, बुलंदशहर, बांदा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मथुरा व बरेली

### छोटा फ्रीजर डेढ़ लाख, बड़ा तीन लाख 85 हजार का

एक शव रखने वाले डीप फ्रीजर की अधिकतम मूल्य डेढ़ लाख निधारित किया गया है, दो शव वाला फ्रीजर तीन लाख और चार शव वाले बड़े फ्रीजर की कीमत तीन लाख 85 हजार तय की गई है ।लावारिस केस में पोस्टमॉर्टम के बाद भी पहचान के लिए शवों को 48 घंटे तक मर्चरी में रखा जाता है। ऐसे में शवों से बदबू आने लगती है।

### बलरामपुर अस्पताल में आठ और बरेली में 12 शव रखने के लिए मिलेंगे फ्रीजर

राजधानी स्थित बलरामपुर अस्पताल, सबसे बड़ा रेफरल मंडलीय अस्पताल होने के चलते दो-दो शव रखने वाले चार फ्रीजर उपलब्ध कराएं जाएंगे, सिविल अस्पताल और लोकबन्धु अस्पताल को दो शव वाले दो-दो, आलमबाग के 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय को एक छोटा फ्रीजर मिलेगा। इसके अलावा बरेली में एक में चार शव रखने की सुविधा वाले तीन फ्रीजर मुख्य चिकित्सा अधिकारी( सीएमओ) को उपलब्ध कराए जाएंगे यानि बरेली में एक साथ 12 शव फ्रीजर में रखने की सुविधा होगी। इसी तरह मुरादाबाद, मथुरा व बुलंदशहर में चार फ्रीजर खरीदने को बजट दिया गया है।

## नर्सिंग और पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में 31 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में इस सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने की तिथि बढ़कर 31 अक्टूबर कर दी गई है।

इसके लिए उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने जानकारी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली के निर्देश पर अभ्यर्थियों के प्रवेश व इनरोलमेंट करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गई है।

# आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के निर्देशानुसार, आईटीआई सत्र अगस्त 2024-25 के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि अब 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सभी राजकीय और निजी आईटीआई संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे 26 से 30 सितंबर 2024 के बीच वॉक-इन प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश की कवायद को पूरा करें। मेरिट के आधार पर संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर पंजीकृत और नए आवेदकों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 सितंबर, जबकि निजी आईटीआई संस्थानों के लिए यह तिथि 30 सितंबर तय की गई है।

# पुलिस मुझे नोटिस देकर तो देखे: अजय कुमार लल्लू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कुशीनगर में जाली नोट कांड मामले में पुलिस ने उप्र. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को नोटिस भेजने की बात पर अजय कुमार ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने चेतावनी के लहजे में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक बार पुलिस नोटिस देकर तो देखे। उन्होंने कहा कि नोटिस का पूरा जवाब दिया जायेगा। कहा कि पुलिस जांच को भटकाने का काम कर रही है।

अजय कुमार लल्लू ने कहा कि पुलिस इस मामले को राजनीतिक और धार्मिक रंग देने का काम कर रही है। लल्लू ने कहा कि कुशीनगर पुलिस ऊपरी दबाव में मेरे ऊपर बयान दे रही है। उन्होंने कहा कि मैं पूछताछ का पूरा और माकूल जवाब दूंगा। मांग है कि मामले की सही जांच हो। इससे पहले इस मामले में अजय कुमार लल्लू ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कुशीनगर पुलिस पर सवाल उठाए थे।

## सार-संक्षेप

### मुठभेड़ में जाली नोटों का कारोबारी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुशीनगर जिले में पुलिस से नकली नोटों का कारोबार करने वाले गिरोह के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी मुस्तकीम घायल हो गया। आरोपी मुस्तकीम पर 25 हजार का इनाम था। पुलिस ने आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कुशीनगर के बिनटोलिया गांव में पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। वहीं पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जिससे एक आरोपी बदमाश घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी के पास से 30 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। बतादें कि पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव रफी खान उर्फ बबलू है। जिन 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया था उनमें दो समाजवादी पार्टी के हैं।

### ई-श्रम में पंजीकृत श्रमिकों को लाभ देने में पांच जिले आगे

**अमृत विचार , लखनऊ :** खाद्य एवं रसद विभाग के हालिया आंकड़ों के अनुसार, उप्र. में कुल 8.31 करोड़ श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है। इसमें 6.73 करोड़ पंजीकृत श्रमिक पहले से सरकारी राशन का लाभ ले रहे हैं। सत्यापन के लिए श्रमिकों की कुल संख्या 1.58 करोड़ है, जिसमें 1.49 करोड़ श्रमिकों का सत्यापन किया जा चुका है। पात्र पाए गए 26.47 लाख श्रमिकों में 2.37 लाख को राशन का लाभ मिल रहा है। वहीं सत्यापन में 122.92 लाख श्रमिक अपात्र पाए गए हैं। ई-श्रम पोर्टल के डाटा के अनुसार, चित्रकूट, अमेठी, गौतमबुद्ध नगर, बलिया और आजमगढ़ में सत्यापन की गति सबसे अधिक है। चित्रकूट में 1374 पात्र श्रमिकों में 498 श्रमिकों को राशन का लाभ मिल रहा है। अमेठी में 8919 पात्र श्रमिकों में 2922, गौतमबुद्ध नगर में 1757 पात्र श्रमिकों में 530, बलिया में 42569 पात्र श्रमिकों में 10623 और आजमगढ़ में 22600 पात्र श्रमिकों में से 5611 श्रमिकों को राशन का लाभ मिल रहा है।

### ईडी कार्यालय में नहीं पेश हुए मोहिंदर सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** नोएडा में हैसिंडा प्रोजेक्ट घोटाले में जांच के दायरे में आए पूर्व आईएएस एवं नोएडा अथॉरिटी के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह बुधवार को लखनऊ प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। ईडी ने पांच दिन पहले हैसिंडा के संचालकों के ठिकानों पर छापों के दौरान मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास को भी खंगाला था। जहां करोड़ों रुपये के हीरे और नामी-बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे। इसके बाद ईडी ने मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए बुधवार को तलब किया था। मोहिंदर सिंह के ईडी के सामने पेश होने के लिए शाम पांच बजे तक अधिकारियों ने इंतजार भी किया। लेकिन न तो वह स्वयं पेश हुए न ही कोई जवाब भेजा। अब उनको दोबारा समन भेजा जाएगा। दोबारा यदि वह पेश नहीं हुए, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मोहिंदर सिंह की तलाश विजिलेंस भी कर रही है। स्मारक घोटाले में उनसे पूछताछ के लिए चंडीगढ़ स्थित आवास पर दो वर्ष पूर्व नोटिस भेजा गया था, लेकिन बाद में पता चला कि वह विदेश में मौजूद हैं।

### 155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सभी निकायों में 26 सितंबर गुरुवार को सुबह 05 बजे से 02 अक्टूबर रात तक ''155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान" चलेगा। नगर हो साफ-सुधरा बनाने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन नगरीय उप्र. द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत होगी। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अपर निदेशक ऋतु सुहास ने बताया कि विशेष सफाई अभियान चलाकर महात्मा गांधी बापू को 155 वें जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि दी जाएगी, निदेशालय स्तर से अभियान की लाईव मॉनीटरिंग भी की जाएगी। अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ घर, स्वच्छ फूड स्ट्रीट, कल्चरर फेस्ट आदि जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा शिविर लगाकर सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच, सफाई उपकरण, सुरक्षा किट वितरण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा।

# भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके शिक्षण संस्थान पर बुलडोजर कब चलेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से योगी सरकार पर कसा तंज

**अमृत विचार :** सीतापुर जिले में नाबालिग छात्रा का अपहरण कर उसके साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार एक शिक्षक, मामले को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने सवालिया लहजे से कहा कि इस शिक्षण संस्थान पर बुलडोजर कब चलेगा । महमूदाबाद के इस कॉलेज को जमींदोज कब किया जाएगा । आरोप लगाया कि इस कॉलेज के शिक्षक छात्राओं के साथ बलात्कार कर रहे हैं। इस कॉलेज का प्रबंधन भी इस अनैतिक कृत्य में शामिल है। इसकी जांच होनी चाहिए, कॉलेज प्रबंधन की गिरफ्तारी हो।

मालूम होकि सपा ने बुधवार को सोशल मीडिया में 'एक्स' हैंडल पर आरोप लगाया गया है कि पीड़िता जिस संस्थान में पढ़ती है, वह भाजपाई भ्रष्टाचार का अड्डा है। अब उसी संस्थान का ये कारनामा सामने आया है।

**सूरतेहाल** | गड्ढों को भरने को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश का असर

# प्रदेश में लगभग 44399 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सबसे अधिक सड़के पीडब्ल्यूडी की टूटीं, सबसे कम आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की

**10** विभागों ने शुरू किया मरम्मत का काम

**अमृत विचार:** एक सरकारी आंकलन के अनुसार बरसात के कारण उत्तर प्रदेश में लगभग 44399 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। इन सड़कों में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इनको भरने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबधित विभाग को निर्देश दिए, जिसका असर भी दिखाई देने लगा।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद ही लोक निर्माण विभाग सहित सड़कों के काम से जुड़े 10 विभागों ने काम शुरू कर दिया है। सभी विभाग मिलकर राज्य की सड़कों के गड्ढे को भरेंगे। क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढामुक्ति के लिए चिन्हित करने लिए चलाए गए अभियान के तहत 20 सितंबर तक उप्र. की कुल 3 लाख 96 हजार 591 किमी लंबी सड़कों में से 44399 किमी. सड़कें ऐसी दिखीं, जिनमें जगह-जगह गड्ढे दिखे।

इन सड़कों को गड्ढामुक्ति अभियान की लिस्ट में शामिल किया गया है। सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने गड्ढामुक्ति के लिए सभी विभागों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए हैं। विभागवार कार्ययोजना तैयार करने, बजट की व्यवस्था, मरम्मत कार्य के संबंध में दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं।

सबसे अधिक पीडब्ल्यूडी की 39873 किमी. सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। गड्ढामुक्ति के लिए चिन्हित सड़कों में सबसे अधिक 39873 किमी लंबी पीडब्ल्यूडी की सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं।

इसके बाद नगर विकास की 1636 किमी, मंडी की 720 किमी, राष्ट्रीय राजमार्ग की 624 किमी, गन्ना विभाग की 471 किमी, ग्राम्य विकास विभाग की 313 किमी, सिंचाई विभाग की 309 किमी, पंचायती राज विभाग की 301 किमी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास की 131 किमी तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की 21 किमी सड़कें क्षतिग्रस्त मिली हैं।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2625-2650 आर.आर.21. 2725-2750 गेहूंफारम 2850-2900 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 -7200 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12200-12300 चनादाल 8950-9100 मटरदाल 4450-4550 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1580-1670 मैदा 1630-1670 सूजी 1650-1700 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1530-1550 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000-11500 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8800-11200 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14700-14800 अलसी 12200-12300 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1970-1974 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5150-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1985-1984 मयूर 1985-1984 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लड्डू 4900-4950 देशी भेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4150-4180 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93150 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 57650-57850 |

# भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 7 प्रतिशत पर एडीबी ने रखा कायम

## बेहतर कृषि तथा उच्च सरकारी खर्च से अर्थव्यवस्था में तेजी की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2024-25 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। एडीबी ने बुधवार को कहा कि बेहतर कृषि उत्पादन तथा उच्च सरकारी खर्च से आगामी तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। सितंबर के अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में एडीबी ने कहा कि 2024-25 में निर्यात पूर्व के अनुमान से अधिक रहेगा, जिसका श्रेय सेवाओं के निर्यात में वृद्धि को जाता है। हालांकि, 2025-26 में वस्तु निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी।

एडीबी ने कहा कि 2024-25 (31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष) में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत और 2025-26 में 7.2% रहने की उम्मीद है। दोनों ही अनुमान अप्रैल, 2024 के समान हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 में 8.2% की दर से बढ़ी थी। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 7.2% की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। इसमें कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि धीमी होकर 6.7% रह गई, लेकिन कृषि क्षेत्र में सुधार, उद्योग व सेवाओं के लिए मजबूत परिदृश्य से तेजी आने की उम्मीद है।

- अपनी एडीओ में एडीबी ने कहा-निर्यात अनुमान से अधिक सेवा निर्यात में वृद्धि के कारण रहेगा




### कृषि सुधारों से होगी ग्रामीण व्यय में वृद्धि

एडीबी के भारत के निदेशक मियो ओका ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच उल्लेखनीय जुझारु क्षमता दिखाई है और यह स्थिर वृद्धि के लिए तैयार है। कृषि सुधारों से ग्रामीण व्यय में वृद्धि होगी, जो उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के प्रभावों के अनुरूप है। औसत से अधिक मानसून से कृषि में वृद्धि होगी जिससे 2024-25 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# प्री ओपन मार्केट : एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन

प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन है, जो स्टॉक एक्सचेंज के नियमित खुलने से पहले होता है। यह आमतौर पर सुबह 9 से 9 :15 बजे तक चलता है। इस अवधि में निवेशक शेयरों की प्रारंभिक कीमतों का निर्धारण कर सकते हैं और अपने ट्रेडिंग ऑर्डर को प्लेस कर सकते हैं। प्री ओपन सेशन का मुख्य उद्देश्य बाजार की तरलता बढ़ाना और पिछले दिन के समापन मूल्य के आधार पर नए मूल्य का निर्धारण करना है। यह निवेशकों को ताजे समाचारों और घटनाओं के प्रभाव को समझने का मौका देता है, जिससे वे बेहतर निर्णय ले सकें। आइए इस बारे में थोड़ी जानकारी करते हैं....

**समय सीमा :** प्री ओपन सेशन आमतौर पर 15 मिनट का होता है। इसमें निवेशक खरीद और बिक्री की सीमाएं तय कर सकते हैं।

**कीमत निर्धारण :** इसका मुख्य उद्देश्य स्टॉक की प्रारंभिक कीमतों को तय करना होता है। यह अंतिम प्री ओपन मूल्य पर निर्भर करता है, जोकि दिन के समापन मूल्य और प्री ओपन के दौरान हुई ट्रेडिंग पर तय किया जाता है।

**खुला ट्रेडिंग :** प्री ओपन में ट्रेडिंग आम तौर पर नॉन-डिस्क्रीट और रैंडम तरीके से होती है, ताकि बाजार में तरलता बनी रहे।

**समाचार का प्रभाव :** यदि किसी कंपनी या क्षेत्र से संबंधित कोई बड़ा समाचार आता है, तो प्री ओपन मार्केट में उसका प्रभाव तेजी से देखा जा सकता है।



### जानकारी कैसे करें

- **स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट :** निफ्टी, सेंसेक्स, या अन्य एक्सचेंज की वेबसाइट पर जाकर प्री ओपन मार्केट की जानकारी ले सकते हैं।
- **फाइनेंशियल न्यूज :** बिजनेस न्यूज चैनल्स और वेबसाइट्स जैसे कि सीएनबीसी, ईटीनाव या मनीकंट्रोल पर भी जानकारी मिलती है।

### प्री ओपन मार्केट के जोखिम

- **अत्यधिक उतार-चढ़ाव :** प्री ओपन में शेयरों की कीमतों में तेजी से परिवर्तन हो सकता है, जिससे निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ स्टॉक्स में प्री ओपन सेशन में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे खरीदने या बेचने में कठिनाई हो सकती है।
- **सूचनाओं का प्रभाव :** ताजा समाचार या घटनाओं का तात्कालिक प्रभाव हो सकता है, जो अनिश्चितता और निवेशकों के लिए जोखिम बढ़ा सकता है।
- **निवेशकों की भावना :** प्री ओपन में भावनात्मक निर्णय लेने की प्रवृत्ति हो सकती है, जिससे गलत ट्रेडिंग के परिणामस्वरूप हानि हो सकती है।
- **ऑर्डर फुलफिलमेंट :** प्री ओपन में सभी ऑर्डर फुलफिल नहीं हो सकते हैं, जिससे इच्छित कीमत पर व्यापार नहीं हो पाता।
- **ट्रेडिंग कॉस्ट :** अधिक उतार-चढ़ाव के कारण, प्री ओपन में ट्रेडिंग करना महंगा हो सकता है, जिसमें स्प्रेड और कमीशन शामिल हैं।

**मार्गदर्शन :** प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण समय है जो निवेशकों को बाजार में बदलाव का अंदाजा लगाने और संभावित लाभ उठाने का मौका देता है। सही जानकारी और रणनीति के साथ, निवेशक इस समय का सही उपयोग कर सकते हैं।

## भारत का खाद्यान्न उत्पादन 33.22 करोड़ टन पहुंचा


**नई दिल्ली।** भारत का खाद्यान्न उत्पादन जून में समाप्त फसल वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 33.22 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गेहूं और चावल की बंपर फसल से कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा है। कृषि मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि फसल वर्ष 2023-24 के लिए अंतिम अनुमान इससे पिछले वर्ष के 32.96 करोड़ टन से 26.1 लाख टन की वृद्धि दर्शाता है। चावल उत्पादन रिकॉर्ड 13.78 करोड़ टन पर पहुंच गया, जो 2022-23 में 13.57 करोड़ टन था।

# ब्रोकर-निवेशक का विवाद आपराधिक कार्यवाही से बाहर

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में सेबी एक्ट की व्याख्या करते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी एक्ट) विशेष अधिनियम है। कानून के अनुसार एक बार विशेष अधिनियम लागू होने पर सामान्य कानून जैसे आईपीसी या सीआरपीसी के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति पर आईपीसी की धारा 409 विश्वासघात और 420 धोखाधड़ी का मामला एक ही आरोप पर नहीं चलाया जा सकता है।

- सेबी एक्ट विशेष अधिनियम पर सामान्य कानून लागू नहीं : हाईकोर्ट



वर्तमान मामले में कोर्ट ने माना कि विपक्षी ने शेयर बाजार के जोखिमों को जानते हुए भी निवेश किया, साथ ही धोखाधड़ी व आपराधिक विश्वासघात के मामले में लेन-देन की शुरुआत से बेईमानी का इरादा मौजूद होना आवश्यक है जो मामले में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, इसलिए याची के खिलाफ 409 और 420 के तहत अपराध नहीं बनता है। कोर्ट ने यह भी पाया कि किसी को निवेश के रूप में अपनी संपत्ति सौंपने के लिए धोखे से प्रेरित नहीं किया जा सकता है। अतः न्यायमूर्ति अनीश गुप्ता की एकलपीठ ने जितेंद्र केसरवानी के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया। उपरोक्त आपराधिक कार्यवाही को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि ब्रोकर और निवेशक के बीच निवेश विवाद सेबी एक्ट की धारा 15-एफ के दायरे में आते हैं। ऐसे मामलों में आपराधिक अभियोजन की कार्यवाही नहीं चलाई जा सकती है।

मामले के अनुसार मेसर्स एलडीके शेयर एंड सिक्योरिटीज प्राइवेट लि. के निदेशक के खिलाफ पुलिस स्टेशन हरीपर्वत, आगरा में आईपीसी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई। शिकायतकर्ता का आरोप था कि शेयर ब्रोकर होने के नाते याची ने उसे अपनी कंपनी के माध्यम से शेयरों में निवेश और व्यापार के लिए कहा था और बदले में उसे कुछ सुविधाएं देने का दावा किया था, लेकिन बाद में शिकायतकर्ता द्वारा कई मांगों के बावजूद याची ने 9,69,450 रुपए वापस नहीं किए, जिसके कारण प्राथमिकी दर्ज करवाई गई।

# कोयला आयात 9 प्रतिशत बढ़कर 9.05 करोड़ टन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश ने 2024-25 के पहले चार माह अप्रैल-जुलाई में 9.05 करोड़ टन कोयला आयात किया, जो सालाना आधार पर 0.9 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, और उसके पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है।

अप्रैल-जुलाई अवधि के दौरान कोयला उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष के 29.33 करोड़ टन से 9.56 प्रतिशत बढ़कर 32.14 करोड़ टन हो गया। मौजूदा खपत की स्थिति आयात की महत्वपूर्ण जरूरत को दर्शाती है, विशेष रूप से कोकिंग कोल और उच्च श्रेणी के तापीय कोयला के लिए जो घरेलू भंडार में उपलब्ध नहीं है। इस कमी से प्रमुख उद्योगों को समर्थन देने के लिए आयात की जरूरत है।

- भारत के पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार : मंत्रालय





## एक नजर

### सेना अधिकारी व उसकी मंगेतर को दी गई सुरक्षा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने सैन्य अधिकारी और उनकी मंगेतर को सुरक्षा मुहैया कराई है, जिनका भरतपुर पुलिस थाने में हिरासत के दौरान कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था। भुवनेश्वर-कटक पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार के निर्णय के बाद दोनों के लिए निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) तैनात किए गए हैं। जब वे शहर में कहीं भी जाएंगे तो पीएसओ उनके साथ-साथ रहेंगे। ओडिशा सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब सैन्य अधिकारी, उनकी मंगेतर और उनके पिता तथा कुछ पूर्व सैन्यकर्मियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से मुलाकात की थी।

### शिवाजी की नई प्रतिमा के लिए निविदा जारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने सिंधुदुर्ग जिले में शिवाजी की प्रतिमा गिरने के बाद, वहां 60 फुट ऊंची नयी प्रतिमा के लिए निविदा जारी की है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नई प्रतिमा का आकार पिछली प्रतिमा से दोगुना होगा। प्रतिमा 20 करोड़ में बनाई जाएगी और सरकार ने इसके लिए छह महीने की समय सीमा तय की है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजकोट किले में शिवाजी की 35 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया था जो 26 अगस्त को तेज हवा से गिर गई थी।

### राहुल गांधी को धमकी पर मणिपुर में शिकायत दर्ज

**इंफाल।** मणिपुर कांग्रेस ने राहुल गांधी को कथित धमकी को लेकर बुधवार को इंफाल सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कार्यकारी अध्यक्ष विक्टर कीशिंग और उपाध्यक्ष हरेश्वर ओजा इमो के साथ भाजपा और राजग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि राजग और भाजपा नेताओं ने विभिन्न मंचों पर गांधी को धमकी दी है।

# कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं

## गोहाना में भाजपा की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना

सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं करते, वे अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहते हैं। मोदी ने सोनीपत जिले के गोहाना में चुनावी रैली में कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को वापस लाना जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाले बहादुरों के बलिदान का अपमान होगा।

जम्मू-कश्मीर का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तीन चरणों में से दो चरण का मतदान हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल वहां शांति पसंद नहीं करते और हरियाणा के बहादुर सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव होते हैं तो हरियाणा की बहादुर माताएं खुश होती हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगियों को जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं है। कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहती है। वह वहां फिर से आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देना चाहती है। मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस देश के दुश्मन के एजेंडे को भारत में लागू करना चाहती है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप कांग्रेस को सबक सिखाएंगे।



हरियाणा के सोनीपत में चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- मोदी बोले- कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में 370 वापस लाना चाहती है

### राहुल गांधी को नहीं पता ब्रेन-ड्रेन क्या होता है : विज

**चंडीगढ़।** भाजपा नेता अनिल विज ने बुधवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नहीं पता कि ब्रेन-ड्रेन क्या होता है। विज ने कहा कि गांधी ने भाजपा से सवाल किया है कि हरियाणा के युवा क्यों डंकी रूट से बाहर जा रहे हैं और जिंदगी खराब कर रहे हैं, राहुल गांधी की दादी और पिता प्रधानमंत्री रहे हैं, तो इनको पता नहीं है कि उस समय ब्रेन-ड्रेन किसको कहते थे। उस समय ब्रेन-ड्रेन का रिवाज था। भारत के काबिल लोग नौकरी की चाह में विदेशों में चले जाते थे। विज ने भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और सैलजा के कथित रूप से खुद को मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने के बारे में कहा कि सूत न कपास, जुलाहे में लठम लठा। मुख्यमंत्री तो भाजपा का बनेगा, ये तो सपने देख रहे हैं और इस पर टैक्स नहीं लगता है।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ा एक्यूआई खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तीन महीने और 19 दिनों के बाद बुधवार को लोगों ने वायु गुणवत्ता में गिरावट महसूस की। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 235 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। 5 जून को एक्यूआई के 248 तक पहुंचने के बाद यह पहली बार है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वायु प्रदूषण के लिए परिवहन क्षेत्र जिम्मेदार है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, मंगलवार शाम 4 बजे तक एक्यूआई 197 के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया था। उस दिन पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शीतकालीन कार्य योजना का अनावरण किया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के उद्देश्य से 21 केंद्रित पहल शामिल हैं।

# अल्पसंख्यक मंत्रालय कांग्रेस के समय मुस्लिम मंत्रालय था : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस के समय इस मंत्रालय को मुस्लिम मंत्रालय के तौर पर देखा जाता था क्योंकि वो मुसलमानों को वोटबैंक मानते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए काम रहा है। मंत्रालय के काम लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। पहले लोग सोचते थे कि यह मुस्लिम मंत्रालय है जबकि इसमें छह समुदायों के लिए काम होता है। कांग्रेस मुसलमानों को वोटबैंक बनाते थे, इसलिए मुस्लिम-मुस्लिम करते रहते थे। रीजीजू ने 100 दिनों में मंत्रालय द्वारा किए कार्यों का उल्लेख किया।



- मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए कर रहा काम

### वक्फ विधेयक पर संसदीय समिति की रिपोर्ट जल्द

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति जिस गति से काम कर रही है उससे उन्हें उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट जल्द संसद में रख दी जाएगी। भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

# रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव, सांप्रदायिक राजनीति के लिए इतिहास को न बांटें

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को निंदनीय दलीलें देने पर फटकार लगाते हुए बुधवार को कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव हैं और इतिहास को सांप्रदायिक राजनीतिक आधार पर बांटना नहीं चाहिए। समिति ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने के खिलाफ याचिका दाखिल की है, जिसपर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने कहा कि समिति का इरादा अदालत के माध्यम से सांप्रदायिक राजनीति का है और मामले को धार्मिक रंग दिया जा रहा है। मनोनीत मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि इसे धार्मिक रंग दिया जा रहा है। यह गर्व की बात है कि आपके पास यह प्रतिमा है। एक तरफ हम महिला सशक्तीकरण की बात कर रहे हैं। एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली समिति की अपील पर सुनवाई कर रही पीठ ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में झांसी की रानी की प्रतिमा स्थापित करने पर रोक लगाने की याचिका को खारिज कर दिया कि याचिका में कोई कारण नहीं बताया गया है।

- दिल्ली हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को लगाई फटकार

## चिकित्सा के छात्रों को बॉण्ड भर एक साल देनी होंगी सेवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने चिकित्सा संस्थानों से अखिल भारतीय कोटे और राज्य कोटे के तहत पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों के लिए एक वर्षीय अनिवार्य सेवा बॉण्ड की शुरुआत की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से जारी आदेश के अनुसार इस नए विनियमन के तहत, सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों समेत स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पढ़ाई करने वाले छात्रों को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (जीएनसीटी) सरकार के तहत आने वाले चिकित्सा संस्थानों में एक वर्ष तक सेवाएं देनी होंगी। दाखिले के समय यूजी छात्रों को 15 लाख जबकि पीजी व सुपर-स्पेशियलिटी के छात्रों को 20 लाख का बॉण्ड जमा करना होगा। यदि कोई छात्र एक वर्ष की अनिवार्य सेवा अवधि पूरी नहीं करता है, तो ये बॉण्ड जब्त कर लिए जाएंगे। स्नातक वालों को जूनियर रेजिडेंट जबकि पीजी करने वालों को सीनियर रेजिडेंट के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं करने पर सड़कों पर उतरेंगे : राहुल

जम्मू, एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर भाजपा नीत सरकार विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं करती है तो इंडिया गठबंधन संसद में अपनी ताकत का इस्तेमाल करेगा और सड़कों पर भी उतरेगा। कांग्रेस नेता ने जम्मू की रैली में कई मुद्दों पर भाजपा का घेराव भी किया।

जम्मू की रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को 2019 में दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर प्रदेश के लोगों के साथ बड़ा अन्याय किया था। ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था और मैं गारंटी देता हूं कि अगर भाजपा राज्य का दर्जा बहाल नहीं करती है, तो हमजम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लोकसभा, राज्यसभा में पूरी ताकत लगाएंगे और सड़कों पर भी उतरेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल के माध्यम से बाहरी लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। यही वजह है कि जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से कहा कि राज्य का दर्जा बहाल होना आपका अधिकार और आपका भविष्य है तथा जम्मू कश्मीर इसके बगैर आगे नहीं बढ़ सकता।



- जम्मू की रैली में विपक्ष के नेता ने भाजपा का किया घेराव

# फीस जमा न होने से आईआईटी सीट गंवाने वाले युवक को शीर्ष मदद का आश्वासन

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी मेहनत के बाद अंतिम प्रयास में आईआईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उस गरीब दलित युवक को मदद का आश्वासन दिया है, जो धनबाद स्थित संस्थान में अंतिम तिथि तक 17,500 रुपये फीस जमा नहीं करा सका और सीट गंवा दी।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मंगलवार को 18-वर्षीय अतुल के वकील से कहा कि हम आपकी यथासंभव मदद करेंगे, लेकिन आप तीन महीनों से क्या कर रहे थे, क्योंकि शुल्क जमा करने की निर्धारित समय सीमा 24 जून को समाप्त हो गई है। युवक के माता-पिता ने सीट बचाने को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण और मद्रास हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था। युवक के वकील ने बताया कि कुमार ने अपने दूसरे और अंतिम प्रयास में जेईई एडवांस्ड पास कर लिया और अगर शीर्ष अदालत उसकी मदद नहीं करती है तो वह परीक्षा में फिर से शामिल नहीं हो पाएगा।

- अंतिम तिथि तक 17,500 रुपये जमा नहीं करा पाने पर युवक ने गवां दी सीट

# गुजरात के साबरकांठा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

साबरकांठा (गुजरात), एजेंसी

गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के पास राजमार्ग पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार ट्रेलर ट्रक से जा टकराई, जिससे सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव दल ने गैस कटर से कार के हिस्से हटाए जिसके बाद शवों को निकाला गया। हादसा उदयपुर को अहमदाबाद से जोड़ने वाले एनएच पर सुबह 6.30 बजे हुआ। एसपी विजय पटेल ने बताया कि इस दुर्घटना में कार में सवार सात लोगों की मौत हो गई।

### तेलंगाना में भी सड़क दुर्घटना, सात की मौत

**चेन्नई।** तेलंगाना में उलुंदूरपेट के पास एनएच पर बुधवार को वैन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे छह लोगों की मौके पर मौत हो गई। तिरुनावलूर पुलिस ने बताया कि चालक को नींद आ गई थी और वाहन पेड़ से टकरा गया। वैन में सभी पुरुष थे। पर कुछ समय के लिए यातायात जाम हो गया था।

## आरएसएस ने चूहों की तरह की राज्य में की घुसपैठ : हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आरएसएस की तुलना चूहों से की और भाजपा व आरएसएस पर चुनावी फायदे के लिए राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश का आरोप लगाया। साहिबगंज जिले के भोगनाडीह की जनसभा में सोरेन ने दावा किया कि भाजपा हिंदू और मुस्लिम समुदाय में द्वेष के बीज बो रही है। उन्होंने विशेष तौर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा की इसमें संलिप्तता का दावा किया। रांची से ऑनलाइन माध्यम से भोगनाडीह जनसभा में सोरेन ने कहा कि आरएसएस चूहों की तरह राज्य में घुसपैठ कर इसे बर्बाद कर रहा है। जब आप उन्हें गांवों में हंडिया और दारू के साथ दाखिल होते देखें तो खदेड़ दें...वे चुनाव से पहले सांप्रदायिक अशांति और तनाव पैदा करना चाहते हैं।

# श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन में वृद्धि की आतिशी ने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को असंगठित क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों के लिए 18,066, अर्ध-कुशल के लिए 19,929 और कुशल श्रमिकों के लिए 21,917 रुपये न्यूनतम वेतन की घोषणा की।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रभार संभालने के बाद आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप सरकार ने मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन लागू किया है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि भाजपा द्वारा शासित राज्यों में न्यूनतम वेतन दिल्ली में दिये जा रहे वेतन का आधा है। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने न केवल अदालत के माध्यम से न्यूनतम वेतन लागू किया, बल्कि भाजपा द्वारा खड़ी की गईं बाधाओं के बावजूद हर साल दो बार इसमें संशोधन भी सुनिश्चित किया।

- दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का लगाया आरोप

# जर्मनी के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करेगी : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी



- 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से मिलेगा खुद को परखने का मौका

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि वह जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों में इस खेल के प्रति भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।

यह दोनों मैच मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले जाएंगे। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक दशक के बाद पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी। इससे पहले यहां आखिरी बार 2014 में हॉकी वर्ल्ड लीग के मैच खेले गए थे। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में कहा यह श्रृंखला दो टीमों के बीच आपस में खेलने को लेकर ही सीमित नहीं है। इससे दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। हमें उम्मीद है कि यह श्रृंखला इस क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इतने वर्षों के बाद के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से बहुत सारा इतिहास और यादें जुड़ी हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना बड़ा सम्मान होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि इस महीने के शुरू में चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीतने के बाद इस श्रृंखला से टीम को खुद को परखने का एक और मौका मिलेगा।

# ओलंपियाड विजेता टीम को 3.20 करोड़ देने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एआईसीएफ के अध्यक्ष ने सम्मान समारोह के दौरान की घोषणा

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को यहां एक सम्मान समारोह के दौरान 45वें ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीमों के लिए 3.2 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान यह घोषणा की।

भारत की पुरुष और महिला विजेता टीमों के प्रत्येक खिलाड़ी को 25 लाख रुपये मिलेंगे जबकि पुरुष और महिला टीमों के कोच अभिजीत कुंटे और श्रीनाथ नारायणन को 15-15 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। भारतीय दल के प्रमुख ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ को 10 लाख रुपये और सहायक कोच को साढ़े सात लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान कहास्वर्ण पदक की भूख हंगरी में खत्म हो गई लेकिन सफलता की चाहत जारी है। ओपन वर्ग में हमने दबदबा बनाया और महिला वर्ग में हमने कड़ी जीत हासिल की। हमारे खिलाड़ी शतरंज की बिसात पर स्टीक निशानेबाज हैं। विश्वनाथन आनंद द्वारा बोए गए बीज जंगल बन गए हैं।



## ओलंपियाड विजेता टीम से प्रधानमंत्री ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला और पुरुष टीम के सदस्यों से मुलाकात की। आज यहां प्रधानमंत्री आवास पर महिला और पुरुष टीम के सदस्यों ने श्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान शतरंज टीम के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के सामने पुरुष टीम के दो खिलाड़ियों ने शंतराज भी खेला। उल्लेखनीय है कि हांगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुए शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने रविवार को पहली बार 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीते थे। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमें तथा महिला वर्ग में 181 देश की 183 टीमों ने भाग लिया था।

## खेल डायरी




### चावला ने विश्व 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारत के अनुभवी खिलाड़ी कमल चावला ने बुधवार को यहां आईबीएसएफ विश्व पुरुष 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के फाइनल में पाकिस्तान के असजद इकबाल पर 6-2 की जीत से अपना पहला आईबीएसएफ विश्व 6 रेड खिताब हासिल किया। भारत के लिए मलकीत सिंह ने तथा महिला वर्ग में विद्या पिल्लई और कीर्तना पांडियान ने कांस्य पदक जीते। टूर्नामेंट के 2017 चरण में उप विजेता रहे 45 वर्षीय चावला ने पहले दो फ्रेम 23-47, 18-47 से गंवा दिए। लेकिन उन्होंने फिर शानदार वापसी करते हुए लगातार छह फ्रेम 71-0, 41-7, 64-0, 43-0, 33-20, 36-29 से जीत हासिल की। चावला ने सेमीफाइनल में जर्मनी के रिचर्ड विएनोल्ड को हराया था। मलकीत सिंह ने इसी वर्ग में सेमीफाइनल 0-6 से हारने से कांस्य पदक जीता।

### ओसाका ने चीन ओपन में दर्ज की एकतरफा जीत

**बीजिंग।** जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका ने बुधवार को यहां इटली की लूसिया ब्रोंजेटी पर सीधे सेट में 6-3, 6-2 से जीत से चीन ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की। ओसाका ने रैंकिंग में 77वें नंबर की ब्रोंजेटी के खिलाफ पहले दौर का मैच लगभग 80 मिनट में जीतकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। 2019 में चीन ओपन का खिताब जीतने वाली ओसाका अब दूसरे दौर में कजाखस्तान की 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा से भिड़ेंगी। ओसाका ने मैच के बाद कहा मुझे खुशी है कि मैं फिर से इस कोर्ट पर खेल रही हूं और उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर ट्रॉफी जीतूंगी। चार डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस संघ) 1000 प्रतियोगिताओं की विजेता और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेक व्यक्तिगत कारणों से इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। वहीं पुरुषों का टूर्नामेंट गुरुवार से शुरू होगा।



मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पेरिस 2024 पैरालंपिक के तमिलनाडु के पदक विजेताओं को पुरस्कार से एक से दो करोड़ रुपये के प्रोत्साहन राशि के चैक सौंपे। पैरा बैडमिंटन की तुलसीमति को दो करोड़ जबकि नित्या श्री और मनीषा को एक-एक करोड़ का चैक सौंपा।

### मकाऊ ओपनः श्रीकांत दूसरे दौर में पहुंचे

**मकाऊ।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और उनके हमवतन भारतीय आयुष शेट्टी और तस्नीम मीर ने बुधवार को यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में इजराइल के दानिल दुबोवेनको को 21-14, 21-15 से हराया जबकि 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य विजेता आयुष ने अलाप मिश्रा को 21-13, 21-5 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक तस्नीम ने महिला एकल में हमवतन देविका सिहाग को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल के दूसरे दौर में विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत का सामना ऑल इंडियन मुकाबले में आयुष से होगा।

# भारत-बांग्लादेश टीम ने नेट पर बहाया पसीना

## ग्रीनपार्क स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस की, पहले किया वार्मअप, बल्लेबाजों ने लगाए लंबे शॉट, गेंदबाजों ने भी किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश की टीम ने 27 सितंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को लेकर बुधवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम में कड़ा अभ्यास किया। बांग्लादेश की टीम ने सुबह साढ़े 9 से लेकर साढ़े 12 बजे तक नेट पर पसीना बहाया। इसके बाद दोपहर डेढ बजे से भारतीय टीम ने तेज धूप में प्रैक्टिस की। अभ्यास के पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने हल्का वार्मअप किया और दौड़कर मैदान के कई चक्कर लगाए।

चेन्नई में पहला टेस्ट मैच जीतने से टीम इंडिया के खिलाड़ी जोश से भरे दिखे, वहीं बांग्लादेश के खिलाड़ी कड़े अभ्यास से दूसरे टेस्ट मैच का रुख बदलने के मूड में नजर आए। सुबह लगभग सवा 9 बजे होटल लैंडमार्क से बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचे। यूपीसीए के पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद मैदान पर नेट अभ्यास शुरू किया। सबसे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास और मेहंदी हसन मिराज ने पसीना बहाया। नईम हसन और नाहिद ने अपनी गेंदबाजी को धार दी। बॉलिंग कोच आंद्रे एडम की देखरेख में तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, हसन मसूद ने गेंदबाजी का कड़ा अभ्यास किया। बल्लेबाजी में मोमिनुल हक, शाकिब अल हसन, नजमुल हसन शांतो ने लंबे शॉट लगाए। दोपहर डेढ़ बजे के बाद टीम इंडिया अभ्यास के लिए मैदान पर उतरी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने करीब आधे घंटे तक नेट पर पसीना बहाया। पूरे समय विराट कोहली भी कप्तान के साथ डटे रहे। दोनों खिलाड़ियों ने स्पिन और तेज गेंदबाजों को खेलकर बल्लेबाजी का अभ्यास किया। खिलाड़ियों ने वार्मअप के लिए फुटबाल भी खेला। मैदान पर प्रैक्टिस के लिए बने तीन नेट्स पर अलग-अलग खिलाड़ी डटे रहे। रोहित और विराट के बाद यशस्वी जायसवाल ने मोर्चा संभाला। आर अश्विन, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने बालिंग की। शुभमन गिल, रिषभ पंत और लोकेश राहुल भी प्रैक्टिस के लिए मैदान पर उतरे तो कुलदीप यादव, आकाशदीप ने जमकर गेंदबाजी की।



कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय और बांग्लादेश की टीमें। ● अमृत विचार

### खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे: हाथुरुसिंघा

**कानपुर।** बांग्लादेश टीम के कोच चंडिका हाथुरुसिंघा ने स्टेडियम के मीडिया हॉल में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट में सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि हम पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन न होने से निराश हैं, लेकिन उम्मीद है कि दूसरे टेस्ट में खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे। पिच और यहां की कंडीशन देखने के बाद टीम पर फैसला करेंगे। वहीं टीम इंडिया के गेंदबाज आकाशदीप ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि ग्रीनपार्क स्टेडियम के बारे में बचपन से बहुत सुना था, आज देखकर बहुत खुशी हुई। अपना तीसरा अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने आए आकाशदीप ने कहा कि वह वाराणसी के रहने वाले हैं और यूपी में ग्रीनपार्क ही मेरे समय का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम था। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों का पूरा सपोर्ट मिलता है। चेन्नई में हुए पहले टेस्ट मैच में सिर्फ लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने पर फोकस था, जिसमें सफलता मिली। दूसरे टेस्ट में भी लाइन-लेंथ और सधी गेंदबाजी लक्ष्य रहेगा।

### पंत टेस्ट में शीर्ष 10 में, रोहित-कोहली खिसके

**दुबई।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने वापसी टेस्ट में शानदार शतक की बदौलत बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में छठे स्थान पर प्रवेश किया लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली तालिका में खिसक गए। पंत (731 रेटिंग अंक) ने चेन्नई बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मैच में शतक जड़ा था। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (751) टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक की बदौलत पांचवें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हालांकि शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा है लेकिन वह पांच स्थान खिसक गए हैं और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। उनके 716 रेटिंग अंक हैं। कोहली को भी पांच स्थान का नुकसान हुआ जिससे वह शीर्ष 10 से बाहर हो गये और अब वह तालिका में 12वें स्थान पर हैं। गॉल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड टेस्ट में शीर्ष 10 गेंदबाजी रैंकिंग में बदलाव हुआ है जिसमें प्रभात जयसूर्या ने नौ विकेट झटककर खेल के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर के तौर पर खुद को साबित करते हुए पांच पायदान की छलांग लगायी और आठवें स्थान पर पहुंच गए। जयसूर्या (743 अंक) श्रीलंका के तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

# धमकी भरे पत्रों, अतिरिक्त खर्चों पर चर्चा करेगी आईओए की कार्यकारी परिषद

नई दिल्ली, एजेंसी

- उषा और कोषाध्यक्ष के बीच बढ़ते तनाव को लेकर होगी बैठक

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की गुरुवार को यहां होने वाली कार्यकारी परिषद की बैठक में काफी गहमागहमी रहने की उम्मीद है क्योंकि इसके सदस्यों ने एजेंडे में विवादास्पद मुद्दों को भी जोड़ा है जिसमें अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा उन्हें जारी कथित धमकी भरे पत्र भी शामिल हैं। यह बैठक उषा और आईओए कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हो रही है।

मंगलवार को यादव ने अपनी छवि को बदनाम करने के लिए उषा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी थी क्योंकि उन्होंने पद पर बने रहने की उनकी योग्यता को चुनौती देने वाली शिकायत के आधार पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कार्यकारी परिषद द्वारा जोड़े गए 14 बिंदुओं के एजेंडा में अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के सदस्यों को समय-समय पर जारी किए गए अवैध और धमकी भरे पत्रों पर चर्चा शामिल है। अध्यक्ष से संबंधित दो अन्य मुद्दों के अनुसार परिषद आईओए संविधान के तहत अध्यक्ष की शक्तियों के दायरे पर चर्चा और विचार-विमर्श करेगी तथा अध्यक्ष के आचरण की रिपोर्ट आईओए नैतिकता आयोग को देने की आवश्यकता पर निर्णय लेगी। बैठक के बारे में आधिकारिक संवाद परिषद के 12 सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया है जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव, उपाध्यक्ष और पूर्व ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग, सदस्य और पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त आदि शामिल हैं।

### मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप में वॉटफोर्ड को हराया

**मैनचेस्टर।** आर्सेनल के खिलाफ प्रीमियर लीग में कड़ा मुकबला खेलने के दो दिन बाद मैनचेस्टर सिटी ने टीम में काफी बदलाव करने के बावजूद मंगलवार को एतिहाद स्टेडियम में इंग्लिश लीग कप के तीसरे दौर में वॉटफोर्ड को 2-1 से हरा दिया। सिटी की इस जीत के नायक जेरेमी डोकू (पांचवें मिनट) और मैथियूस न्यून्स (38वें मिनट) रहे जिन्होंने पहले हाफ में ही अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिला दी थी। वॉटफोर्ड के लिये टॉम इन्स ने 86वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इसके अलावा चेल्सी, एस्टन विला और लीसेस्टर ने भी अपने अपने मैच जीते।। चेल्सी ने बैरो को 5-0 के बड़े अंतर से हराया जिसमें क्रिस्टोफर नकुंकू ने हैट्रिक लगाई जबकि विला ने वायकॉम्बे को 2-1 से पराजित किया।

# एम्बाप्पे ने फिर दागा गोल, रियाल मैड्रिड को दिलाई एक और जीत

मैड्रिड, एजेंसी

- स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया

किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया।

एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल हैं। अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की मदद से वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बावजूद वह बराबरी नहीं कर पाया। एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में नौ मैचों में सात गोल हो गए हैं।

## बॉलीवुड हलचल



### सलमान ने शेयर किया सिकंदर का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला फिल्म सिकंदर बना रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन गजनी फेम निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस कर रहे हैं। फिल्म सिकंदर में सलमान खान, रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल की मुख्य भूमिका है। इस बीच सोशल मीडिया पर सलमान खान की एक लेटेस्ट तस्वीर सामने आई है जिसमें वह जिम में पसीना बहाते दिख रहे हैं और उनके पीछे दीवार पर सिकंदर का नाम लगा हुआ नजर आ रहा है।सलमान खान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट फोटो को शेयर किया है। जिसमें वह जिम में प्री चेयर बाइसेप्स कर्ल की एक्सरसाइज करते नजर आ रहे हैं।

### कार्तिक की भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 जल्द ही प्रदर्शित होने जा रही है। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 सुपरहिट साबित हुई थी इसके बाद भूल भुलैया 3 को लेकर भी काफी बज बना हुआ है। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म भूल भुलैया 3 के नए पोस्टर की झलक शेयर की है।उन्होंने इंस्टाग्राम पर जो पोस्टर शेयर किया है उसमें एक बड़ा सा दरवाजा नजर आ रहा है और उस पर ताला लगा हुआ है। कार्तिक ने इसके साथ ही मजेदार कैप्शन भी दिया है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ लिखा है कि दरवाजा खुलेगा इस दिवाली भूल भुलैया 3। फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी और विद्या बालन भी अहम रोल में हैं। इस फिल्म को टी-सीरीज फिल्म्स और सिने 1 स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, जबकि इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है। यह फिल्म दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज होगी।

### अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बना रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही फिल्म हाउसफुल 5 की झलक अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर अपने सह-कलाकारों जैकलीन फर्नांडीज, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन और डिनो मोरिया को दिखाया है। अक्षय कुमार, डिनो मोरिया, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन कैजुअल लुक में दिखे, वहीं जैकलीन फर्नांडीस ने ऑल-ब्लैक आउटफिट में जलवा बिखेरा। अक्षय ने तस्वीर के साथ लिखा, इस अविश्वसनीय कलाकारों के साथ बस एक और दिन। अभिनेताओं से भरा हाउसफुल, एक क्रूज और बताने के लिए अंतहीन कहानियां! हाउसफुल 5, 6 जून 2025 को रिलीज होने वाली है।

# ब्रुक का शतक, इंग्लैंड ने थामा ऑस्ट्रेलिया का विजय अभियान

चेस्टर ली स्ट्रीट, एजेंसी

कप्तान हैरी ब्रुक के वनडे में पहले शतक की मदद से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित तीसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 46 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखा। इंग्लैंड ने 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रुक के नाबाद 110 रन की मदद से जब 37.4 ओवर में चार विकेट पर 254 रन बनाए थे तब भारी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। उस समय इंग्लैंड डकवर्थ लुईस पद्धति से काफी आगे था।

इस तरह से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के वनडे में लगातार 14 मैच जीतने के अभियान पर रोक लगा दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप भी जीता था। उसने पहले दो वनडे में इंग्लैंड को आसानी से हराया थाऔर इस तरह से अब वह श्रृंखला में 2-1 से आगे है। श्रृंखला का चौथा मैच शुक्रवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। ब्रुक ने तब क्रीज पर कदम रखा जब इंग्लैंड 11 रन के अंदर दो विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था। उन्होंने अपनी 94 गेंद की पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए तथा इस बीच अपने पिछले सर्वोच्च स्कोर 80 रन को पीछे छोड़ा। ब्रुक ने विल जैक्स (82 गेंद पर 84 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी करके टीम को शुरुआती झटकों से उबारा।

### सीमित ओवरों में वापसी को तैयार हैं स्टोक्स

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि ब्रेंडन मैकुलम का टेस्ट के साथ-साथ सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम का कोच बनने के बाद वह एक दिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान स्काई स्पोर्ट्स से कहा अगर मुझसे पूछा जाता है कि क्या मैं खेलना चाहता हूं तो निश्चित तौर पर मेरा जवाब हां होगा। स्टोक्स ने 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी-20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड की तरफ से मैच विजेता पारियां खेली थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## चौटी पर हौसला



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स (एनआईएमएएस) की एक टीम अरुणाचल प्रदेश की गोरीचेन रेंज में 20,942 फीट ऊंची ऊंची चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ने के बाद पोज देती हुई। छठे दलाई लामा रिग्जेन त्सांगयांग ग्यात्सो के सम्मान में इस चोटी का नाम अब त्सांगयांग ग्यात्सो पीक रखा गया है।

# टोल पर नहीं होगी टेंशन, सैटेलाइट से कटेगा टैक्स

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। जीएनएसएस एक सैटेलाइट बेस्ड यूनिट है, जिसे वाहनों में लगाया जाएगा। अब तक टोल बूथों पर मैन्युअली या फास्टैग के जरिए टोल टैक्स का भुगतान किया जाता है। इससे कई बार वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन जीएनएसएस सिस्टम आने से वाहन चालकों को टोल टैक्स पर रुकने की कोई जरूरत नहीं है। अब टोल प्लाजा में अलग से डेडिकेटेड जीएनएसएस लेन बनाई जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने जीएनएसएस शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। अब टोल देने के लिए वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर फास्टैग के जरिए या मैन्युअली पैसे देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### जीएनएसएस टोल सिस्टम कैसे काम करता है

जीएनएसएस सिस्टम लागू करने के लिए वाहनों में ऑन-बोर्ड यूनिट या ट्रैकिंग डिवाइस लगाई जाएगी। फास्टैग की तरह सरकारी पोर्टल पर ऑन-बोर्ड यूनिट भी उपलब्ध होगी। इससे वाहन से रोज तय की जाने वाली दूरी के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा। जीएनएसएस से लैस प्राइवेट कार मालिकों के लिए हर दिन नेशनल हाईवे या एक्सप्रेस-वे पर 20 किलोमीटर तक का सफर टैक्स फ्री रहेगा। इसके लिए उनसे कोई टोल टैक्स नहीं वसूला जाएगा। 21वें किमी से टोल काउंटिंग शुरू हो जाएगी। जीएनएसएस सिस्टम के तहत भुगतान मौजूदा फास्टैग की तरह ही किया जाएगा, जो सीधे बैंक अकाउंट से लिंक होगा।

### फास्टैग और जीएनएसएस में अंतर

फास्टैग और जीएनएसएस सिस्टम दोनों का काम टोल टैक्स का भुगतान करने में मदद करना है, लेकिन इसमें कुछ मुख्य अंतर है। जीएनएसएस सिस्टम का ट्रायल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कर्नाटक में नेशनल हाइवे 275 के बेंगलुरु-मैसूर खंड और हरियाणा में नेशनल हाइवे 709 के पानीपत-हिसार खंड पर किया गया था। इसके अलावा अभी देश में कहीं भी जीएनएसएस के लिए डेडिकेटेड लेन नहीं है। एक बार जब सभी गाड़ियों में जीएनएसएस यूनिट लग जाएगी और सभी लेन जीएनएसएस इक्विप्ड होंगी तो सड़कों से सभी टोल बूथ हट जाएंगे।

### देखने को मिल सकती हैं कुछ परेशानियां

- जीएनएसएस सिस्टम वाहन के मूवमेंट को ट्रैक करेगा, जिससे चालकों को प्राइवेसी की समस्या हो सकती है।
- टनल में होने पर सिग्नल की समस्या आ सकती है।
- बारिश या कोहरे में नेटवर्क की दिक्कत आ सकती है।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में संक्रामक रोग से दो की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक अज्ञात संक्रामक बीमारी के फैलने से दो लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गए हैं। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता हिकमतुल्ला ने एक्स पर कहा कि राजधानी काबुल से लगभग 80 किमी उत्तर में शिनवारी जिले के कफशान क्षेत्र में चार दिनों में अज्ञात संक्रामक बीमारी से 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गये हैं और यह संख्या बढ़ती जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि संक्रमित लोगों में से 50 मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### देउबा ने की नेपाली छात्र की रिहाई में मदद की अपील

**काठमांडू।** नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने विश्व समुदाय से नेपाली छात्र बिपिन जोशी की हमास की कैद से सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने में मदद करने का आग्रह किया है। काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी है। देउबा ने सोमवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन की मंत्रिस्तरीय बैठक में अपने देश के छात्र की कठिन स्थिति ओर ध्यान आकर्षित किया और उसकी रिहाई सुनिश्चित उनासीवें संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंची विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल उत्सुकता से बिपिन की घर वापसी की प्रतीक्षा कर रहा है।

### ईरान से मेरी जान को बड़ा खतरा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान उनके जीवन और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। ट्रंप ने ईरान द्वारा अमेरिका को अस्थिर करने के प्रयास में उनकी हत्या करने की कथित धमकियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अब इस पर नजर रख रही है।

### ब्रिटेन में जसलीन कौर की कलाकृति प्रदर्शित की गई

**लंदन।** ग्लासगो में पैदा हुईं कलाकार जसलीन कौर की कलाकृतियों की प्रदर्शनी बुधवार को लंदन के प्रसिद्ध कला संग्रहालय टेट ब्रिटेन में आम लोगों के लिए शुरू हुई। जसलीन कौर की कलाकृतियां स्कॉटलैंड के सिख समुदाय में उनके जीवन से प्रेरित हैं और उन्हें प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार के लिए चुना गया है। लंदन में रह रहीं कौर ने एकत्रित और पुनः निर्मित वस्तुओं से अपनी कलाकृतियां बनाई हैं।

# जेलेंस्की का वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

## संयुक्त राष्ट्र परिषद में कहा- प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का करें सम्मान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को मास्को के साथ शांति वार्ता की धारणा को खारिज करते हुए रूस को शांति के वास्ते मजबूर करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करने के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर कहता है कि प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक अंतर्राष्ट्रीय अपराध कर रहे हैं और उन्होंने इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय नियम तोड़े हैं कि वह अपने आप नहीं रुकेंगे। जेलेंस्की ने महासभा में विश्व नेताओं की वार्षिक सभा के मौके पर एक बैठक में कहा और यही कारण है कि यह युद्ध आसानी से खत्म नहीं हो सकता। यही कारण है कि इस युद्ध को बातचीत से शांत नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा रूस को केवल शांति के लिए मजबूर किया जा सकता है, और यही आवश्यक है - इस युद्ध में एकमात्र हमलावर, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के एकमात्र उल्लंघनकर्ता के रूप में रूस को शांति के लिए मजबूर करना। यूक्रेन में ढाई साल से चल रहे युद्ध पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 के मंत्रियों ने भाग लिया। रूस ने अपने निचले स्तर के संयुक्त राष्ट्र राजदूत को भेजा। बैठक की शुरुआत में वासिली नेबेंजिया ने विरोध जताया कि ज़ेलेंस्की को फिर से संयुक्त राष्ट्र का ध्यान आकर्षित करने का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने यूक्रेन के नेता को 'घिसी-पिटी बातें दोहराने की अनुमति देने के लिए' स्लोवेनिया की भी आलोचना की, जो इस महीने परिषद की अध्यक्षता कर रहा है।



अमेरिका में उच्चाधिकारियों के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की। ● एजेंसी।

### भारत से गहराती साझेदारी पर गर्व : अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत तथा और मजबूत हो रहे हैं। उसने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन जब अपने कार्यकाल पर गौर करेंगे तो उन्हें भारत के साथ साझेदारी को गहरा करने, इसे अधिक समावेशी एवं व्यापक बनाने पर सबसे ज्यादा गर्व होगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकर जॉन किर्बी से पूछा गया था कि वह बाइडन का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने के मद्देनजर उनके तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंधों का वर्णन कैसे करेंगे। इस पर किर्बी ने कहा मुझे लगता है कि एक शब्द, असल में तीन शब्द - मजबूत और मजबूत। बाइडन ने भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में काफी निवेश किया है।

### दूसरे शांति सम्मेलन के लिए भारत को आमंत्रित कर चुके हैं : यूक्रेन

**संयुक्त राष्ट्र।** जेलेंस्की ने यूक्रेन संघर्ष पर सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दुनिया को गुटों या क्षेत्रीय समूहों में नए और अनावश्यक विभाजन किए बिना एकजुटता के साथ मिलकर काम करना चाहिए। मैं, आप व सभी प्रमुख देशों को इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं जो वाकई में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा हम चीन को आमंत्रित करते हैं। हम ब्राजील को आमंत्रित करते हैं। मैंने भारत को पहले ही आमंत्रित किया है।

### मोदी ने भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) के सदस्यों से अमेरिका में भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करने की अपील की है, ताकि अमेरिकी नगारिकों को भारत भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। एक अधिकारी ने बताया कि मोदी ने यह टिप्पणी सोमवार को अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में ओएफबीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में की।

### इजराइल के राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र सभा को करेंगे संबोधित

**यरुशलम :** एक वर्ष पहले ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया में एक नई शांति व्यवस्था कायम होने का पूरे जोश के साथ दावा किया था किंतु एक साल बाद जब वह उसी मंच पर वापस आएंगे तो उनकी यह घोषणा तार-तार होकर बिखरती प्रतीत हो रही है। गाजा में विनाशकारी युद्ध को एक साल होने वाला है। इजराइल ईरान समर्थित लेबनानी समूह हिजबुल्ला के साथ एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध के मुहाने पर खड़ा है।

# भारत और चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- जयशंकर ने कहा- चीन के साथ भारत का कठिन इतिहास रहा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और साथ ही स्पष्ट किया कि सबसे पहले द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सीमा पर शांति बहाल करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने एशिया सोसाइटी और एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि चीन के साथ भारत का एक कठिन इतिहास रहा है तथा दोनों देशों का समानांतर विकास बहुत-बहुत अनोखी समस्या पेश करता है।

उन्होंने भारत, एशिया और विश्व विषयक कार्यक्रम में कहा मुझे लगता है कि भारत-चीन संबंध एशिया के भविष्य के लिए अहम है। एक तरह से आप कह सकते हैं कि अगर दुनिया को बहु-ध्रुवीय बनाना है, तो एशिया को बहु-ध्रुवीय होना होगा। इसलिए यह रिश्ता न केवल एशिया के भविष्य पर, बल्कि संभवतः दुनिया के भविष्य पर भी असर डालेगा। उन्होंने कहा आपके पास दो ऐसे देश हैं जो आपस में पड़ोसी हैं, वे इस दृष्टि से अनोखे हैं कि वे एक अरब से अधिक आबादी वाले देश भी हैं, दोनों वैश्विक व्यवस्था में उभर रहे हैं और उनकी सीमा अक्सर अस्पष्ट हैं तथा साथ ही उनकी एक साझा सीमा भी है।



इसलिए यह बहुत जटिल मुद्दा है। मुझे लगता है कि अगर आप आज वैश्विक राजनीति में देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या है। जयशंकर ने कहा मुझे लगता है कि अगर आप वैश्विक राजनीति में आज देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या पेश करता है। जयशंकर ने हाल में कहा था कि चीन के साथ सैनिकों की वापसी की लगभग 75 प्रतिशत समस्याओं को सुलझा लिया गया है। जयशंकर ने कहा कि पिछले चार वर्षों में हमारा ध्यान सबसे पहले सैनिकों को सीमा पर से हटाना है ताकि वे वापस उन सैन्य अड्डों पर चले जाएं, जहां से वे पारंपरिक रूप से काम करते हैं।

# कमला हैरिस 38 अंकों से ट्रंप से आगे

वाशिंगटन, एजेंसी



- एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच सर्वे रिपोर्ट हुई जारी, हैरिस की लोकप्रियता बढ़ी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से 38 अंकों से आगे हैं। एक नए सर्वेक्षण के परिणामों में यह जानकारी दी गई। एनओरआसी ने शिकागो विश्वविद्यालय में यह सर्वे किया और मंगलवार को इसके परिणाम जारी किए गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा जुलाई में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस लेने और इसके बाद कमला हैरिस के उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार यह सर्वे किया गया है। सर्वे के अनुसार, एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच कमला हैरिस (59) पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (78) से 38 प्रतिशत अंकों से आगे हैं। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में 66 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाता कमला हैरिस के पक्ष में जबकि 28 प्रतिशत ट्रंप के समर्थन में वोट कर सकते हैं। छह प्रतिशत मतदाता ऐसे भी हैं जो किसी अन्य उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं या अनिर्णित हैं।

### बाइडन की तुलना में हैरिस में अधिक संज्ञानात्मक विकार : ट्रंप

इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनकी प्रतिद्वंदी और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में अधिक संज्ञानात्मक विकार है। संज्ञानात्मक विकार किसी व्यक्ति की सोचने, सीखने, याद रखने और निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्जिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया उपराष्ट्रपति हैरिस पर हंस रही है।

# सिंगापुर पुलिस से दुर्व्यवहार पर चार भारतीयों पर रिपोर्ट दर्ज

**सिंगापुर।** सिंगापुर में उपद्रव करने और पुलिस के एक अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में भारतीय मूल के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, दो मिनट का एक वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया गया है जिसमें चारों आरोपियों को पुलिस अधिकारी के साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए देखा जा सकता है। खबर के अनुसार चारों आरोपियों मोहम्मद डिनो मार्सियानो अब्दुल वहाब (44), एलेक्स कुमार ज्ञानसेकरन (37), मोहम्मद यूसोफ मोहम्मद याहिया (32) और मोहनन वी बालकृष्णन (32) ने लिटिल इंडिया में रविवार सुबह कथित हत्या के एक मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया।

# हिजबुल्ला ने इजराइल पर 300 से ज्यादा रॉकेट दागे

यरुशलम, एजेंसी

हिजबुल्ला ने इजराइल में लगभग 300 रॉकेट और अन्य प्रोजेक्टाइल दागे हैं। इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि उत्तरी इजराइल के हाइफा के दक्षिण में एक तटीय शहर अटलिट में एक विस्फोटक ड्रोन गिरा, जो पहली बार हिजबुल्ला के रॉकेट को इस क्षेत्र में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की ओर दो अतिरिक्त ड्रोन दागे गए थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया।

इजराइल की बचाव सेवाओं के अनुसार, ड्रोन से कोई हताहत नहीं हुआ। सेना ने कहा कि अधिकांश रॉकेटों को इजराइल की हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया। उधर, हिजबुल्ला ने एक बयान में हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उसके लड़ाकों ने अटलिट बेस में इजराइल की विशेष नौसैनिक टास्क यूनिट शायेत 13 के मुख्यालय पर ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई अभियान चलाया।



### हिजबुल्ला ने शीर्ष कमांडर इब्राहिम की मौत की पुष्टि की

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने अपने एक शीर्ष कमांडर इब्राहिम कोबेसी की मौत की पुष्टि की, जो दक्षिणी बेरूत उपनगर में इजराइली हमले में मारा गया। हमले में छह मंजिला इमारत की तीन मंजिलों को निशाना बनाया गया था। एक सप्ताह से भी कम समय में बेरूत पर यह इजराइल का तीसरा हमला था।

# चीन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

**बीजिंग।** चीन की सेना ने बुधवार को डमी वारहेड के साथ एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम )का प्रशांत महासागर में सफल परीक्षण किया। इसे स्थानीय समयनुसार सुबह 8.44 बजे पीपल्स लिबरेशन आर्मी की रॉकेट बल द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

चीनी रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण वार्षिक अभ्यास का एक हिस्सा था। चीनी रक्षा मंत्रालय ने वीचैट पर एक बयान में कहा, यह प्रक्षेपण वार्षिक प्रशिक्षण योजना के हिस्से के रूप में किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय अभ्यास के अनुसार है। यह प्रक्षेपण किसी विशेष देश या लक्ष्य के खिलाफ लक्ष्य करके नहीं किया गया। चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, मिसाइल अपने अपेक्षित जगह समुद्री क्षेत्र में गिरी।

# बांग्लादेश नदियों के जल बंटवारे पर करेगा बातचीत

ढाका, एजेंसी

- जल संसाधन सलाहकार रिजवान ने कहा- अंतर्राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा

बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया।

सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, यहां साझा नदियों के जल पर बांग्लादेश का उचित हिस्सा शीर्षक से आयोजित एक संगोष्ठी में जल संसाधन सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने कहा कि बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि बातचीत जनता की राय पर विचार करने के बाद की जाएगी और बातचीत के नतीजों को लोगों के साथ साझा किया जाएगा। रिजवाना ने कहा कि यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा है, लेकिन आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान राजनीतिक नहीं होना चाहिए।

# भारतीय इजराइली सैनिक के परिवार के आव्रजन में मदद की अपील की

**यरुशलम।** भारतीय मूल के यहूदियों के आव्रजन के मामले में सबसे आगे रहने वाले इजराइल के एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने एक मृत सैनिक के परिवार के इजराइल में आव्रजन के संबंध में मदद की अपील की है। यह एनजीओ भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम से भारतीय मूल के यहूदियों को इजराइल में बसाने की पुरजोर वकालत करता है। पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम में रहने वाले यहूदियों को आम तौर पर बेनी मेनाशे के नाम से जाना जाता है। स्टाफ सार्जेंट गेरी गिदोन हंगहल (24) की इस महीने की शुरुआत में ड्यूटी के दौरान वेस्ट बैंक के बेत एल बस्ती के पास असफ जंक्शन के निकट एक वाहन से टक्कर लगने के बाद मौत हो गयी थी।

## खगोल विज्ञान

डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी जरूरी

# मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है डार्कमैटर का ब्लैकहोल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : डार्क मैटर के खतरों से इंकार नही किया जा सकता है। नई जानकारी के मुताबिक डार्क मैटर वाले ब्लैक होल मंगल ग्रह की कक्षा को डगमगा सकते हैं। यह खबर ग्रहों के सुरक्षित भविष्य को लेकर सावधान करने वाली है। खगोलविदों का मानना है कि डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी होगी।

गुरुत्व बल, डार्क एनर्जी, डार्क मैटर, ब्लैक होल और जेट ब्रह्मांड की महाशक्तियां हैं। जिनके बल पर समूचा ब्रह्मांड संचालित होता है। अब मंगल ग्रह को लेकर सामने आ रही खबर चौकाने वाली है। एमआईटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि डार्क मैटर छोटे प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना हो सकता है और जब ये ब्लैक होल सौर मंडल से होकर गुजरेंगे तो मंगल की कक्षा थोड़ी डगमगा सकती है। इससे यह पता चलता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल डार्क मैटर का एक प्रमुख स्रोत हैं, जो ग्रहों मे उतार चढ़ाव पैदा कर सकते हैं। 17 सितंबर को मंगल ग्रह के उतार चढ़ाव पर यह शोध हुआ है। जिसमें कहा गया है कि अब लाल ग्रह मंगल की कक्षा में होने वाले परिवर्तनों पर नज़र रखनी होगी। यह गुजरते हुए डार्क मैटर का पता लगाने का एक तरीका हो सकता है।



डार्कमैटर के ब्लैकहोल की काल्पनिक तस्वीर।

ब्रह्मांड में अधिकांश डार्क मैटर सूक्ष्म प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना है। यह विचार पहली बार 1970 के दशक मे आया था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यदि डार्क मैटर का ब्लैकहोल मंगल की साइड से गुजरेगा तो मंगल की कक्षा में एक हद तक डगमगाहट ला सकता है। इस जानकारी से स्पष्ट हो जाएगा कि वर्तमान तकनीक वास्तव में डार्क मैटर का पता लगा सकती है। इस तरह की खोज से इस विचार को समर्थन मिल सकता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल पूरे ब्रह्मांड में डार्क मैटर का प्राथमिक स्रोत हैं। नया शोध खगोलविद डेविड कैसर एमआईटी के नेतृत्व मे हुआ है।

### ब्रह्मांड का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान

**नैनीताल :** ब्रह्मांड में भौतिक पदार्थों का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान है। जिनमें तारों और ग्रहों से लेकर नजर आने वाली अन्य वस्तुएं शामिल हैं। बाकी हिस्सा डार्क मैटर से बना है, जो अदृश्य है। अदृष्य भाग ब्रह्मांड के असल ताकत है, जो तारों और आकाशगंगाओं की गति को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण बल लगाता है। इस अदृष्य शक्ति का पता लगाने के लिए खगोलविद लंबे समय से जूझ रहे हैं।